हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित





Page 11 खेल

लगातार तीसरा स्वर्ण जीतने पर टिकीं मीराबाई चानू की निगाहें, 48 किलो वर्ग...

Page 09 देश

कभी कश्मीर का इंटरनेशनलाइजेशन नहीं किया और न ही ट्रंप से राज्य का दर्जा मांगा





शुक्ल पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • गुरुवार • 23 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 231 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,34,300 | ₹ 2,40,000 |

## आज का इतिहास

**1972 :** संयुक्त राज्य अमेरिका ने लैंडसैट 1, पहला पृथ्वी-संसाधन उपग्रह लॉन्च किया था

**2005 :** मिस्र के शर्म अल शेख के नामा खाड़ी क्षेत्र में तीन बम विस्फोट हुए, जिसमें 88 लोग मारे गए थे।

## शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू

**पटना (नि.सं.)।** सरकारी विद्यालयों में अब शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को ड्यूटी के दौरान औपचारिक वेशभूषा (फार्मल ड्रेस) में ही उपस्थित होना होगा। विद्यालयों की गरिमा, अनुशासन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने यह व्यवस्था लागू की है।

मुख्यमंत्री ने की बिहार विधानसभा में विपक्ष द्वारा उठाए गए सूखे के मुद्दे पर घोषणा

# सुखाड़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को मिलेगा डीजल अनुदान : मुख्यमंत्री

- डीएम से मांगी रिपोर्ट
- सुबह 6 से शाम 6 बजे तक मिलेगी सिंचाई के लिए बिजली

निज संवाददाता | पटना



बिहार में कम बारिश और संभावित सूखे की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किसानों को बड़ी राहत देने की घोषणा की है। बुधवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही जिन क्षेत्रों में सुखाड़ जैसी स्थिति होगी, वहां किसानों को तत्काल डीजल अनुदान भी दिया जाएगा। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। सदस्यों ने कहा कि बारिश की कमी के कारण सिंचाई की आवश्यकता बढ़ गई है, लेकिन अनियमित बिजली आपूर्ति से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और फसलों को नुकसान का खतरा बना हुआ है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सदन में कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि खेतों तक सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसान बिना किसी बाधा के अपनी फसलों की सिंचाई कर सकें।

इस दौरान राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने राज्य में संभावित सूखे का मुद्दा उठाते हुए सरकार से वक्तव्य की मांग की। उन्होंने कहा कि कम बारिश के कारण किसान और आम लोग प्रभावित हो रहे हैं तथा सरकार को इस संबंध में स्पष्ट नीति बतानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों से वर्षा और सिंचाई की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर जहां भी सुखाड़ की स्थिति पाई जाएगी, वहां किसानों को तत्काल डीजल अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने की अनुमंडलीय अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस सेवा की शुरु



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना सिटी स्थित गुरु गोविंद सिंह अस्पताल (जिला अस्पताल) के नवनिर्मित भवन एवं जिला औषधि भंडार गृह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर मरीजों और चिकित्सकों से बातचीत की तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला अस्पतालों में सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि मरीजों को इलाज के लिए अन्य स्थानों पर रेफर न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर का भी जायजा लिया और चिकित्सकों से कहा कि अस्पताल को हड्डी रोग उपचार का उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाए, जिससे मरीजों को सभी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में 105 नए आईसीयू बेड, 70 इंटरमीडिएट केयर यूनिट (आईएमसीयू) बेड तथा 24×7 आपातकालीन सेवाओं का भी लोकार्पण किया। साथ ही सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत 11 हब लैब और उनसे संबद्ध 221 स्पोक लैब का शुभारंभ किया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया

# 99.6% ब्रॉड गेज लाइनें हुईं इलेक्ट्रिक रेलवे ने हासिल की नई वैश्विक पहचान

एजेंसी | नई दिल्ली



भारत ने रेलवे के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकृत रेलवे नेटवर्क वाला देश बनने का गौरव प्राप्त किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज नेटवर्क का 99.6 प्रतिशत हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस मामले में भारत केवल स्विट्जरलैंड (100 प्रतिशत) से मामूली अंतर से पीछे है, लेकिन स्विट्जरलैंड का रेलवे नेटवर्क भारत की तुलना में काफी छोटा है। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे विद्युतीकरण के मामले में भारत चीन (82 प्रतिशत), स्पेन (67 प्रतिशत), जापान (64 प्रतिशत), फ्रांस (60 प्रतिशत) और यूनाइटेड किंगडम (39 प्रतिशत) जैसे देशों से आगे निकल चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे ने दुनिया के सबसे तेज रेलवे विद्युतीकरण अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक पूरा किया है। जहां अधिकांश देश केवल व्यस्त रेल मार्गों का विद्युतीकरण करते हैं, वहीं भारत ने पूरे ब्रॉड गेज नेटवर्क को विद्युतीकृत करने का लक्ष्य अपनाया।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्ष 2014 से 2026 के बीच मिशन मोड में 48,072 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया, जबकि इससे पहले लगभग 60 वर्षों में केवल 21,801 किलोमीटर रेल लाइन का ही विद्युतीकरण हो पाया था। उन्होंने कहा कि रेलवे के विद्युतीकरण से डीजल पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2015-16 में रेलवे ट्रैक्शन के लिए 293 करोड़ लीटर डीजल की खपत होती थी, जो 2024-25 में घटकर लगभग 108 करोड़ लीटर रह गई। इससे करीब 185 करोड़ लीटर डीजल की बचत हुई है और विदेशी मुद्रा की भी बड़ी बचत हुई है।

रेल मंत्री ने बताया कि भारतीय रेलवे ने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 1,260 मेगावाट से अधिक सौर और पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की है। उन्होंने कहा कि रेल परिवहन से सड़क परिवहन की तुलना में लगभग 89 प्रतिशत कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग पूर्ण विद्युतीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते उपयोग और रणनीतिक विद्युत खरीद नीति के माध्यम से भारतीय रेलवे सतत, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे देश के कार्बन उत्सर्जन में कमी आने के साथ ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी।

## पटना में बवाल, छात्रों का प्रदर्शन उग्र, पुलिस से झड़प, सुरक्षा कड़ी

**पटना (नि.सं.)।** नीट पेपर लीक मामले और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को राजधानी पटना में छात्रों का प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने लगे, जिसके बाद पुलिस ने कई स्थानों पर उन्हें रोकने का प्रयास किया। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और लाठीचार्ज भी किया। इस दौरान कई जगह छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई। प्रदर्शन को देखते हुए डाकबंगला चौराहा, विधानसभा परिसर और अन्य संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। एसएसबी, सीआरपीएफ और बीएसएफ के जवानों की तैनाती की गई, जबकि विधानमंडल का मुख्य द्वार भी एहतियातन बंद कर दिया गया। भाजपा कार्यालय के बाहर भी अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए।




बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



संक्षिप्त समाचार

### अरवल सिविल सर्जन के साथ मारपीट मामले को लेकर स्वास्थ्य सेवा संघ ने किया ओपीडी ठप

**नारदीगंज (नवादा)**। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर सिविल सर्जन, अरवल के साथ हुई हिंसा के विरोध में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारदीगंज में ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया गया। इस दौरान अस्पताल का रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद रहा, जिसके कारण बड़ी संख्या में आने वाले मरीजों का पंजीकरण नहीं हो सका। ओपीडी सेवा बंद रहने से इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई मरीज बिना उपचार के वापस लौटने को मजबूर हुए। अस्पताल परिसर में आकस्मिक (इमरजेंसी) सेवा सीमित रूप से संचालित रही, जबकि सामान्य ओपीडी वार्ड लगभग खाली दिखाई दिया। केवल आपातकालीन मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के निर्देशानुसार चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। संघ का कहना है कि स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बढ़ती हिंसा गंभीर चिंता का विषय है और सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। बहिष्कार के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में पूरे दिन सामान्य ओपीडी सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे आम मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सहायक अवर निरीक्षक (प्रचालक) पद की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न

**नवादा** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अवर निरीक्षक (प्रचालक) के पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा आज दिनांक 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को नवादा जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी गई तथा आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया गया। परीक्षा में जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 9,731 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित हुई, जिनमें से 4,421 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 5,310 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान 01 परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया तथा उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई।

### साइकिलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बना अनुराग



**नारदीगंज (नवादा)**। इंटर विद्यालय नारदीगंज के छात्र अनुराग कुमार ने साइकिलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बनने का गौरव प्राप्त की। इस उपलब्धि हासिल करने स्वजन व शुभचिंतकों का जहां मान सम्मान को बढ़ाया है। वहीं जिले व प्रखण्ड के अलावा इंटर विद्यालय नारदीगंज का नाम रोशन किया है। इस बाबत शारीरिक शिक्षिका सिमरन सिंहा ने बताया कि विद्यालय के दशम वर्ग के छात्र है और नारदीगंज प्रखंड के आषाढ़ी निवासी विकास कुमार के पुत्र अनुराग कुमार है। कहा गया अनुराग ने साइक्लिंग में स्वर्ण पदक जीतकर नवादा का नाम रौशन किया है। बताते चले कि छपरा में आयोजित 18 वीं राज्य सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप के यूथ बालक वर्ग 10 किलोमीटर मास स्टार्ट में अनुराग ने स्वर्ण पदक जीता। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत गुट्टू शारीरिक शिक्षिका सिमरन सिन्हा एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक गण ने अनुराग के इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं बुके माला देकर सम्मानित किया। खेल शिक्षिका ने बताया कि पूर्व में भी अनुराग का मशाल प्रतिभा खोज में साइक्लिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। कहा गया मशाल के प्रेरणा छात्रवृत्ति में भी अनुराग का नाम आया है। जिसके फलस्वरूप 24 जुलाई को पटना के ऊर्जा भवन आडिटोरियम में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाना है।

### रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में डायलिसिस केंद्र का शुभारंभ, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत



**रजौली**। नगर पंचायत मुख्यालय स्थित 75 शैय्या अनुमंडलीय अस्पताल में अत्याधुनिक डायलिसिस केंद्र का उद्घाटन मुख्य पार्षद मानती देवी एवं सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। केंद्र के शुरू होने से रजौली अनुमंडल सहित आसपास के सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के किडनी रोगियों को अब डायलिसिस के लिए गया, नवादा या अन्य बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत पात्र मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए डॉक्टर की सलाह के साथ आधार कार्ड एवं राशन कार्ड प्रस्तुत करना होगा। वर्तमान में केंद्र में तीन डायलिसिस बेड की व्यवस्था की गई है, जहां सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मरीजों का इलाज किया जाएगा। अस्पताल में डॉ. संतोष कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है, जबकि किडनी विशेषज्ञ डॉ. कुणाल प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को ओपीडी में मरीजों का परामर्श देंगे। केंद्र में शुद्ध पानी की उपलब्धता के लिए अत्याधुनिक आरओ प्लांट लगाया गया है तथा प्रशिक्षित तकनीशियन और जीएनएम की तैनाती की गई है। उद्घाटन समारोह में प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. श्यामनंदन प्रसाद, डॉ. सूरज कुमार, डायलिसिस मैनेजर अभिषेक कुमार राय, प्रभारी कृष्ण सैनी सहित कई चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई : जिला पदाधिकारी

## एनएच-20 पर अवैध पार्किंग, अतिक्रमण एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलेगा विशेष अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-20 (एनएच-20) पर अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सर्विस रोड पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सीमांकन कर संबंधित थाना, अंचलाधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस बल की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही दुर्घटना संभावित स्थलों एवं सर्विस रोड के समीप आवश्यकता के अनुसार स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि एनएच-20 एवं राज्य पथ (एसएच) के किनारे स्थित सभी पात्र अस्पतालों को प्रधानमंत्री राहत योजना से जोड़ा जाए, ताकि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को आपातकालीन स्थिति में 1.50 लाख तक का निःशुल्क उपचार समय पर उपलब्ध कराया जा सके। विद्यालय वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी स्कूल वाहनों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय वाहन में स्पीड गवर्नर, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (VLTD), पैनिक बटन, जीपीएस एवं रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। 14 सीटर से अधिक क्षमता वाले सभी विद्यालय वाहनों में सीसीटीवी कैमरा तथा प्रशिक्षित परिचारक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन नहीं किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी विद्यालय वाहनों के वैध कागजात, विद्यालय से अनुबंध संबंधी दस्तावेज, चालक के पास वैध भारी मोटर वाहन ड्राइविंग लाइसेंस एवं न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों एवं वाहन संचालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि मई से जुलाई 2026 के बीच मोटर वाहन नियमों के उल्लंघन के मामलों में 42 विद्यालयों एवं 62 विद्यालय वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिला पदाधिकारी ने पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को संयुक्त रूप से हिसुआ चौक का निरीक्षण कर सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग करने वाले बसों एवं भारी वाहनों के विरुद्ध चालान एवं दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही हिसुआ के नवनिर्मित बस स्टैंड से बसों का परिचालन शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी श्री रंजीत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) श्री अभिषेक कुमार, अवर जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई), कार्यपालक अभियंता (ग्रामीण कार्य विभाग) तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति (जीविका) की बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में नवादा जिले में संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति (जीविका) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के संचालन, छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, शैक्षणिक गतिविधियों तथा जीविका के माध्यम से संचालित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों में आवासित छात्र-छात्राओं को निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा मेनू का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) द्वारा जानकारी दी गई कि जीविका के माध्यम से विद्यालयों में निर्धारित मेनू के अनुरूप छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्थानीय संस्कृति एवं खान-पान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाश्ते एवं भोजन में समय-समय पर क्षेत्रीय व्यंजनों को भी शामिल किया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को पौष्टिक एवं विविधतापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके। बैठक में विद्यालय एवं छात्रावासों की आधारभूत सुविधाओं, परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, विद्युत व्यवस्था, छात्रावास के रख-रखाव, सुरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन तथा शैक्षणिक वातावरण की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हों तथा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित एवं बेहतर आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) को निर्देशित किया कि वे समय-समय पर विद्यालयों का संयुक्त निरीक्षण कर जीविका के माध्यम से संचालित व्यवस्थाओं, भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाओं का नियमित अनुश्रवण करें तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), विद्यालय प्रबंधक, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अनुश्रवण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## काराकाट प्रखंड के निरीक्षण में सख्त दिखे डीएम

### लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश, दो दिन में म्यूटेशन-परिमार्जन निपटाने की चेतावनी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने बुधवार को काराकाट प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रखंड परिसर में संचालित विभिन्न विभागों का जायजा लिया, फरियादियों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत काराकाट की 34 योजनाओं के टेंडर के बाद भी कार्य लंबित रहने का मामला भी सामने आया। वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी के विरुद्ध शिकायत करते हुए बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद योजनाएं आधार स्तर पर अटकी हुई हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक अभियंता से सभी लंबित मामलों की फाइल तत्काल अपने समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। प्रमुख प्रतिनिधि नारायण पासवान ने प्रखंड कार्यालय तक पहुंचने वाले जर्जर मार्ग की समस्या भी डीएम के समक्ष रखी। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी से जानकारी ली। बताया गया कि सड़क का टेंडर हो चुका है, जिस पर डीएम ने शीघ्र निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई। मीडिया से बातचीत में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सरकारी योजनाओं सहित सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करें। उन्होंने विशेष रूप से अंचल कार्यालय में लंबित म्यूटेशन एवं परिमार्जन मामलों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मचारियों को दो दिनों के भीतर अधिकतम लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि दो दिन बाद शनिवार को जिला स्तर पर समीक्षा बैठक कर यह देखा जाएगा कि लंबित मामलों के निष्पादन में कितनी प्रगति हुई है। समीक्षा के आधार पर आगे की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान राशन कार्ड, पीएम सूर्य योजना, अभियान बसेरा सहित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने प्रतिवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीसीएलआर संतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार, अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार, राजस्व पदाधिकारी ध्रुव कुमार, बीपीआरओ रेणुका कुमारी, एमओ राहुल कुमार, सीडीपीओ रीता कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार पटेल, जिला मुखियासंघ अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अरवल के सिविल सर्जन पर हमले के विरोध में अनुमंडल अस्पताल रजौली में ठप रहीं ओपीडी सेवाएं, मरीज हुए परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। बिहार के अरवल के सिविल सर्जन डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद के साथ गत 17 जुलाई को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई मारपीट और हिंसा की घटना के विरोध तथा चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग को लेकर बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी सेवाएं सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक पूरी तरह बाधित रहीं। जिससे अस्पताल परिसर में सन्नाटा पसरा रहा और दूर-दराज से इलाज कराने पहुंचे दर्जनों मरीज बिना इलाज कराए ही मायूस होकर वापस लौटने को मजबूर हो गए, हालांकि इस दौरान अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार, चिकित्सक डॉ. गुलाम अनीष, डॉक्टर परितोष, डॉ. निवेदिता नंदनी, डॉ. सूरज कुमार, डॉक्टर श्यामनंदन प्रसाद तथा डीएनएम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर तैनात तो रहे परंतु संघ के निर्देशानुसार उन्होंने ओपीडी के मरीजों का इलाज नहीं किया और अस्पताल में लगे पोस्टरों व नोटिस के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि चिकित्सकों पर हुए हमले के खिलाफ और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों पर त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर यह बहिष्कार किया गया है,



चिकित्सक चैंबर ड्यूटी पर तैनात प्रभारी डीएस व चिकित्सक

♦ बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर चिकित्सकों ने किया एक दिवसीय कार्य बहिष्कार,आपातकालीन सेवाएं रहीं सुचारू रूप से चालू


वहीं अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्यव्यापी इस विरोध प्रदर्शन के तहत ओपीडी कार्य पूरी तरह ठप रखा गया है, ताकि प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा पर पूर्ण रोक लगाई जाए, हालांकि आम जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल की आपातकालीन सेवा को पूरी तरह सुचारू रूप से चालू रखा गया है ताकि किसी भी गंभीर मरीज को असुविधा न हो और उसका समय पर उचित उपचार किया जा सके।

## रजौली के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के दिन बहुरेंगे फुलवरिया डैम व ऋषि स्थलों को पर्यटन से जोड़ने के लिए हुआ सर्वे

♦ पंचायती राज,पर्यटन और कला-सं संस्कृति विभाग की संयुक्त पहल से राजगीर और ककोलाट की तर्ज पर विकसित होंगे फुलवरिया डैम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया जलाशय डैम तथा लोमंच ऋषि व याज्ञवल्क्य ऋषि से जुड़े पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के मानचित्र पर भव्य और सशक्त रूप से उभारने की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर कवायद की जा रही है, जिसके तहत बुधवार को पंचायती राज विभाग, पर्यटन विभाग तथा कला एवं संस्कृति विभाग की संयुक्त टीमों ने क्षेत्र का विस्तृत और गहन सर्वेक्षण किया है। इस महत्वकांक्षी परियोजना के अंतर्गत ग्लोबल मीडिया टीम और मंत्रालय से पहुंचे बिपिन कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने अत्याधुनिक ड्रोन कैमरे की मदद से संपूर्ण क्षेत्र की मनमोहक तस्वीरें और वीडियो फुटेज रिकॉर्ड किए तथा विभिन्न स्थलों का बारीकी से निरीक्षण कर सड़क संपर्क, प्राकृतिक सौंदर्य और आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का गहन आकलन किया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रजौली, हरीमोहन कुमार के द्वारा बताया गया कि विभागीय रूपरेखा के अनुसार इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य फुलवरिया जलाशय डैम, लोमंच ऋषि एवं याज्ञवल्क्य ऋषि स्थलों को राजगीर और ककोलाट की तर्ज पर विकसित करना है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और क्षेत्र में पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिले।निरीक्षण अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर इन स्थलों के गौरवशाली इतिहास की जानकारी प्राप्त की, जिसमें पूर्व मुखिया विनय सिंह और समाजसेवी मुन्ना सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस विकासात्मक पहल का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि इस योजना के धरातल पर उतरने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा और फुलवरिया जलाशय डैम तथा ऋषि स्थलों की ख्याति वैश्विक पटल पर और अधिक मजबूत होगी।



ड्रोन कैमरा से फुटेज कलेक्टर करते

## राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में नवादा का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादाः** राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से नवादा जिले का गौरव बढ़ाने वाली सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा के द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि यह हैंडबॉल प्रतियोगिता बिहार के सासाराम में आयोजित किया गया था। इससे बिहार के लगभग तीस टीमों ने हिस्सा लिया था। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बिहार के सभी जिला से आए हुए खिलाड़ियों को हराकर नवादा जिला की ओर से खेल रहे मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा की प्रतिभावान खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर पटना जिला रहा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। खिलाड़ियों को सम्मानित करने के क्रम में नवादा हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष। एवं मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के निदेशक, डॉ अनुज सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करता है। इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम पूरे राज्य में गौरवान्वित किया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।उन्होंने बताया कि कप्तान वैष्णवी के नेतृत्व में अवनी वत्स, रागिनी ,रिया राज, अदिति, मुस्कान ,देविका, आकांक्षा, रूही नयन ,सलोनी ,काजल और सपना सभी खिलाड़ी मॉडर्न इंगलिश स्कूल के छात्र हैं। हैंडबॉल के क्षेत्र में पूरे बिहार राज्य में मॉडर्न के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से नवादा का परचम लहराया है। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण एवं खेल भावना की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओ एवं विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों एवं कोच नीतीश कुमार को पुनः बधाई देते हुए निरंतर सफलता की शुभकामनाएँ दीं।

♦ बिहार के सासाराम में आयोजित बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन मे चिर प्रतिद्वंद्वी पटना जिला को हराकर नवादा जिला बना विजेता

## जिलाधिकारी पहुंचे राजपुर, विभागीय कार्यों का किया समीक्षा

### चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्र के रास्ते को कीचड मुक्त बनाने का जिलाधिकारी के समक्ष रखा मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**– बिहार सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जनहित कार्य को तेज गति से निष्पादित करने के लिए जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने बुधवार को राजपुर प्रखंड कार्यालय पहुंच पदाधिकारियों के कार्यों का समीक्षा किया. जानकारी देते हुए बीडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्र का विकास एवं जनहीत के कार्य को प्राथमिकता दिया जा रहा है.जिसके लिए जिलाधिकारी सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कार्य की समीक्षा स्थानीय स्तर पर पहुंच कर रहे हैं.जिस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया.उनके विभाग अन्तर्गत हुए विकास कार्य की अद्यतन स्थिति एवं जनहीत के पेंडिंग कार्यों का रिव्यू किया गया. इस दौरान प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सुमित कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की पहुंच पथ पर लगभग पांच सौ मीटर दुरी रास्ते पर सालो दिन कीचड व जल जमाव बना हुआ है.जिससे एम्बुलेंस समेत सभी को आने जाने में परेशानी हो रही है.उन्होंने जिलाधिकारी के समक्ष स्वास्थ्य केंद्र के जमीन का मापी कर चाहरदीवारी किये जाने की मांग रखा.

इस दौरान जिलाधिकारी ने विधुत विभाग की समस्याओं,उसके विकास एवं सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट सूर्य घर योजना पर कार्य की अद्यतन स्थिति एवं गति की जानकारी ली.प्रधान मंत्री आवास योजना की डिमांड एवं उसके कार्य प्रगति,लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन के तहत संचालित साफ-सफाई, शौचालय आदी का निर्माण , पीएचडी के माध्यम से संचालित हो रहे हर घर नल जल योजना की अद्यतन स्थिति, अंचल कार्यालय अन्तर्गत रैयतों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन की कारवाई आदी सभी विभागीय कार्य का समीक्षा किया. मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार प्रसाद,सीडीपीओ प्रतिक्षा दुबे,आरओ प्रणवेश राज, आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार, बीएओ अखिलेश कुमार, एलईओ खुशबू कुमारी,एलएसबीए बीसी राकेश कुमार,पंचायती राज पदाधिकारी श्वेता कुमारी,मनरेगा पीओ प्रमोद कुमार, विद्युत जेई शनि कुमार गुप्ता, विकास मित्र प्रखंड समन्वयक विश्वकर्मा प्रसाद समेत कई अन्य मौजूद रहे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में दो ट्रकों की टक्कर, ड्राइवर की मौत, मुजफ्फरपुर से बिस्किट लोड कर जा रहा था रांची, झपकी आने से हादसा

**नालन्दा**। नालंदा में बुधवार की सुबह बिस्किट लदे ट्रक की टक्कर सड़क किनारे क्षतिग्रस्त ट्रक से हो गई। हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक नवादा के रजौली थाना खजूरी विगहा निवासी रामेश्वर प्रसाद यादव का बेटा विपिन कुमार (28) है। मृतक के भाई सुमंत कुमार ने बताया कि उनका भाई विपिन कुमार ट्रक पर बिस्किट लादकर मुजफ्फरपुर से रांची जा रहा था। इसी दौरान दीपनगर थाना क्षेत्र के कासिमचक के पास अचानक झपकी आने के कारण उसका नियंत्रण ट्रक से छूट गया और वाहन सड़क किनारे पहले से दुर्घटनाग्रस्त खड़े एक अन्य ट्रक से जा टकराया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल चालक को तुरंत इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन (एनएच-20) पर दीपनगर थाना क्षेत्र के कासिमचक गांव के पास की है। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर (मॉडल) अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, दुर्घटनाग्रस्त दोनों ट्रकों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू रूप से चालू कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### अवैध मिनी गन फैक्ट्री, आरोपी अरेस्ट, बंदूक सहित देसी कट्टा जब्त, हथियार बनाने के औजार बरामद

**गया**। गयाजी पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने वजीरगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार का निर्माण कर रहे एक मुख्य कारीगर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी स्थानीय निवासी मनोज मिस्त्री है। पुलिस ने मौके से निर्मित, अर्धनिर्मित हथियार समेत हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की एक लंबी सूची बरामद की है। सिटी एसपी अभिनव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एसटीएफ की ओर से वजीरगंज थाना क्षेत्र में अवैध मिनी गन फैक्ट्री के संचालन को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व वजीरगंज एसडीपीओ ने किया, जिसमें वजीरगंज थानाध्यक्ष और एसटीएफ के जवान शामिल थे। टीम ने पूरी योजनाबद्ध तरीके से चिह्नित ठिकाने पर दबिश दी और मिनी गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। पुलिस ने देसी एकनाली बंदूकः 2 पीस, मस्केट बंदूकः 1 पीस, देसी कट्टाः 2 पीस, अर्धनिर्मित देसी कट्टाः 1 पीस, जिंदा कारतूस 10 पीस और हथियार बनाने के भारी मात्रा में कल-पुर्जे व औजार जब्त किए हैं। सिटी एसपी ने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज मिस्त्री लंबे समय से इस अवैध कारोबार में संलिप्त था। पुलिस उससे सघन पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह इन निर्मित हथियारों की सप्लाई किन-किन आपराधिक गिरोहों को करता था और इसके लिए कच्चा माल कहां से मंगवाया जाता था। पुलिस इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। सिटी एसपी अभिनव कुमार ने कहा कि गया पुलिस जिले में अवैध हथियारों के निर्माण, बिक्री और तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। हाल के दिनों में टेकारी, नगर अनुमंडल और डेल्हा थाना क्षेत्रों में भी पुलिस को हथियार बरामदगी में सफलता मिली है। एसटीएफ के साथ बेहतर समन्वय बनाकर आगे भी इसी तरह छापेमारी जारी रहेगी।

### अस्पताल में डीएम के सामने रो पड़ा गार्ड, कहा- पिछले छह महीने से सैलरी नहीं मिली है

**गयाजी**। गयाजी के प्रभावती अस्पताल में पैथोलैब के उद्घाटन के दौरान डीएम शशांक शुभंकर को देख कर एक सुरक्षाकर्मी रो पड़ा। लायंस कंपनी की ओर से अस्पताल में सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड ने डीएम को अपनी समस्याएं बताईं। शिकायत की कि उसे पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिला है। सुरक्षाकर्मी की शिकायत के बाद डीएम ने तत्काल एक्शन लेते हुए प्रभावती अस्पताल के सुपरिटेंडेंट को फटकार लगाई और वेतन भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। डीएम ने अस्पताल के सुपरिटेंडेंट से तत्काल इसका समाधान निकालने के निर्देश दिए। हालांकि, बताया गया कि ये सैलरी पेंडिंग का मामला सुरक्षागार्ड को नियुक्त करने वाली कंपनी और अस्पताल के बीच जरूरी कागजातों को लेकर फंसा है। पैथोलैब के उद्घाटन के दौरान डीएम शशांक शुभंकर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की भी जायजा लिया।




**मरीज के परिजन ने भी की शिकायत, कहा- अल्ट्रासाउंड के लिए बाहर भेजा जाता है:** अस्पताल के निरीक्षण के दौरान एक मरीज के परिजन ने भी डीएम शुभंकर से शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पूरी सुविधा होने के बावजूद अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को बाहर भेजा जा रहा है। इस बात पर डीएम का गुस्सा और बढ़ गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सवाल किया कि जब अस्पताल में अल्ट्रासाउंड उपलब्ध है, तो मरीजों को बाहर क्यों भेजा जा रहा है। उन्होंने व्यवस्था में तुरंत सुधार करने और मरीजों को अंदर ही सुविधा देने का सख्त निर्देश दिया।

कार्यक्रम में अस्पताल के डॉक्टरों, डीपीएम और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गया के मेयर गणेश पासवान और जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी भी मौजूद थीं। जनप्रतिनिधियों ने भी अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को जरूरी सुधार करने की नसीहत दी।

### नालंदा में करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत, काम करते समय हादसा, दीवार पर छैनी चला रहा था



**नालन्दा**। नालन्दा के लहेरी थाना क्षेत्र के मंगला स्थान के पास निर्माण काम के दौरान करंट लगने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी गुलाब पासवान के बेटे (45) बलविंदर पासवान के रूप में हुई है। घटना के समय वह एक मकान में काम कर रहा था, तभी दीवार पर छैनी चलाने के दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। हादसे के संबंध में मृतक के साला विक्रम ने बताया कि बलविंदर पासवान मंगला स्थान के पास एक मकान में राजमिस्त्री का काम कर रहे थे। काम के दौरान जैसे ही उसने दीवार पर छैनी चलाई, वहां से गुजर रहे करंट के संपर्क में आने से उसे जोरदार झटका लगा। हादसे के तुरंत बाद मकान मालिक ने अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। जबकि, उन्होंने मकान मालिक से बिजली को काट देने का अनुरोध भी किया था। घटना के वक्त बलविंदर के साथ दो अन्य मिस्त्री भी काम कर रहे थे। गनीमत रही कि वे दोनों इस हादसे में बाल-बाल बच गए। मृतक बलविंदर के दो बेटे और दो बेटियां हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बिहारशरीफ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# विधायक के बेटे से 7.5 करोड़ की मांगी थी लेवी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। झारखंड के चतरा में मंगलवार को एसपी अनिमेष नैथानी के आवास के बाहर हुई गोलीबारी और मौत के मामले में नया एंगल सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, बेलागंज विधायक मनोरमा देवी के छोटे बेटे राकेश रंजन उर्फ रॉकी यादव को नक्सलियों की ओर से लेवी की चिट्ठी भेजी गई थी। इसी मामले में रॉकी के बड़े भाई विनीत यादव उर्फ जैकी यादव अपने दो प्राइवेट गार्ड और एक सरकारी सुरक्षाकर्मी के साथ चतरा एसपी से मुलाकात करने गए थे। जब जैकी यादव एसपी आवास में थे, इसी दौरान बाहर खैनी की मांग को लेकर उनके दोनों प्राइवेट गार्ड के बीच बहस हो गई। इसी दौरान कार में मौजूद यूपी के अलीगढ़ निवासी गार्ड बलवीर सिंह ने राइफल से गोली मारकर बक्सर निवासी अपने साथी गार्ड अतुल सिंह की हत्या कर दी। बलवीर की जेब से मानसिक इलाज का पुर्जा मिला है। मगध रेंज के आईजी विकास वैभव ने बुधवार को बताया कि लेवी मांगने और गार्ड के मर्डर केस की अलग-अलग स्तर पर जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी फैक्ट सामने आएंगे, उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) मध्य जोनल कमेटी के लेटरपैड पर लेवी मांगने की चिट्ठी 19 जुलाई को लिखी गई है। चिट्ठी में रॉकी यादव को संबोधित करते हुए लाल सलाम लिखा गया है। आगे लिखा गया है कि आप चतरा में बायपास रोड का निर्माण करा रहे हैं। लेकिन, आपने अभी तक हमारी पार्टी से मुलाकात करके लेवी संबंधी बात फाइनल कर लेने का कोई प्रयास नहीं किया है। आपके पास फोन भी किया गया था लेकिन आप फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं जबकि, आप भलीभांति जानते हैं कि हमारी पार्टी के कार्य क्षेत्र में होने वाले किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य से पार्टी भी अपनी वित्तीय कोष को मजबूत करने के लिए किसी भी निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत टेंडर राशि की पांच प्रतिशत की दर से लेवी लेती है। आगे लिखा गया है कि आप अविलम्ब हमारी पार्टी की सशस्त्र दस्ता से भेंट करके लेवी संबंधी बात फाइनल कर लें और लेवी का भुगतान भी करें। जब तक आप बात नहीं कर लेते हैं तब तक रोड़ का निर्माण कार्य बंद रखें। ऐसा नहीं करने पर आप पर कठोर से कठोर सैनिक कार्रवाई करने के लिए हमारी पार्टी बाध्य होगी। ऐसी कार्रवाई में जो भी आपकी जान-माल की क्षति होगी उसकी जिम्मेदारी हमारी पार्टी की नहीं बल्कि स्वयं आपकी होगी।

**आईजी विकास वैभव बोले- रॉकी को वॉट्सएप पर धमकी वाला मैसेज भी भेजा था:** आईजी ने बताया कि रॉकी यादव ने 19 जुलाई को जिले के रामपुर थाना में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया है कि उनसे नक्सलियों के नाम पर लेवी मांगी गई। पहले फोन कर रंगदारी की मांग की गई। इसके बाद व्हाट्सएप पर धमकी भरा मैसेज भेजा गया। मैसेज में खुद को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़ा बताते हुए झारखंड के चतरा जिले में चल रहे निर्माण कार्य के बदले लेवी देने की बात कही गई। कितनी लेवी के सवाल के जवाब में कहा कि यह स्पष्ट किया जा रहा है। पुलिस ने इस शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। तकनीकी और अन्य सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई है। धमकी देने वाले नंबर, मैसेज और उससे जुड़े अन्य जरूरी साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि धमकी के पीछे वास्तव में नक्सली संगठन का हाथ है या किसी और ने उनके नाम का इस्तेमाल किया है।



**चतरा में मनोरमा देवी की कंस्ट्रक्शन कंपनी बना रही सड़कः** बताया जा रहा है कि यह मामला चतरा में करीब 150 करोड़ रुपए की लागत से बन रही बाईपास सड़क परियोजना से जुड़ा है। करीब कुल लागत का 20 प्रतिशत लेव मांगी गई है। इस सड़क का निर्माण रमिया कंस्ट्रक्शन करा रही है। यह कंपनी विधायक मनोरमा देवी की बताई जाती है। वर्तमान में कंपनी का संचालन उनके दोनों बेटे राकेश रंजन उर्फ रॉकी यादव और विनीत यादव उर्फ जैकी यादव देख रहे हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को चतरा एसपी कार्यालय के बाहर हुई गोलीबारी भी जांच के केंद्र में है। इस घटना में विनीत यादव के एक निजी बॉडीगार्ड की दूसरे निजी बॉडीगार्ड की गोली से मौत हो गई थी। घटना के समय विधायक के सरकारी अंगरक्षक की मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठे हैं। आईजी विकास वैभव ने कहा कि सरकारी सुरक्षाकर्मी की तैनाती और उसकी मौजूदगी का सत्यापन कराया जा रहा है। यह देखा जा रहा है कि वह अपनी अधिकृत ड्यूटी पर था या किसी अन्य स्थान पर मौजूद था। यदि जांच में यह सामने आता है कि सुरक्षाकर्मी तय तैनाती वाली जगह छोड़ कर कहीं और था तो उसके खिलाफ भी विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में चतरा पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। वहां से रिपोर्ट मिलने के बाद पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की जाएगी। पुलिस दोनों मामलों को गंभीरता से लेकर जांच कर रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जा सके।

### ♦ नक्सली चिट्ठी के खिलाफ चतरा शिकायत करने गए थे जैकी यादव, आईजी बोले- पड़ताल जारी

**'खैनी' मांगने और आपसी रंजिश को लेकर तीखी बहस शुरू हो गईः** जानकारी के अनुसार, चतरा बाइपास निर्माण कार्य से जुड़ी रमिया कंस्ट्रक्शन के मालिक विनीत यादव SP आवास पहुंचे थे। इसी दौरान उनके निजी सुरक्षाकर्मी और जिला बल के जवान के बीच खैनी मांगने और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच पहले हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान जिला बल के जवान ने अपनी राइफल से निजी सुरक्षाकर्मी पर गोली चला दी। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने कुल दो राउंड फायरिंग की। पहली गोली विनीत यादव की फोर्ड एंडेवर की छत से टकराकर निकल गई। जबकि दूसरी गोली सीधे दूसरे गार्ड की आंख में जा लगी। गोली लगने से गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग के बाद आरोपी गार्ड ने भागने की कोशिश की, लेकिन SP आवास की सुरक्षा में तैनात सरकारी जवानों ने दौड़कर उसे पकड़कर हिरासत में ले लिया।

**आरोपी पर 3 केस दर्ज, जेल जा चुका हैः** डीएसपी ने बताया कि आरोपी बलबीर सिंह सीआईएसएफ का सेवानिवृत्त जवान है। सेवानिवृत्ति के बाद वह जैकी यादव के साथ निजी बॉडीगार्ड के रूप में काम कर रहा था। उसके खिलाफ यूपी के तीन अलग-अलग थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक मामले में वह साढ़े तीन वर्ष जेल की सजा काट चुका है, जबकि दो मामलों में जमानत पर बाहर है।

## लॉ स्टूडेंट हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, आरोपी से मिलीभगत-लापरवाही के आरोप में थानाध्यक्ष-चौकीदार सस्पेंड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में लॉ स्टूडेंट दिव्या हत्याकांड में एसएसपी सुशील कुमार ने शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार और चौकीदार देवेंद्र कश्यप को निलंबित कर दिया है। इनपर आरोप है कि अवैध धंधेबाजों को संरक्षण, आरोपियों के साथ मिलीभगत और लापरवाही बरती है। दोनों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। मामले में मुख्य आरोपी राहुल यादव की भी बुधवार को गिरफ्तारी हो गई है। राहुल शादीशुदा व्यक्ति है। जिसने खुद को कुंवारा बताकर दिव्या को प्रेम जाल में फंसाया था। सच्चाई सामने आने पर दिव्या ने शेरघाटी थाने में मामला दर्ज कराया, जिसके बाद आरोपी राहुल को 6 महीने की जेल हुई थी। जेल से छूटने के बाद राहुल ने दिव्या पर केस वापस लेने का दबाव बनाया



था। दिव्या के इनकार करने पर बीते महीने राहुल उसे बहला-फुसलाकर झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज ले गया, जहां उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दिव्या की हत्या कर दी और शव को खदान में फेंक दिया था। हंटरगंज पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि मुख्य आरोपी राहुल यादव फरार हो गया था।

**केंद्रीय मंत्री मृतका के घर पहुंचे थेः** एक की गिरफ्तारी के दो दिन बाद केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मृतका के घर पहुंचे थे। उन्होंने पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली और पुलिस की कार्यशैली पर कड़ा असंतोष जताया। मंत्री ने मौके से ही एसएसपी गयाजी से फोन पर बात कर मुख्य आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी और शेरघाटी पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने एसएसपी से कहा था कि पुलिस ने शुरुआत में ही निष्पक्ष होकर कानूनी कार्रवाई की होती तो शायद दिव्या कुमारी की हत्या नहीं होती। सूत्रों के अनुसार, शेरघाटी थाना प्रभारी और चौकीदार की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। उन पर पीड़ितों की बात न सुनने, उन्हें डांटकर भगाने और इलाके में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप थे।

**SC/ST ACT की धाराएं नहीं जोड़ीः** 20 जुलाई को एसडीपीओ शेरघाटी-1 ने पूनम कुमारी के आवेदन के आधार पर मामले की जांच की। जांच रिपोर्ट में कई तथ्य सामने आए। थानाध्यक्ष मोहन कुमार को यह अच्छी तरह से मालूम था कि पीड़िता अनु० जाति/जनजाति वर्ग से आती है। इसके बावजूद उन्होंने एफआईआर में SC/ST ACT की उचित धाराएं नहीं जोड़ीं, जिससे आरोपी पक्ष को अदालत से जमानत का लाभ मिल गया। ऐसा करने के पीछे आरोपी से सांठगांठ का होना था। चौकीदार देवेंद्र कश्यप ने पीड़िता के आवेदन पर कार्रवाई करने के बजाय उसे डांट-फटकार कर भगा दिया था। जांच में मुख्य आरोपी राहुल कुमार से उसकी सीधी मिलीभगत भी पाई गई। इसके अलावा तथ्यों को छिपाने की भी बात आई।

## जिला प्रशासन अलर्ट, क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत के निर्देश

**डीएम बोले- बारिश से रोड खराब, लोगों की सुरक्षा प्राथमिकता**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में लगातार बारिश और संभावित जलभराव को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने सभी ग्रामीण कार्य विभाग और पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र की सड़कों की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों या कटाव की स्थिति में तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि गया से सटे झारखंड राज्य में लगातार बारिश के कारण फल्गु नदी सहित अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे की सड़कों और पुलों के एप्रोच रोड पर कटाव का खतरा बना रहता है। उन्होंने अभियंताओं को सतर्क रहने, नियमित निरीक्षण करने और किसी भी क्षति पर तुरंत मरम्मत शुरू कर आवागमन बाधित न होने देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को डुमरिया-इमामगंज मुख्य सड़क पर रचकेल पुल के पास एप्रोच सड़क के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है, जहां बारिश के कारण गड्ढा बन गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने पथ निर्माण विभाग, शेरघाटी के कार्यपालक अभियंता को 24 घंटे के भीतर युद्धस्तर पर मरम्मत काम पूरा कर सुरक्षित आवागमन बहाल करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, इमामगंज क्षेत्र में पोखरी से उमन जाने वाली मुख्य सड़क पर भी वर्षा के कारण दो स्थानों पर सड़क कटाव की सूचना है। पहला कटाव पोखरी नदी के पास और दूसरा उमन गांव के पास हुआ है। जिलाधिकारी ने ग्रामीण कार्य विभाग, इमामगंज के कार्यपालक अभियंता को इन दोनों स्थानों पर तत्काल मरम्मत काम शुरू कर 24 घंटे के भीतर सड़क को आवागमन योग्य बनाने का निर्देश दिया है, ताकि स्थानीय लोगों को असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान सड़क सुरक्षा और आमजन की सुविधा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संवेदनशील स्थलों की नियमित निगरानी करें और आवश्यकतानुसार मशीनरी, निर्माण सामग्री व मानवबल की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। किसी भी स्थान पर सड़क धंसने, कटाव होने या यातायात बाधित होने की सूचना मिलने पर बिना विलंब कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी कार्यपालक अभियंता अपने-अपने क्षेत्र में बारिश से प्रभावित सड़कों का नियमित निरीक्षण कर पोजाना स्थिति रिपोर्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यकतानुसार निर्णय लेकर आमजन को सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों अथवा जलभराव वाले मार्गों पर सावधानीपूर्वक आवागमन करें और किसी भी प्रकार की सड़क क्षति की सूचना तत्काल संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दें।

## बिजली की तार की चपेट में आकर युवक की मौत, खेत की ओर जाने के दौरान हुआ हादसा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा के हरनौत में बुधवार दोपहर खेत की ओर जा रहे एक युवक की जर्जर बिजली के तारों की चपेट में आकर मौत हो गई। युवक पोवारी गांव का रहने वाला था। मृतक की पहचान रविंद्र प्रसाद के बेटे 30 साल के धर्मजीत सिन्हा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि खेत की ओर जाने के दौरान धर्मजीत सिन्हा रास्ते में लटक रही बिजली की तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से धर्मजीत घटनास्थल पर ही झुलसकर गिर गया। उधर, खेत में काम कर रहे लोगों ने तत्काल धर्मजीत के परिजन को इसकी जानकारी दी और उसे लेकर कल्याणबीघा रेफरल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया।

**गांव के लोगों ने बिजली विभाग के प्रति जताई नाराजगीः** हादसे के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कई जगहों पर बिजली के तार बहुत पुराने और जर्जर हालत में हैं। इस संबंध में कई बार विभाग से शिकायत भी की गई थी, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही



के कारण तारों की मरम्मत या उन्हें बदलने का कोई प्रयास नहीं किया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जर्जर तारों को नहीं बदला गया, तो वे और भी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपाः** उधर, घटना की सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पेपर लीक-छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी ने बिहारशरीफ में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर विपक्ष और छात्रों की आवाज को बलपूर्वक दबाने, शिक्षा प्रणाली को भ्रष्ट करने और देश में तानाशाही रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया।

**पेपर लीक से अंधकारमय हुआ गरीब छात्रों का भविष्यः** जिलाध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 10 साल से भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। इससे युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। स्थिति यह हो गई है कि जो लोग 40 से 50 लाख रुपये की मोटी रकम दे सकते हैं, केवल उन्हीं के बच्चे प्रवेश परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं। गरीब और मेहनती छात्रों का भविष्य जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने परीक्षा परिणामों में भारी गड़बड़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि एक ही परीक्षा केंद्र से हजारों छात्रों का पास होना और कुछ जगहों पर पूरे केंद्र का परिणाम शून्य आना इस सुनियोजित धांधली का स्पष्ट प्रमाण है।

**जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ बर्बरताः** प्रदर्शन में शामिल अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब छात्र




अपने हक की आवाज बुलंद करते हैं, तो उन्हें सड़कों पर घसीट-घसीट कर पीटा जाता है। वक्ताओं ने 20 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए शांतिपूर्ण छात्र प्रदर्शन का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन ने निर्मम तरीके से आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया। लाठियों में कीलें लगाकर छात्रों को पीटा गया, जिसके कारण 20 से अधिक छात्र अभी आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। महिला छात्राओं के साथ भी पुलिस ने दुर्व्यवहार किया। कांग्रेस नेताओं ने इसे पूर्ण 'तानाशाही' करार दिया और कहा कि सरकार की इस क्रूरता से आम जनता के साथ-साथ खुद सत्ता पक्ष के लोग भी क्षुब्ध हैं।

**एनटीए (NTA) पर गंभीर सवाल और इस्तीफे की मांगः** वक्ताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को पूरी तरह से कटघरे में खड़ा कर दिया। उनका कहना था कि जब से एनटीए जैसी संस्था का गठन हुआ है, प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं में 88% तक की वृद्धि हुई है। शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण और इस भारी भ्रष्टाचार के लिए सीधे तौर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदार ठहराया गया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर धर्मेंद्र प्रधान ने तुरंत इस्तीफा नहीं दिया, तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को भी पद छोड़ना होगा।

जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता, यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। कांग्रेस पार्टी देश के छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है।

दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए प्रदर्शन और लाठी चार्ज के विरोध में बिहार शरीफ में भी छात्रों का जन समूह सड़क पर उतर आया और केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। श्रम कल्याण केंद्र के मैदान से छात्रों का जनसमूह दो हिस्सों में बंट गया। एक जनसमूह भरावपर की तरफ जबकि दूसरा जनसमूह मोगल कुंआ की तरफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ गया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस की भी चाक चौबंद व्यवस्था देखी जा रही है

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे मे एक युवक घायल

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर मझौली गेट के समीप एक बाइक सवार युवक में नीलगाय टकरा गई जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जाती है। घायल युवक की पहचान ग्राम अररुआ थाना करगहर निवासी सतनारायण सेठ का 35 वर्षीय पुत्र राजू सेठ के रूप मे की गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि राजू सेठ बहुत दिनो से करगहर के अकोढ़ी गांव मे रह कर गांव गांव फेरी लगा सोने चांदी का बिक्री करता था, जहां मंगलवार के दिन किसी कार्य से कोचस गया था जहां घर लौटने के दौरान उसराव मझौली गेट के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर सड़क पर दौड़ रही नीलगाय बाइक से जा टकराई जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय लोगों की सहायता से घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर विकास कुमार ने उपचार उपरांत स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए बनारस के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है, परिजनों के अनुसार बनारस के ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों की देखरेख में राजू सेठ की उपचार चल रही है, हालांकि अभी भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### बंटी हत्याकांड के विरोध मे निकाला गया कैंडल मार्च

**कोचस (रोहतास)** बुधवार को बहुचर्चित राघोपुर पटना निवासी बंटी यादव एवं संजय यादव की हत्या के विरोध में स्थानीय महात्मा गांधी चौक से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नसरुदिन राइन के नेतृत्व में कैण्डल मार्च निकाला गया। कैण्डल मार्च चौक से बस डिपो,पुरानी बाजार, छावनी,होते हुए पुनः चौक पर समापन किया गया। कार्यकर्ता हाथ में बैनर पोस्टर लिए न्याय देने का तथा बिहार सरकार के खिलाफ नारा लगा रहे थे। मार्च में राजद नेता राजू यादव, रामप्रवेश कुशवाहा, मुरारी ठाकुर, अरविन्द यादव , बजरंगी यादव, उमाशंकर गुप्ता, भुनेश्वर पहलवान समेत महागठबंधन के अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दो गिरफ्तार

**अकोढीगोला(रोहतास)**जिले के अकोढीगोला थाना क्षेत्र के ग्राम चांदी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग आवेदन दिए जाने पर पुलिस ने क्रॉस FIR दर्ज कर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के चांदी निवासी विजय कुमार सिंह ने लिखित आवेदन देकर बताया कि वे गांव में ही अपने खेत में धान की बिया कबार कर रहे थे। इसी दौरान 3 बाइक और 1 चार पहिया वाहन से आए 6-7 लोग हथियार, ड्रोन और कैमरा के साथ पहुंचे। पहुंचते ही जितेन्द्र कुमार,विपिन बिहारी सिंह डॉन चांदी के रहने वाले और धर्मेन्द्र कुमार वर्मा बौलिया रोड आसाराम के रहने वाले ने मार पीट की। आरोप है कि लोहे के रड से उन हमला किया गया ।ग्रामीणों के बीच-बचाव से जान बची। विजय कुमार का कहना है कि आरोपी उनकी जमीन दबंगई से कब्जा करना चाहते हैं। इसी मामले में अकोढीगोला थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुएकांड में नामजद 2 आरोपियों जितेन्द्र कुमार और धर्मेन्द्र कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। वहीं दूसरी ओर जितेन्द्र कुमार ने भी उसी दिन थाना में आवेदन देकर क्रॉस FIR दर्ज कराई। जितेन्द्र ने बताया कि वह अपना खेत जोत रहा था तभी गांव के विजय सिंह, रमेश सिंह, अशोक सिंह, पंकज कुमार, पप्पू कुमार, रविरंजन कुमार, गोविन्द कुमार, नीतीश कुमार और 3 महिला कुल कुल 11 लोगों ने लाठी-डंडा और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। अकोढी गोला थानाध्यक्ष राकेश गुसाईं ने आज बुधवार के दिन बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पहले पक्ष की FIR में 2 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दोनों मामलों की गहन जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध बिजली चोरी के मामले में छह लोगों पर जुर्माना व प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा /रोहतास।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं राजस्व संरक्षण के उद्देश्य से लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा क्षेत्र में की गई विशेष जांच के दौरान छह लोगों को विभिन्न तरीकों से अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। सभी आरोपितों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत आर्थिक दंड अधिरोपित करते हुए संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान तीन उपभोक्ताओं के परिसरों में मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर मीटर बाईपास के माध्यम से बिजली चोरी करते हुए पाया गया। इस मामले में सुरतापुर निवासी रामाकांत चौधरी पर 26740, राकेश कुमार शर्मा पर 68011 तथा सैसड पुल निवासी अवध बिहारी चौधरी पर 45007 का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, बिना वैध विद्युत कनेक्शन प्राप्त किए सीधे अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने के मामले में सुरतापुर निवासी श्यामू सिंह पर 90948, नीरज सिंह पर 91938 तथा सुनील शर्मा पर 199300 का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध विभाग का विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी न केवल कानूनन दंडनीय अपराध है, बल्कि इससे विभाग को राजस्व की क्षति होती है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन एवं अधिकृत मीटर के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की बिजली चोरी या अनियमितता की जानकारी विभाग को उपलब्ध कराएं।

# पडरिया समेत चार पंचायत मुख्यालय पर आयोजित हुआ सहयोग शिविर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर।** प्रखंड के पडरिया, रोतवा ,राजपुर एवं राजनडिह पंचायत मुख्यालय पर विगत मंगलवार को समाजिक सुरक्षा व जनहीत समस्याओं का समाधान के लिए सहयोग शिविर आयोजित हुआ.जिसका उद्घाटन जिला विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार बीडीओ प्रवीण कुमार,सीओ मनोज कुमार प्रसाद एवं राजपुर पंचायत के मुखिया रंजू देवी आदी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान सरकार द्वारा जनहित में संचालित समाजिक सुरक्षा अन्तर्गत दिये जाने वाले पेंशन स्कीम, राशन कार्ड, जीवन प्रमाणीकरण,किसान सम्मान योजना गैस व बिजली कनेक्शन, आवास ,सड़क,भूमि विवाद,आय जाति निवास, लेबर कार्ड,ईडब्लूएस व गांव समाज से जुड़े जनहीत के मुद्दों का आवेदन जनता से प्राप्त किये गये.

जमीन से जुड़े मसले यथा रैयतों के जमीन म्यूटेशन,परिमार्जन की त्रुटियां, जमाबंदी में ऑन लाइन की गडबड़ियां,छुटा हुआ जमाबंदी,विरासत एवं बटवारा का नामांतरण,संयुक्त सम्पत्तियों का मौखिक बटवारा मामलों की शिकायते सुनी गई. बीडीओ ने बताया कि पड़रिया पंचायत अन्तर्गत शिविर के दौरान पंचायतीराज विभाग में एक,लोहिया स्वच्छ बिहार के लिए 11, आवास योजना के लिए आठ,समाजिक सुरक्षा अन्तर्गत दो, खाद्य आपूर्ति हेतु एक, सांख्यिकी विभाग को दो एवं लोक सेवा अधिकार अन्तर्गत पांच आवेदन प्राप्त हुए हैं.

रोतवा पंचायत अन्तर्गत पंचायतीराज विभाग में एक, शौचालय एलएसबीए को सात,राजस्व विभाग अन्तर्गत दो, आवास योजना के लिए चार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 17, खाद्य आपूर्ति राशन कार्ड के लिए चार, विद्युत विभाग सम्बन्धित तीन,मनरेगा के लिए दो तथा जीविका हेतु एक आवेदन प्राप्त हुए. राजपुर पंचायत अन्तर्गत पंचायतीराज विभाग में तीन, एलएसबीए अन्तर्गत 10, राजस्व विभाग सम्बन्धित 44, आवास योजना के लिए 25, खाद्य आपूर्ति के लिए एक एवं विद्युत विभाग सम्बन्धित दो आवेदन प्राप्त हुए.

राजनडीह पंचायत अन्तर्गत शिविर के दौरान पंचायती राज विभाग में दो, लोहिया स्वच्छ बिहार के लिए 10, राजस्व विभाग सम्बन्धित छः,आवास योजना के लिए पांच एवं सामाजिक सुरक्षा अन्तर्गत एक आवेदन प्राप्त हुए हैं. उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर के दौरान प्राप्त सामाजिक सुरक्षा व जनहीत के सभी आवेदनों को स्पेशल कैटेगरी में सरकार के पोर्टल पर समाधान हेतु अपलोड कर दिया जायेगा.

मौके पर थानाध्यक्ष अंशु माला,प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सुमित कुमार, प्रबन्धक संदीप कुमार, एमओ अभिषेक कुमार,जीरामजी पीओ प्रमोद कुमार, बीएओ अखिलेश कुमार, बीईओ कार्यालय से सतेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी श्वेता कुमारी, एलईओ खुशबु कुमारी, सीडीपीओ कार्यालय एलएस आरती कुमारी,पंचायत सचिव विकास कुमार, अमित कुमार, अंकित कुमार, राजस्व कर्मी शनि कुमार, कुन्दन कुमार, शुभम कुमार, जितेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, सत्य नारायण साह,अंचल अमीन पुटुश कुमार समेत आईटीईएस कर्मी मौजूद रहे.

# आवेदक 15 अगस्त तक राशन कार्ड बनाने की जमा करें आवेदन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर-** बिहार की सम्राट सरकार ने गरीबों को नया राशन कार्ड प्रदान किये जाने का फैसला लिया है.जिसके लिए प्रखंड कार्यालय में पन्द्रह अगस्त तक आवेदन किया जाना है.

जनहीत के इस कार्य को अमली जामा पहनाने के लिए प्रखंड कार्यालय सभागार में संबंधित पंचायतों के सचिव एवं विकास मित्र के साथ मंगलवार को बीडीओ प्रवीण कुमार ने बैठक किया.

जानकारी देते हुए बीडीओ बताया कि सरकार ने जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड दिये जाने का निर्णय लिया है.जिसके लिए सम्बंधित पंचायतों के विकास मित्र को आवेदकों से आवेदन लेने हेतु लगाया गया है.विकास मित्र से प्राप्त आवेदन की भौतिक जांच पंचायत सचिव द्वारा किया जायेगा.जिसके बाद बीडीओ द्वारा खुद उसकी पुनः जांच करते हुए सम्बंधित विभाग को कार्रवाई के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से अनुमंडल कार्यालय भेज दिया जायेगा.

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद आवेदक दलालों से दुर रहेंगे.इस कार्य के लिए सरकारी अथवा गैर सरकारी किसी व्यक्ति को पैसा खर्च करने का प्रयास नहीं करेंगे.योग्य आवेदकों का आवेदन हर हाल में स्वीकृत किया जायेगा. मौके पर पंचायत सचिव अमित कुमार, अंकित कुमार, विकास कुमार, विकास मित्र प्रखंड समन्वयक विश्वकर्मा प्रसाद, नंदू राम,माया देवी समेत सभी विकास मित्र मौजूद रहे.

## बिक्रमगंज के सभागार में बस मालिकों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** अनुमंडल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा दिनांक 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को अपराह्न 04:00 बजे अनुमंडल कार्यालय, बिक्रमगंज के सभागार में बस मालिकों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में बसों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित परिचालन, सड़क सुरक्षा नियमों एवं मोटर वाहन अधिनियम के अनुपालन, निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों के परिवहन पर रोक, वाहनों के आवश्यक कागजातों (फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र एवं चालक लाइसेंस) की अद्यतन स्थिति, यातायात जाम की समस्या के निराकरण तथा यात्रियों के लिए प्रदर्शित किराया सूची, हेल्पलाइन नंबर एवं आपातकालीन सुरक्षा मानकों के अनुपालन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने सभी बस मालिकों/बस संचालकों एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं अभिमत प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है, ताकि अनुमंडल क्षेत्र में सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# काराकाट नगर पंचायत बोर्ड बैठक में श्मशान घाट का प्रस्ताव फिर टला, पीएम आवास में उगाही के आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास।** रोहतास के नगर पंचायत काराकाट में बुधवार को सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीसीटीवी कैमरा लगाने के स्थान का चयन, विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा, तिरंगा लाइट लगाने समेत कई महत्वपूर्ण एजेंडा पर चर्चा हुई। हालांकि बैठक के एजेंडा में शामिल श्मशान घाट तक सड़क एवं नाला निर्माण के प्रस्ताव पर कोई अंतिम स्वीकृति (संपुष्टि) नहीं मिल सकी। इसके चलते यह प्रस्ताव फिलहाल लंबित रह गया। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने बताया कि नगर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। इस समिति में पुलिस, प्रखंड एवं अंचल प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ अन्य सदस्य भी शामिल होंगे, जो कैमरे लगाने के उपयुक्त स्थानों का चयन करेंगे। बैठक के बाद मुन्ना भारती ने कहा कि श्मशान घाट तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव लगातार चौथी बार भी स्वीकृत नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ वार्ड पार्षदों के उदासीन रवैये के कारण इस महत्वपूर्ण योजना की अनदेखी की जा रही है। उनके अनुसार सड़क बनने से गोडारी मुख्य बाजार के विकास को गति मिलेगी तथा बुढ़वा महादेव मंदिर और काली मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी। मुन्ना भारती ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि कई वार्डों में पात्र गरीबों को आवास का लाभ नहीं देकर अन्य लोगों को योजना का लाभ दिया गया। साथ ही आरोप लगाया कि लाभ दिलाने के नाम पर 40 हजार से 50 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की गई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। उनका यह भी आरोप था कि कई मामलों में फोटो एक स्थान का लगाकर आवास निर्माण दूसरे स्थान पर कराया गया है। वहीं वार्ड संख्या-2 के पार्षद संतोष कुमार तिवारी ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सितंबर 2025 में स्वीकृत 34 योजनाओं का अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका, जबकि बरसात का मौसम आ चुका है।

## दोस्त की पार्टी से लौट रहे बीएससी नर्सिंग छात्र की सड़क हादसे में मौत

**रोहतास सासाराम।** रोहतास जिले के धौड़ाढ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुए भीषण सड़क हादसे में बीएससी नर्सिंग के एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देर रात करीब 2 बजे उस समय हुआ, जब तीनों छात्र एक दोस्त के यहां पार्टी से लौट रहे थे। मृतक की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के भद्रशिला गांव निवासी गौरी शंकर प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। वह शेरशाह नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग का छात्र था।

मृतक की बहन आकांक्षा ने बताया कि अभिषेक घर से यह कहकर निकला था कि वह दोस्त की पार्टी में जा रहा है। शाम में उसने फोन कर बताया था कि वह रात में घर नहीं लौट पाएगा। लेकिन देर रात धौड़ाढ थाना पुलिस का फोन आया, जिसमें सड़क दुर्घटना की सूचना दी गई। हादसे में घायल दोनों छात्रों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

GOVT. OF BIHAR
BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2026
for 5-Year full-time Bachelor of Architecture Course
Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/08 Dated 22.07.2026
Important Notice for B. Arch. Course
In continuation to the Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/05 & 2026/06 Dated 29.06.2026, it is to inform all concerned related to UGEAC-2026 (B. Arch.) that the candidates who are qualified and eligible on the basis of the prospectus of Under Graduate Engineering Admission Counselling (UGEAC)-2026 (B. Arch.) and who have duly submitted the online application form in response to Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/05 & 2026/06 Dated 29.06.2026 are included in the counselling programme for seat allotment of 5-Year full-time Bachelor of Architecture Course in Gaya College of Engg., Gaya.
2. The Offline Counselling will be held on **27.07.2026** .
3. Detailed Counselling Programme/ eligibility criteria for counselling / admission/ instructions and other details are available in the prospectus of UGEAC-2026 and the **related Advertisement No.- BCECEB(UGEAC)-2026/07 dated 22.07.2026 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**
Controller of Examination

# बीस सूत्री बैठक में छाया रहा राजपुर बजार की सड़कों पर जल जमाव

## बैठक में कई विभागों के पदाधिकारी रहे अनुपस्थित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता


राजपुर- प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम क्रयान्वयन समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को अध्यक्ष नवनीत राय उर्फ मंगरू राय के अध्यक्षता में हुआ.इस दौरान प्रखंड कार्यालय को प्राप्त नये बीडीओ प्रवीण कुमार रजक को बीस सूत्री अध्यक्ष,भाजपा मण्डल अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि,सांसद प्रतिनिधि समेत सभी सदस्यों ने पुष्प गुच्छ आदी भेंट करके सम्मानित किया.सभी ने बारी बारी से परिचय देते एक दुसरे को सम्मानित किया. बैठक को सम्बोधित करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष ने राजपुर में पीडब्लूडी की सड़क समेत बजार के सभी सड़क पर जल जमाव व कीचड का मुद्द उठाया.बीस सूत्री कार्यालय में लाईट,पंखा आदी सुविधाओं का नहीं रहने का प्रश्न बीडीओ के समक्ष रखा.जिसे अग्रेतर कारवाई हेतु सूचीबद्ध किया गया.बैठक में प्रखंड कार्यालय के कई विभागों के पदाधिकारियों के उपस्थित नहीं रहने पर नराजगी जाहिर किया.

बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू राय ने कहा कि राजपुर चौक पर निर्मित शौचालय को जैसे तैसे चलाया जा रहा है.शौचालय भवन में बने कमरों को दुकानदारों ने अवैधानिक तरीके से दखल कब्जा कर रखा है.सही तरीके से संचालन हेतु जिलाधिकारी स्तर से टेंडर की जरूरत है. अन्य सदस्यों ने अंचल कार्यालय द्वारा क्षेत्र के रैयतों को उनके काम के लिए परेशान किये जाने,महीनों दौड़ाने व आर्थिक करप्शन के लिए मजबूर किये जाने का आरोप लगाते हुए माहौल को गर्मा दिया.अंचलाधिकारी के कोर्ट में जाने के कारण



कोई संतोषजनक जवाब नहीं प्राप्त हुआ.

कृषि कार्यालय में किसानों के हित रक्षार्थ उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी बीएसए मांगी गई.किसानों को खरीफ फसल धान का बीज नहीं प्राप्त होने पर सदस्यों ने चिंता जताई.उर्वरक की कालाबजारी पर लगाम लगाये रखने के लिये प्रशासन द्वारा उठाये गये आवश्यक कारवाई को प्रस्तुत किये जाने की मांग बीडीओ के समक्ष रखा गई.सदस्यों ने प्रखंड के विकास सम्बन्धी कई अन्य मुद्द को उठाया. जिसे कार्यालय कर्मियों ने सूचीबद्ध किया. मौके पर थानाध्यक्ष अंशु माला,आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार, मनरेगा पीओ प्रमोद कुमार एलइओ खुशबु कुमारी,कार्यपालक सहायक अजीत कुमार गुप्ता, पशुपालन कार्यालय से प्रदीप कुमार, स्वास्थ्य विभाग से मनोज कुमार, आंगनबाडी एलएस आरती सिंह, एलएसबीए बीसी राकेश कुमार, बीएओ अखिलेश कुमार टीम आदित्य कुमार, बीस सूत्री सदस्य कुन्दन कुमार सिंह, उदय शर्मा,कृष्णा प्रसाद, विकास कुमार सिंह, राकेश कुमार संदीप कुमार गिरी, जमीला बानों, आशा देवी,दीपक कुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे.



बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु
पशु चारा वितरण कार्यक्रम
आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय–समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।
चारा मात्रा/अनुमान्यता
- निर्धारित सहाय्य मानकदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 70 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 35 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़–बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।
वितरण प्रक्रिया :
- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालकवार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।



PR No.- 008306 (Animal)D. 2026-27
विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।
@BiharDFARD

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क पर रेन कट बढ़ा

**अररिया।** अररिया जिले में पिछले चार-पांच दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश का असर अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। अररिया शहर के परमान नदी स्थित त्रिशुलिया घाट पुल के समीप सड़क पर बना रेन कट लगातार फैलता जा रहा है, जिससे आवागमन करने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस स्थान पर पहले भी रेन कट की समस्या हुई थी, जिसके बाद संबंधित विभाग ने मरम्मत और सुरक्षा संबंधी कार्य कराया था। हालांकि, लगातार बारिश के कारण मिट्टी का कटाव फिर से शुरू हो गया है। अब सड़क का एक हिस्सा कमजोर हो गया है और रेन कट धीरे-धीरे चौड़ा होता जा रहा है।

**इस मार्ग से गुजरना अधिक जोखिम भरा:** इससे भारी वाहनों के साथ-साथ दोपहिया और पैदल यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर रात के समय और बारिश के दौरान इस मार्ग से गुजरना अधिक जोखिम भरा साबित हो रहा है। कई वाहन चालक एहतियात के तौर पर धीमी गति से गुजर रहे हैं, फिर भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से अविलंब स्थायी समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि केवल अस्थायी मरम्मत के बजाय कटाव रोकने के लिए मजबूत सुरक्षात्मक कार्य कराया जाए।

**सड़क का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होने की आशंका:** बारिश का दौर अभी जारी है। ऐसे में यदि जल्द आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो रेन कट और अधिक फैल सकता है, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। इससे न केवल आवागमन प्रभावित होगा, बल्कि किसी अप्रिय घटना की संभावना भी बढ़ सकती है। स्थानीय लोग प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

### सिविल सर्जन पर हमले के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल

**बांका।** बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर बुधवार को बांका जिले के चिकित्सकों ने ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया। यह बहिष्कार अरवल सदर अस्पताल में सिविल सर्जन के साथ हुई हिंसक घटना के विरोध में किया गया। इस दौरान सदर अस्पताल बांका सहित जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा बंद रही, हालांकि आपातकालीन (इमरजेंसी) सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। ओपीडी बंद होने से सैकड़ों मरीजों को परेशानी हुई और कई बिना इलाज कराए लौट गए।

**घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग:** सदर अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि अरवल सदर अस्पताल की घटना के पांच दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी या प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई है। इससे चिकित्सकों में असुरक्षा और आक्रोश का माहौल है। उन्होंने सरकार से चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने और घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। डॉ. कुमार ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो चिकित्सक आंदोलन को और तेज कर सकते हैं।

**बड़ी संख्या में मरीज सुबह से ही सदर अस्पताल पहुंचे थे:** ओपीडी बंद होने की जानकारी न होने के कारण बड़ी संख्या में मरीज सुबह से ही सदर अस्पताल पहुंच गए थे। मरीजों ने बताया कि उन्हें हड़ताल की सूचना नहीं थी, जिसके कारण वे इलाज के लिए आए थे। कई घंटे इंतजार करने के बाद भी उन्हें इलाज नहीं मिल सका और उन्हें वापस लौटना पड़ा। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को विशेष रूप से अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के बावजूद, आपातकालीन सेवाओं को प्रभावित नहीं किया गया। आपातकालीन वार्ड में मरीजों का इलाज सामान्य रूप से जारी रहा। रजौन की स्वास्थ्य प्रबंधक अल्पना सिंह ने भी पुष्टि की कि बुधवार को ओपीडी सेवा बंद थी, जबकि इमरजेंसी सेवा चालू रखी गई थी।

### खौलते तेल में गिरने से बच्चे की मौत

**भागलपुर।** भागलपुर में खोलते तेल में गिरने से एक 11 साल के किशोर की मौत हो गई। ये बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र का रहने वाला था। बुधवार को मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान सिंटू मंडल के बेटे शुभम कुमार(11) के रूप में हुई है, जो अपने ननिहाल बरकट्ठ गांव में रहकर पढ़ाई करता था। शुभम अपनी मां के साथ दवा लेने के लिए घर से निकला था। दवा लेने के बाद उसके मामा उसे कुछ खिलाने के लिए राजाबर चौक स्थित अमन साह की हलवाई की दुकान पर ले गए। इसी दौरान दुकान पर मौजूद कुछ लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। विवाद के दौरान इस्तेमाल किए जा रहे छनौटे से खौलते तेल के छींटे शुभम के शरीर पर पड़े। इससे वह अपना संतुलन खो बैठा और सीधे खौलते तेल से भरी कढ़ाई में जा गिरा। वहां मौजूद लोग कुछ देर के लिए घबरा गए, जबकि शुभम के मामा ने बिना अपनी जान की परवाह किए, उसे कढ़ाई से बाहर निकाला।

**पिता ने होटल संचालक पर लगाया लापरवाही का आरोप:** गंभीर रूप से झुलसे शुभम को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने का हरसंभव प्रयास किया। हालांकि, शरीर का बड़ा हिस्सा जल जाने के कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता सिंटू मंडल सहित परिजनों ने लगाया है कि हादसे के बाद होटल संचालक और वहां मौजूद लोगों ने बच्चे की मदद करने के बजाय लापरवाही बरती। उनका कहना है कि यदि समय पर सहयोग मिलता, तो शायद बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, सूचना मिलने पर रजौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### श्रावणी मेले की तैयारी के लिए हर विभाग को टास्क

**भागलपुर।** भागलपुर में श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी चल रही है। मेला शुरू होने से पहले सभी जरूरी काम समय पर पूरा करने के लिए विभागों को कहा गया है। जिलाधिकारी के नेतृत्व में रोज समीक्षा बैठक हो रही है, जबकि वरीय अधिकारी लगातार फील्ड में उतरकर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग से उसके आवंटित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली गई और स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। दूसरी तरफ अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने-अपने जिम्मे के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने मेला क्षेत्र पहुंचे। अधिकारियों ने अजगैबीनाथ मंदिर परिसर, गंगा घाट, कांवरिया पथ, रेलवे स्टेशन, पार्किंग स्थल, कंट्रोल रूम, स्वास्थ्य शिविर, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, बिजली, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और यातायात प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया।

**जो काम नहीं हुए, उसे जल्द पूरा करने के निर्देश:** निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अभियंताओं और पदाधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। जिन स्थानों पर कार्य जारी थे, वहां उन्हें और तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह कहा गया कि सभी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता के साथ विकसित हों। DM अलंकृता पांडे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा शिविरों और एंबुलेंस व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुटा है। पीएचईडी पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। बिजली विभाग बिजली आपूर्ति में लगा है। नगर निगम साफ-सफाई और कचरा निष्पादन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन की रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

# 200 से अधिक पौधों का हुआ संग्रह पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बेगूसराय।** पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति प्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बरौनी के प्राथमिक विद्यालय पिपरा देवस (उर्दू) में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ (Mission LiFE) के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**उद्देश्य- प्रकृति प्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास:** पूरे अभियान का मूल उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के बाल-मन में प्रकृति के प्रति संवेदना और जिम्मेदारी का भाव जगाना है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि यदि स्कूली स्तर पर ही बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के संस्कार डाल दिए जाएं, तो वे भविष्य में एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य उद्देश्यों पर बच्चों को प्रेरित किया गया।

**प्रकृति से भावनात्मक जुड़ाव:** इस दौरान बच्चों को पेड़-पौधों और पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए प्रकृति प्रेम विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि पर्यावरण की रक्षा को केवल सरकार या प्रशासन का काम न मानकर इसे अपना सामाजिक कर्तव्य समझना है। रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाकर पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करना है।

**दैनिक जीवन में बदलाव और पर्यावरण संरक्षण का संदेश:** कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के व्यावहारिक उपाय बताए। पर्यावरण असंतुलन के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कम से कम कचरा उत्पन्न करने और सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने का संकल्प दिलाया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स कचरे के सुरक्षित निपटान के साथ बिजली और जल संरक्षण की जानकारी साझा की गई।

**एक पेड़ मां के नाम:** अभियान को व्यावहारिक रूप देने के लिए एक पेड़ मां के नाम पहल चलाई गई, जो बेहद सफल और भावनात्मक साबित हुई। इस मुहिम से प्रेरित होकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने-अपने घरों से छोटे-छोटे पौधे लाकर योगदान देने पहुंचे। इसके साथ ही शिक्षकों के सहयोग से भी कई पौधे उपलब्ध कराए गए। जमा 200 से अधिक पौधे विद्यालय परिसर और आसपास के सुरक्षित स्थानों पर लगाए जाएंगे।

**कुशल मार्गदर्शन और शिक्षकों का सहयोग:** इस जागरूकता अभियान और कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के हेड मास्टर सत्येन्द्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वहीं, कार्यक्रम के सुचारू संचालन और संयोजन में इको क्लब के सदस्य व सहयोगी शिक्षक रितेश कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो महिलाओं समेत तीन लोगों को रौंद दिया, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी शामिल हैं, जबकि मृतक की सास का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना, लोदीपुर थाना क्षेत्र के जमसी पेट्रोल पंप के ठीक पीछे की है। मृतकों की पहचान मो. समीम के बेटे मो. अफरोज (30), पत्नी बीवी सयाना (26) के रूप में हुई है। वहीं उनकी सास मोमिना (60) गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और भागलपुर-गोराडीह मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहने से लगभग आधा किलोमीटर तक गाड़ी की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर लोदीपुर थाना अध्यक्ष सह ट्रेनी डीएसपी प्रेरणा कुमारी, गोराडीह थाना पुलिस समेत एसएएफ के जवान भी मौके पर पहुंचे। गुस्साए लोगों को समझाया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल भेज दिया है। वहीं घायल महिला की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**10 फीट दूर जा गिरी महिला:** बता दें कि तेज रफ्तार ट्रक भागलपुर से गोराडीह की ओर जा रहा था, जबकि बाइक पर सवार तीनों लोग गोराडीह की ओर से भागलपुर इलाज कराने आ रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार एक महिला करीब 10 फीट दूर जा गिरी, जबकि दूसरी महिला ट्रक में ही फंस गई।

# तेघड़ा विधायक बोले- हजारों किसानों की जमीन गंगा के पार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के प्रश्नकाल के दौरान आज तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश कुमार ने तेघड़ा प्रखंड स्थित मधुरापुर, दुलारपुर, आधारपुर, बजलपुरा सहित आसपास के गांवों के हजारों किसानों की सालों पुरानी समस्या को सदन में प्रमुखता से उठाया है। विधायक रजनीश कुमार ने सदन में कहा कि इन गांवों के हजारों किसानों की हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि गंगा नदी के पार स्थित है। हर साल रबी फसल के मौसम में किसानों को अपनी तैयार फसल, पशुचारा और कृषि उत्पादों को नाव के सहारे गंगा नदी पार लाना पड़ता है।

**नाव दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता:** इस दौरान नाव दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ जान-माल की हानि की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों की इस लंबे समय से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने रबी फसल के मौसम में गंगा नदी पर पीपा पुल का निर्माण कराए जाने की मांग की। जिससे किसानों की उपज का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित हो सके और आम नागरिकों का आवागमन भी सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके। इस पर पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेन्द्र ने सदन में उत्तर देते हुए बताया कि गंगा नदी पर पीपा पुल निर्माण के लिए सर्वे कराया गया है। एस्टीमेट भी बनाने के लिए कहा गया है और आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करते हुए अगले मानसून से पहले इसे बनाया जाएगा। विधायक रजनीश कुमार ने सरकार की ओर से सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए कहा कि पीपा पुल का निर्माण क्षेत्र के हजारों किसानों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। इससे कृषि काम को गति मिलेगी, किसानों की लागत और जोखिम दोनों में कमी आएगी।

# सदर अस्पताल की ओपीडी बंद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**अररिया।** अरवल के सिविल सर्जन के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना के विरोध में बुधवार को अररिया सदर अस्पताल में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भाषा) के आह्वान पर राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में एक दिवसीय ओपीडी बहिष्कार किया गया था। ओपीडी सेवा बंद रहने से दूर-दराज से इलाज कराने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने आपातकालीन सेवाएं सामान्य दिनों की तरह संचालित कीं।

**डॉक्टरों को सुरक्षा और सम्मान मिले:** यह विरोध प्रदर्शन अरवल के सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट की घटना के खिलाफ था। भाषा ने डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर यह कदम उठाया। राज्यभर के चिकित्सकों ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इलाज कराने पहुंचे सदर प्रखंड के बोची गांव निवासी मोहम्मद इजराफिल ने बताया कि वह सुबह करीब 10 बजे अस्पताल पहुंचे थे। दोपहर 2 बजे तक उन्हें डॉक्टरों से परामर्श नहीं मिल सका। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन के कारण ओपीडी सेवा पूरे दिन के लिए बंद रखी गई है। उन्हें बिना इलाज कराए वापस लौटना पड़ा, जिससे काफी परेशानी हुई। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि भाषा के आह्वान पर पूरे राज्य के सरकारी अस्पतालों में एक दिन के लिए ओपीडी सेवाएं स्थगित की गई हैं।

**अस्पताल से बिना इलाज लौटे मरीज:** उन्होंने कहा कि अरवल जिले के सिविल सर्जन के साथ हुए दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना के विरोध में चिकित्सकों ने यह कदम उठाया है। डॉ. कुमार ने डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। ओपीडी सेवा बंद रहने के कारण अस्पताल परिसर में मरीजों की भीड़ तो रही, लेकिन अधिकांश लोगों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ा। चिकित्सकों ने स्पष्ट किया कि यह विरोध केवल एक दिन के लिए था और आवश्यक आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह सुचारु रखी गई थीं। मरीजों को अब उम्मीद है कि गुरुवार से ओपीडी सेवाएं फिर से सामान्य रूप से शुरू हो जाएंगी।

# 6 साल के मासूम की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर जिले के हरिणमार थाना क्षेत्र के हरिणमार रैता गांव के वार्ड संख्या-16 में मंगलवार देर शाम छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान झाको सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि शादी समारोह से भोज खाकर लौटते समय वह घर के पास निर्माणाधीन पिलर के लिए खोदे गए करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। बुधवार सुबह उसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया।

**शादी से लौटते समय हुआ हादसा:** प्रिंस कुमार अपने तीन भाइयों और तीन बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसके पिता झाको सिंह दोनों हाथों और पैरों से दिव्यांग हैं। परिजनों के अनुसार, मंगलवार शाम वह गांव में आयोजित एक शादी समारोह में भोज खाने गया था। घर से करीब 100 मीटर की दूरी होने के कारण वह अकेले ही लौट रहा था। रास्ते में ग्रामीण हरि सिंह के मकान निर्माण के लिए पिलर का गहरा गड्ढा खोदा गया था। अंधेरा होने के कारण वह उसमें गिर गया और किसी को इसकी जानकारी नहीं हो सकी। रातभर परिजन उसकी तलाश करते रहे और यह समझते रहे कि वह शादी वाले घर में ही कहीं सो गया होगा।

**सुबह मजदूरों ने देखा शव:** बुधवार सुबह जब निर्माण कार्य के लिए मजदूर और राजमिस्त्री मौके पर पहुंचे तो उनकी नजर गड्ढे में पड़े बच्चे पर पड़ी। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर हरिणमार थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।


**मौत के कारण को लेकर विरोधाभास:** परिजनों और स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चे की मौत निर्माणाधीन पिलर के गड्ढे में गिरने से हुई, जबकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में मौत का कारण बाढ़ के पानी में डूबना बताया गया है। इसी वजह से घटना को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

**थानाध्यक्ष के बयान पर भी उठे सवाल:** हरिणमार थानाध्यक्ष अजय कुमार आजाद ने पहले बताया कि बच्चे की मौत बाढ़ के पानी में डूबने से हुई है। हालांकि, जब उनसे यह कहा गया कि परिजन गड्ढे में गिरने की बात बता रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि गड्ढे में पानी जमा था और उसी में डूबने से बच्चे की मौत हुई।

**जांच रिपोर्ट का इंतजार:** घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की विस्तृत जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बच्चे की मौत किन परिस्थितियों में हुई। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या तथ्य छिपाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित पक्षों पर कार्रवाई की जा सकती है।

# हत्या के बाद लाश एंबुलेंस में छोड़ गए ससुराल वाले

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ मायके वालों ने कहा- 2 लाख रुपए के लिए मर्डर, पति, सास-ससुर घर छोड़कर फरार

**बेगूसराय।** बेगूसराय में विवाहिता की मौत हुई है। मायके वालों का कहना है कि मंगलवार रात ससुराल वालों ने हत्या कर दी। फंदे से लटका दिया और इलाज कराने का नाटक करने के लिए एंबुलेंस से अस्पताल ले गए। जिसके बाद एंबलुंस से लाश लेकर वापस लौट रहे थे, बीच रास्ते में ही लाश को एंबुलेंस में छोड़कर ससुराल वाले फरार हो गए। मृतका रोहित पासवान की पत्नी रानी कुमारी (20) है। मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वाले 2 लाख रुपए के लिए रानी को प्रताड़ित करते थे। 8 महीने पहले बेटी को जन्म दिया तो और प्रताड़ित करने लगे। मुफस्सिल थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भर्रा गांव का है।

**भाई का आरोप- फांसी लगाकर मार डाला:** मृतका के भाई बलहा निवासी विनोद ने कहा कि रानी के पति, ससुर, सास, ननद, भैंसुर समेत पूरे ससुराल वालों ने मिलकर मेरी बहन को फांसी लगाकर मार दिया है। एंबुलेंस ड्राइवर की सूचना पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद पुलिस ने हमलोगों को घटना की जानकारी दी। हमलोग जब मौके पर पहुंचे तो लाश एंबुलेंस में ही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बीती रात पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंची।

**सुसाइड किया तो सुसराल वाले क्यों भागते:** मृतका की भाभी सीता कुमारी ने बताया कि कुछ दिन पहले विवाद बढ़ने पर रानी को मायके ले आया गया था, लेकिन भर्रा गांव के जनप्रतिनिधियों ने बीच-बचाव किया था। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया था कि वे पूरी जिम्मेदारी लेते हैं और आगे कोई विवाद नहीं होगा। उनके भरोसे पर ही रानी को वापस ससुराल भेजा गया था, लेकिन वहां पहुंचते ही साजिश के तहत उसकी जान ले ली गई। अगर आत्महत्या की तो सबको भागने की क्या जरूरत थी। आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई किया जाए।

**FSL टीम ने जुटाए साक्ष्य, जांच जारी:** इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एंबुलेंस ड्राइवर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश बरामद किया गया। मेडिकल बोर्ड की निगरानी में सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया है। FSL की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सदर अस्पताल में आईसीयू का उद्घाटन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में 105 नए आईसीयू बेड, 70 वेंटिलेटर युक्त गहन चिकित्सा इकाइयों और 24×7 आपातकालीन सेवाओं का उद्घाटन किया। इसी क्रम में बांका सदर अस्पताल में चार बेडेड आईसीयू का शुभारंभ जिलाधिकारी बांका और नगर परिषद के सभापति बालमुकुंद सिन्हा ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस आईसीयू के संचालन का मुख्य उद्देश्य गंभीर मरीजों को जिले में ही उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे उन्हें अनावश्यक रूप से दूसरे जिलों या बड़े अस्पतालों में रेफर करने की आवश्यकता कम होगी और गंभीर रोगियों को समय पर बेहतर एवं सुलभ उपचार मिल सकेगा।

**आईसीयू का नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा:** सदर अस्पताल बांका में फिजिशियन और हड्डी रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना की जा चुकी है। ये दोनों चिकित्सक आगामी कुछ दिनों में अपना योगदान देंगे। आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध होते ही आईसीयू का नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, लगभग 15 दिनों के भीतर यह आईसीयू सेवा प्रारंभ होने की उम्मीद है, जिससे गंभीर मरीजों को बांका में ही गहन चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उद्घाटन समारोह में नगर परिषद की उपसभापति विनीता प्रसाद, जिला परिषद सदस्य प्रीतम साह, जिला परिषद सदस्य मनोज बाबा, सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी मुकेश कुमार, उपाधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र कुमार और अस्पताल प्रबंधक सुनील कुमार चौधरी सहित अस्पताल के चिकित्सक एवं पारा चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस आईसीयू सेवा को जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

पूर्व रेलवे
निविदा का निरस्तीकरण
मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा सं. 142_2026-27, दिनांक 21.07.2026** एतद्द्वारा प्रशासनिक कारणवश **निरस्त** कर दी गई है।
(HWH-232/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास और एससी व एसटी एक्ट में 2 धराया

**कोईलवर**| गीधा थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अधिनियम से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए 2 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपितों में कृष्णा पासवान और राजा कुमार हैं। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस आगे की अनुसंधानात्मक कार्रवाई कर रही है।

### जयप्रकाश स्मारक पर धरना जारी, प्रशासनिक व्यवस्था का किया विरोध

**आरा**| जंतर-मंतर पर चल रहे जनसंघर्ष के समर्थन और कथित अलोकतांत्रिक पुलिसिया कार्रवाई, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली तथा असंवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था के विरोध में सिविल सोसायटी के बैनर तले जयप्रकाश स्मारक के मुक्ताकाश मंच पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी है। 20 जुलाई को उपवास धरना के बाद यह आंदोलन शुरू हुआ। धरने में शामिल सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना है। वक्ताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और जनहित के मुद्दों पर समाज का मौन रहना उचित नहीं है। धरना स्थल पर शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक तथा जनसरोकारों के प्रति जवाबदेह व्यवस्था की मांग उठाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता अचल कुमार प्रसाद, संचालन मंटू सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन सुशील कुमार ने किया।

### घटयात्रा के साथ श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ

**आरा**। भगवान महावीर मार्ग (जेल रोड) के श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में मंगलवार को श्री मुनिसंघ सेवा समिति द्वारा आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम आचार्य श्री 108 सुलभ सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य एवं ग्वालियर से पधारे प्रतिष्ठाचार्य रवि कीर्ति शास्त्री के मंगल निर्देशन में प्रारंभ हुआ। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। मंगलवार सुबह जिनेंद्र प्रभु के अभिषेक और पूजन के बाद घटयात्रा निकाली गई। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि यात्रा में सैकड़ों सौभाग्यवती महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। गाजे-बाजे के साथ निकली यात्रा चंद्रप्रभु मंदिर से गोपाली चौक होते हुए महाजन टोली नंबर-दो स्थित श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर पहुंची। वहां विधिवत जलभरी के बाद श्रद्धालु पुनः चंद्रप्रभु मंदिर लौटे, जहां धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हुआ। मंदिर पहुंचने के बाद मंडल शुद्धि, ध्वजारोहण, इंद्र प्रतिष्ठा, अंकुरारोपण, मंगलाचरण, मंडल पर अखंड दीप प्रज्वलन तथा मंगल कलश स्थापना की गई। इन सभी धार्मिक विधियों के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से पूजन कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### विभिन्न योजनाओं से जुड़े 520 आवेदन प्राप्त

**कोईलवर**| स्थानीय कोईलवर प्रखंड के गोपालपुर, सकड्डी, कायमनगर व नगर पंचायत के कटकैरा और वार्ड संख्या 8 में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए काफी संख्या में लोगों ने आवेदन दिए। शिविर में राजस्व व भूमि विवाद, हर घर नल-जल योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड में नाम जोड़ने सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों ने आवेदनों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। सकड्डी में सहयोग शिविर का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी वीर बहादुर पाठक ने किया।

### मृतकों के आश्रितों को मिले मुआवजा : लोजपा

**आरा**|लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यादव राम सकल सिंह भोजपुरिया और प्रो. विजय सिंह मुखिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जगदीशपुर, चरपोखरी, गड़हनी और हसन बाजार थाना क्षेत्र में सोमवार को ठनका गिरने से भिखारी यादव, गोविंद कुमार, नंदनी कुमारी और जमींदार सिंह की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि अब तक केवल एक पीड़ित परिवार को ही आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपये की सहायता मिली है। नेताओं ने जिला प्रशासन से सभी मृतकों के आश्रितों को शीघ्र मुआवजा देने तथा घायलों का सरकारी खर्च पर समुचित इलाज कराने की मांग की।

### सीडीपीओ कार्यालय में चोरी, कई सामान गायब

**गड़हनी**| स्थानीय गड़हनी प्रखंड मुख्यालय के बाल विकास परियोजना (सीडीपीओ) कार्यालय में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर कार्यालय की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और प्रिंटर सहित कई जरूरी सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर सीडीपीओ स्वाति कुमारी ने कार्यालय का निरीक्षण किया। जांच में खिड़की टूटी हुई मिली और कई सामान गायब पाए गए। इसके बाद उन्होंने चरपोखरी थाने में लिखित आवेदन देकर मामले की जांच कर चोरी हुए सामान की बरामदगी तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सीडीपीओ ने बताया कि कार्यालय से प्रिंटर सहित अन्य आवश्यक सामग्री की चोरी हुई है, जिससे कार्यालय के कार्यों पर भी असर पड़ सकता है।

### राजा मार्केट का ट्रांसफॉर्मर 36 घंटे से खराब, बिजली ठप

**गड़हनी**। नगर पंचायत गड़हनी के राजा मार्केट का बिजली ट्रांसफॉर्मर करीब 36 घंटे से जला पड़ा है। पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति ठप है। उमस भरी गर्मी में घरों और दुकानों का कामकाज प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया। ट्रांसफॉर्मर में पहले भी खराबी आ चुकी थी। रिपेयर कर चलाया जा रहा था। सोमवार सुबह से ट्रांसफॉर्मर ने जवाब दे दिया। उपभोक्ता परेशान हैं। बिजली नहीं रहने से पेयजल संकट बढ़ गया है। छोटे कारोबारियों का काम भी रुक गया है। रात में लोग गर्मी और मच्छरों के बीच रहने को मजबूर हैं। लोगों का आरोप है कि विभाग इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा। विभाग कान में तेल डालकर सोया हुआ है। जल्द ट्रांसफॉर्मर बदलकर नियमित बिजली आपूर्ति शुरू कराई जाए, ताकि गर्मी से राहत मिल सके।

### बाइक से 30 लीटर देसी शराब जब्त

**आरा**| टाउन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के धरहरा मुहल्ला के पास छापेमारी कर बाइक पर लदे 30 लीटर देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक बाबू बाजार मोहल्ला का रहने वाला हंस कुमार उर्फ दिव्यांश कुमार है। वह आनंद कुमार का बेटा है। थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि शराबबंदी कानून को सफल बनाने के लिए थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी चल रही है। इसी दौरान धरहरा के पास शराब तस्करी की सूचना मिली। पुलिस ने मौके से तस्कर को पकड़ा। गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया।

### समकालीन कविता के ज्योति पुंज हैं जनार्दन मिश्र : जगदीश

**आरा**| समकालीन कविता के वरिष्ठ कवि जनार्दन मिश्र की तीन काव्य पुस्तकें मेरी प्रतिनिधि कविताएं, ख्वाहिशें, आहटें का लोकार्पण नेहरूनगर में हुआ। लोकार्पण और विमोचन में वरिष्ठ कवि, नाटककार, अनुवादक जगदीश नलिन ने किया। जगदीश नलिन ने कहा कि जनार्दन मिश्र की कविताओं में जीवन के विविध आयाम हैं। इंद्रधनुषी आभा है। ये कविताएं जीवन संघर्ष की कविताएं हैं। ये मानवीय जीवन संचेतना की कविताएं हैं। ये हर समय पाठक मन को झकझोरती हैं।धन्यवाद ज्ञापन युवा कवि राकेश ओझा उर्फ गुड्डू ओझा ने किया। मौके पर रवींद्र नाथ राय, जितेंद्र कुमार, दिवाकर पांडे, नंदजी दूबे, किरण कुमारी, ममता मिश्र, रेणु मिश्र, मधु मिश्रा, बलिराज ठाकुर, संतोष श्रेयांश आदि थे।

# पूर्व जवान की झारखंड में गोली मारकर हत्या, सहकर्मी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर के पुराना भोजपुर गांव निवासी पूर्व असम राइफल्स जवान अतुल कुमार सैनी की झारखंड के चतरा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना मंगलवार दोपहर को हुई। चौंकाने वाली बात यह है कि उनकी हत्या किसी अपराधी ने नहीं, बल्कि उनके ही सहकर्मी निजी सुरक्षा गार्ड ने की। दोनों के बीच खैनी को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपी ने अतुल पर गोली चला दी। अतुल कुमार सैनी कुछ वर्ष पहले असम राइफल्स की नौकरी छोड़ चुके थे। इसके बाद वह गया जिले के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र की विधायिका मनोरमा देवी के बेटे रॉकी यादव उर्फ विनीत यादव के निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे।

**पुलिस अधीक्षक से सरकारी आवास गए थे मिलने**: मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे रॉकी यादव किसी कार्य से चतरा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नाथवानी से मिलने उनके सरकारी आवास पहुंचे थे। इस दौरान उनके दोनों निजी सुरक्षा गार्ड अतुल कुमार सैनी और बलविंदर सिंह आवास के बाहर वाहन के पास मौजूद थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दोनों सुरक्षा गार्डों के बीच खैनी को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बलविंदर सिंह ने अपना हथियार निकालकर अतुल कुमार सैनी पर गोली चला दी। गोली लगने से अतुल मौके पर गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही एसपी आवास पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए आरोपी बलविंदर सिंह को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया।

**खैनी को लेकर हुए विवाद में हत्या**: पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में खैनी को लेकर हुए विवाद के बाद हत्या की बात सामने आई है, हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। इधर, अतुल कुमार सैनी की मौत की खबर उनके पैतृक गांव पुराना भोजपुर पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों के घर पर लोगों की भीड़ जुट गई और वे परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

**3 साल पहले की थी शादी**: अतुल कुमार सैनी एक शिक्षित और सम्मानित परिवार से थे। उनके पिता लक्ष्मण प्रसाद सैनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता स्वर्गीय उषा देवी वर्ष 2006 से 2011 तक पुराना भोजपुर पंचायत की सरपंच रह चुकी थीं। चार भाई-बहनों में अतुल दूसरे स्थान पर थे। करीब तीन साल पहले उनकी शादी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सहतवार निवासी निक्की कुमारी से हुई थी। उनकी डेढ़ वर्ष की एक बेटी माही कुमारी है। अतुल अपनी पत्नी और बेटी के साथ गया के एपी कॉलोनी में किराये के मकान में रहते थे। घटना की सूचना मिलते ही पिता लक्ष्मण प्रसाद सैनी सहित अन्य परिजन गया के लिए रवाना हो गए। पूरे बक्सर जिले में इस घटना को लेकर शोक का माहौल है। वहीं पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हत्या के पीछे की पूरी वजह और घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है।

## सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सेवा ठप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। अरवल सदर अस्पताल में सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में बुधवार को बक्सर समेत पूरे बिहार के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा सांकेतिक रूप से बंद रही। इस बंद के कारण इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूर-दराज से आए कई मरीज बिना इलाज कराए ही वापस लौट गए। हालांकि, गंभीर मरीजों की सुविधा को देखते हुए इमरजेंसी सेवा और ऑपरेशन की व्यवस्था सामान्य रूप से जारी रही। चिकित्सक आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात रहे। यह सांकेतिक बंद बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) के आह्वान पर किया गया था, जिसने अरवल की घटना के विरोध में राज्यव्यापी ओपीडी सेवा बाधित करने का निर्णय लिया था।

**ऑपरेशन के बाद महिला की मौत**: दरअसल, यह घटना 18 जुलाई को अरवल जिले में हुई थी। फखरपुर गांव की 24 वर्षीय रानी कुमारी को प्रसव पीड़ा होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उनका सिजेरियन ऑपरेशन किया, जिसके बाद उन्होंने एक स्वस्थ नवजात को जन्म दिया। ऑपरेशन के कुछ समय बाद रानी कुमारी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बताया गया कि ऑक्सीजन स्तर गिरने के बाद चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उनकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।

**लोगों ने मारपीट कर CS को जमीन पर गिराया**: इसी दौरान भीड़ ने सिविल सर्जन डॉ. राज किशोर प्रसाद के साथ धक्का-मुक्की की, मारपीट की और उन्हें जमीन पर गिरा दिया। इस हिंसक घटना के बाद पूरे राज्य के सरकारी चिकित्सकों में भारी नाराजगी है, जिसके चलते यह विरोध प्रदर्शन किया गया।

## भाजपा नेता हत्याकांड में 6 के खिलाफ वारंट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में भाजपा नेता और गल्ला व्यवसायी विक्रांत कुमार उर्फ विक्की की हत्या मामले में फरार मुखिया समेत 6 नामजदों के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट निकला है। ये लोग करीब 14 दिन से फरार हैं। पुलिस का कहना है कि वारंट मिलने के बाद सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी और दबिश तेज होगी। यदि जल्द आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ न्यायालय से इश्तेहार और कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया भी शुरू कराई जाएगी। मामला सहार थाना क्षेत्र के बड़की खड़ाव गांव का है।

**पुलिस ठिकानों पर छापेमारी कर रही है**: सहार थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुबोध कुमार ने बताया कि न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार जिन छह आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है, वे सभी बड़की खड़ाव गांव के निवासी हैं। इनमें बड़की खड़ाव पंचायत के मुखिया समरेश सिंह, आनंद सिंह, मनजी सिंह, सुशील सिंह तथा एक ही परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। वहीं इस मामले में नामजद 7वें आरोपित अनिल सिंह को घटना के कुछ ही समय बाद पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**8 जुलाई की सुबह चाकू मारकर हत्या हुई थी**: दरअसल, 8 जुलाई की सुबह बड़की खड़ाव गांव में 34 वर्षीय विक्रांत कुमार उर्फ विक्की की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। विक्रांत, वीरेंद्र कुमार के बेटे थे और बड़की खड़ाव पंचायत में भाजपा के पंचायत अध्यक्ष होने के साथ-साथ गल्ला व्यवसाय से भी जुड़े थे। मृतक के पिता वीरेंद्र कुमार के बयान पर सहार थाना में मुखिया समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## सदिग्ध स्थिति में महिला की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा शहर में मंगलवार की देर रात इंजेक्शन लगने के बाद महिला मरीज की मौत हो गई। परिजन डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। मृतका टाउन थाना क्षेत्र के बरहबतरा मोहल्ला वार्ड नंबर-3 निवासी मिथिलेश प्रसाद की पत्नी मंजू देवी (31) है। पति मिथिलेश प्रसाद ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 3 बजे पत्नी के पेट में तेज दर्द उठा था। जिसके बाद वह मोहल्ले के डॉक्टर के पास इलाज करने के लिए गई। डॉक्टर ने इंजेक्शन दिया। उसके बाद वह घर चली आई। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई। मैं उस वक्त नहीं था।

**सदर अस्पताल में गई जान**: मैं जब घर पहुंचा तो पता चला कि परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए हैं। जहां डॉक्टर ने उसे देखकर मृत घोषित क दिया। वहीं, दूसरी तरफ मृतका के पति मिथिलेश प्रसाद ने बरहबतरा मोहल्ले के झोलाछाप डॉक्टर खलील नामक व्यक्ति पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका के 2 बेटे शिवम, मुच्छल और 2 बेटी राधा-सुहानी है।

## मेडिकल कॉलेज के पास शहीद अकली देवी हॉल्ट बनाने की मांग

**आरा**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने आरा और उदवंतनगर रेलवे स्टेशन के बीच मेडिकल कॉलेज के समीप शहीद अकली देवी हाल्ट के निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान को पत्र भेजकर मांग की गई। राजेश्वर पासवान ने बताया कि भोजपुर जिले के लसाड़ी गांव की वीरांगना अकली देवी ने वर्ष 1947 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके सम्मान में आरा मेडिकल कॉलेज के पास उनके नाम से रेलवे हाल्ट का निर्माण कराया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी इस मांग को उचित ठहराते हुए रेल मंत्री को पत्र भेजकर शहीद अकली देवी हाल्ट के निर्माण का आग्रह किया है।

## बड़ौरा पंचायत में 25 मामलों का हुआ निष्पादन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**गड़हनी**। प्रखंड गड़हनी के बड़ौरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चईयाचक में सोमवार को ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व भू-अर्जन पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर कुमार तिवारी के नेतृत्व में जबकि इसका संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी व प्रखंड प्रमुख बिनोद सिंह यादव ने किया। शिविर में प्रखंड के सभी प्रमुख विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे, जहां संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहकर लोगों की शिकायतें और आवेदन प्राप्त कर रहे थे। ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं और जनसमस्याओं से जुड़े कुल 116 आवेदन दिए, जिनमें से 25 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के लिए भेजा गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित 12 आवेदन, राजस्व विभाग के 14, आयुष्मान के लिए 8 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली एवं कृषि विभाग से जुड़े कई आवेदन भी लोगों ने जमा किए। अधिकारियों ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाए बिना पंचायत स्तर पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। वही भू अर्जन पदाधिकारी, प्रमुख, बीडीओ, बीईओ ,मुखिया कमलावती देवी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय चईयाचक में प्रधानाध्यापक मुरारी यादव के समक्ष मध्यान भोजन का निरीक्षण किया। मौके पर कृषि पदाधिकारी हर्ष भारद्वाज, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील महेंद्र कपूर, स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार,कनीय अभियंता निर्मल कुमार,वर्षा कुमारी, संजय चौधरी,सतेंद्र सिंह आदि थे।

## डॉ. मनोरंजन पाण्डेय का आरा में किया गया अभिनंदन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भारतीय जीवन बीमा निगम की आरा शाखा के अभिकर्ताओं द्वारा सोमवार को होटल आरा ग्रांड में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मध्य क्षेत्रीय परिषद् (लियाफी-1964) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनोरंजन पाण्डेय के सम्मान में आयोजित हुआ। गौरतलब है कि बीते 17-18 जून 2026 को हैदराबाद में संपन्न हुए लियाफी-1964 के ऑल इंडिया साधारण परिषद् समिति के चुनाव में आरा शाखा के अभिकर्ता डॉ. मनोरंजन पाण्डेय को पूर्व मध्य क्षेत्रीय परिषद् का निर्विरोध क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना गया है। समारोह का विधिवत शुभारंभ यज्ञाचार्य पंडित ब्रह्मेश्वर मिश्रा के मंगलाचरण और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित अभिकर्ताओं और अतिथियों ने डॉ. मनोरंजन पाण्डेय को अंगवस्त्र एवं पुष्पहार पहनाकर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। अध्यक्षता शांतेश्वर त्रिपाठी ने की, जबकि मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत मिश्रा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। पटना मंडल-2 के उपाध्यक्ष संतोष कुमार ओझा, आर. बेस के संगठन सचिव संजय सिंह तथा उप सचिव आशीष कुमार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. पाण्डेय का निर्विरोध निर्वाचन आरा शाखा ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के एलआईसी अभिकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। समारोह में विजय कुमार सिंह, बालमुकुंद कुमार, कामता राम, सुनील कुमार राय, लाल बाबू तिवारी, लक्ष्मण सिंह, मनोरंजन कुमार, जहीरूद्दीन, रमाकांत शुक्ला, शिवकुमार पांडे, गंगासागर प्रसाद और दिनेश मिश्रा सहित कई अभिकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## 7 टीबी मरीजों को मिला पोषण किट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत टीबी मरीजों के बीच निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सात टीबी मरीजों को पोषण किट देकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रवी रंजन, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. ए. अहमद तथा अहमद डायबिटीज केयर सेंटर के प्रोप्राइटर ने निक्षय मित्र के रूप में सात टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट प्रदान किया। सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र पहल के माध्यम से मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने से उनके उपचार में सकारात्मक परिणाम मिलते हैं और बीमारी से उबरने में मदद मिलती है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं, नियमित दवा लें और उपचार का पूरा कोर्स पूरा करें। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और पूर्ण इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। साथ ही समाज के सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की मदद करने को कहा। निक्षय मित्र प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को गोद लेकर कम से कम छह माह तक पोषण किट, पौष्टिक आहार, जरूरत पड़ने पर जांच व अन्य सहयोग उपलब्ध कराते हैं। इससे मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, उपचार में तेजी आती है।

## दिल्ली लाठीचार्ज के विरोध में पुतला फूंका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों और युवाओं के आंदोलन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को आरा रेलवे स्टेशन परिसर में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध जताया। नेतृत्व राजद के भोजपुर जिला प्रवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता आलोक रंजन ने किया, जबकि संचालन जिला परिषद सदस्य भीम यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए आलोक रंजन ने कहा शिक्षा, रोजगार, पेपर लीक और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने सरकार से छात्रों की मांगों पर संवाद करने की अपील की। जिप सदस्य भीम यादव ने कहा कि युवाओं की आवाज दबाने के बजाय सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। युवा नेता अनुराग पांडेय, कुमुद पटेल, पूर्व छात्र नेता अभिषेक द्विवेदी और शोधार्थी रजनीश यादव ने भी रोजगार, शिक्षा और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर सरकार की नीतियों की आलोचना की तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनकारियों ने लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराने और आंदोलनरत छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। मौके पर सोनू रजक, हरिफन यादव, तुषार विजेता समेत बड़ी संख्या में छात्र और युवा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा परिसर में हंगामे पर अध्यक्ष की नाराजगी, दोषियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा परिसर के आसपास हुई घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन जनप्रतिनिधियों का घेराव, अभद्र व्यवहार, वाहनों में तोड़फोड़ और विधायकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली घटनाएं किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। अध्यक्ष ने कहा कि बिहार विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च विधायी मंच है, जहां जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि राज्य के विकास, जनहित और नीतिगत विषयों पर चर्चा के लिए आते हैं। ऐसे में सदन की कार्यवाही को प्रभावित करने, विधायकों को रोकने, उनके साथ अभद्रता करने या भय एवं दबाव का वातावरण बनाने का कोई भी प्रयास लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि छात्रों और युवाओं की समस्याएं महत्वपूर्ण हैं तथा उनका समाधान केवल संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने सभी छात्र संगठनों एवं प्रदर्शनकारियों से संयम बनाए रखते हुए कानून के दायरे में रहकर अपनी बात रखने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही भविष्य में विधानसभा की सुरक्षा, माननीय सदस्यों की गरिमा तथा परिसर की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से भी लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय मर्यादाओं और संवाद की परंपरा को मजबूत करने में सकारात्मक सहयोग देने का आग्रह किया। अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि बिहार की जनता, छात्र-युवा, जनप्रतिनिधि और सभी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

### जैविक खेती अपनाने की अध्यक्ष की अपील, सासामुसा चीनी मिल पर एक सप्ताह में बैठक के निर्देश

**पटना।** बिहार विधानसभा के तृतीय सत्र के दौरान बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सदन के सदस्यों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य प्रधानमंत्री द्वारा 1 जून 2026 से शुरू किए गए 'खेत बचाओ अभियान' से जुड़ें और राज्य सरकार के जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के प्रयासों में सक्रिय योगदान दें। यह अपील कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा जैविक खेती अपनाने के संबंध में दिए गए वक्तव्य के बाद की गई। कृषि मंत्री ने सदन में जैविक खेती के महत्व और इसके विस्तार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता से सदस्यों को अवगत कराया। वहीं, गोपालगंज स्थित सासामुसा चीनी मिल के बंद होने, गन्ना किसानों एवं कर्मचारियों के बकाया भुगतान तथा मिल को पुनः चालू कराने से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना पर भी सदन में चर्चा हुई। यह सूचना मंजीत कुमार सिंह, माधव आनंद सहित अन्य 13 सदस्यों द्वारा दी गई थी। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार के जवाब के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विभाग को निर्देश दिया कि इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान उठाए गए सभी बिंदुओं पर एक सप्ताह के भीतर संबंधित विधायकों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर समस्याओं का बिंदुवार समाधान सुनिश्चित किया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि किसानों और कर्मचारियों से जुड़े मामलों का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए तथा इस दिशा में ठोस कार्रवाई की जाए।

### 30 जुलाई तक कई ट्रेनें लेट, टाइम बदला

**हाजीपुर।** प्रयागराज मंडल के कानपुर-टुंडला रेलखंड स्थित पनकी धाम स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है। चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य के कारण इस रेलखंड से गुजरने वाली कई ट्रेनों के परिचालन समय में अस्थायी बदलाव किया गया है। 29 जुलाई, 2026 को बीकानेर से खुलने वाली 22308 बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 150 मिनट की देरी से रवाना होगी। इसी दिन बाड़मेर से चलने वाली 12324 बाड़मेर-हावड़ा एक्सप्रेस भी 120 मिनट की देरी से खुलेगी। वहीं, 30 जुलाई, 2026 को आनंद विहार से चलने वाली 12816 आनंद विहार-पुरी नंदन कानन एक्सप्रेस तथा 12506 आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 150-150 मिनट की देरी से रवाना होंगी। इसके अलावा 12488 आनंद विहार-जोगबनी सीमांचल एक्सप्रेस 90 मिनट की देरी से चलेगी, जबकि 18101 टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस भी 120 मिनट की देरी से अपने निर्धारित समय पर प्रस्थान करेगी। प्रयागराज मंडल में 22307 हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस को 21 एवं 24 जुलाई को 100 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा। 12307 हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस को 22 एवं 23 जुलाई को 100 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा। वहीं, 12505 कामाख्या-आनंद विहार नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस को 21 से 24 जुलाई तक प्रयागराज मंडल में 100 मिनट नियंत्रित कर संचालित किया जाएगा। 28 जुलाई को 12947 अहमदाबाद-राजगीर अजीमाबाद एक्सप्रेस, 12274 नई दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस तथा 12566 नई दिल्ली-दरभंगा स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस को प्रयागराज मंडल में 60-60 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा।

### 8 सिपाहियों को एएसआई, 1 चालक हवलदार पद पर प्रोन्नत

**हाजीपुर।** हाजीपुर पुलिस केंद्र में मंगलवार को एक समारोह आयोजित किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने 8 पीटीसी सिपाहियों को सहायक पुलिस अवर निरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नत किया। इसके साथ ही, एक चालक सिपाही को हवलदार के पद पर प्रोन्नति मिली। एसपी ने सभी नव-पदोन्नत कर्मियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया। एसपी शुभांक मिश्रा ने सभी नव-पदोन्नत अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और अनुशासन का सम्मान है। एसपी ने यह भी जोड़ा कि नई जिम्मेदारी के साथ उनके कर्तव्य भी बढ़ गए हैं। एसपी मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ईमानदारी, निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने आमजन के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसपी ने यह भी कहा कि पुलिस विभाग में अच्छा काम करने वाले कर्मियों को हमेशा प्रोत्साहित किया जाएगा। पदोन्नति पाने वाले जवानों ने पुलिस अधीक्षक को आश्वस्त किया कि वे पूरी निष्ठा के साथ अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर पुलिस केंद्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### रील बनाते किशोरों ने स्कूटी को टक्कर मारी

**हाजीपुर।** हाजीपुर मार्ग पर बिदुपुर कमालपुर के निकट मंगलवार को एक सड़क हादसे में रामदौली हाई स्कूल के 68 वर्षीय नाइट गार्ड विश्वनाथ पंडित गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि तेज रफ्तार R15 मोटरसाइकिल पर रील बना रहे दो किशोरों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाजीपुर की ओर से आ रहे दो किशोर R15 बाइक पर 'लहरिया कट' का रील बना रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रहे विश्वनाथ पंडित (पिता रामाशिस पंडित) की स्कूटी से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वृद्ध गार्ड सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीण अखिलेश सिंह और मुकेश कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने तुरंत घायल विश्वनाथ पंडित को बिदुपुर सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने R15 मोटरसाइकिल सवार दोनों किशोरों को बाइक सहित पकड़ लिया। पूछताछ में किशोरों ने बताया कि वे नवादा के निवासी हैं और मथुरा स्थित अपनी नानी के घर जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। स्कूल प्रशासन की ओर से प्रधानाध्यापक आभास सौरभ और अन्य शिक्षक घटना के बाद से सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि विश्वनाथ पंडित चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे और एक अवकाश प्राप्त कर्मी के स्थान पर नाइट गार्ड की ड्यूटी कर रहे थे। इसी बीच, बिदुपुर रेलवे स्टेशन रोड पर एक अन्य घटना में एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बिदुपुर सीएचसी से हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

# सीएम हाउस के बाहर छात्रों पर लाठीचार्ज, पुलिस ने दौड़ाकर मारा

## पटना की सड़कों पर पत्थबाजी कर रहे प्रदर्शनकारी, कई पुलिस वालों के सिर फटे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** NEET पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बुधवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस दौरान कई छात्र सड़क पर लेट गए। पुलिस घसीटकर उन्हें अपने साथ ले गई। छात्रों को गाड़ियों में बैठाकर ले जाया गया।

इससे पहले पुलिस ने छात्रों को डाकबंगला चौराहे पर बैरिकेडिंग कर के रोका था। यहां करीब 1 घंटे तक छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पुलिस ने कई बार उन्हें हटने को कहा, लेकिन वो पीछे नहीं हटे। CISF और CRPF को छात्रों को हटाने के लिए बुलाया गया। छात्र बैरिकेडिंग तोड़कर यहां से राजभवन की ओर निकल गए।

डाकबंगला चौराहे से निकलने वाली बीजेपी नेताओं की गाड़ियों पर भी प्रदर्शनकारियों ने हमले किए। एक विधायक को जान बचाकर भागना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान पटना IG की एस्कॉर्ट गाड़ी पर हमला हुआ।

DM-SP के समाने प्रदर्शनकारियों ने ताली बजाकर विरोध जताया। इससे पहले पुलिस ने छात्रों को जेपी गोलंबर पर रोका था, लेकिन वो वहां से भी बैरिकेडिंग तोड़कर डाकबंगला पहुंचे गए। जेपी गोलंबर पर पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। आंसू गैस से के गोले दागे। लाठीचार्ज भी किया, लेकिन इसके बाद भी वो सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। सुबह करीब 10.30 बजे गांधी मैदान से छात्रों ने अपना राजभवन मार्च शुरू किया था।

# पटना में कांग्रेस और बीजेपी नेताओं में चले पत्थर-डंडे



पार्टियों के झंडे लेकर टूट पड़े, बीजेपी नेता बोले- कांग्रेसी पहले से लाठियां लेकर तैयार थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में बुधवार को कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। बीजेपी नेता कांग्रेस ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ओर से डंडे चले, पत्थर चलाए गए। पुलिस इस दौरान चुपचाप खड़ी नजर आई।

बीजेपी नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस नेता पहले से पत्थर और डंडे लेकर मारपीट के लिए तैयार बैठे थे। दोनों पार्टियों के बीच मारपीट के दौरान शुरुआत में पुलिस चुपचाप खड़ी नजर आई। इसके बाद मामला बढ़ने पर पुलिस ने एक्शन लिया।

बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी ने दुर्भावनापूर्ण मंशा के साथ पीएम आवास के सामने धरना प्रदर्शन कर हंगामा किया। कांग्रेस की ओर से देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की गई।

भाजपा ने कहा है कि गंभीर खतरे में डालने की कांग्रेस की प्रवृत्ति रही है। कांग्रेस राजनीतिक विरोधियों के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन करने जैसी निंदनीय परंपरा को बढ़ावा दे रही।

# पटना पुलिस के टॉप-10 अपराधियों में शामिल नंदन महतो गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ 6 साल से था फरार डबल मर्डर से लेकर लूट-रंगदारी तक दर्ज हैं कई मामले

**पटना।** पटना पुलिस ने जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल कुख्यात नंदन महतो को गिरफ्तार कर लिया है। छह वर्षों से फरार चल रहे नंदन महतो को गुप्त सूचना के आधार पर उसके पैतृक गांव नौबतपुर थाना क्षेत्र के अमरपुरा से दबोचा गया। गिरफ्तारी बिहटा और नौबतपुर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हुई। दानापुर-2 के डीएसपी अमरेंद्र कुमार झा ने बताया, 20 जुलाई की देर रात सूचना मिली थी कि बिहटा थाना के लूट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास के मामलों में फरार नंदन महतो अपने गांव आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि नंदन महतो के खिलाफ पटना के विक्रम, दुल्हिनबाजार, नौबतपुर और बिहटा समेत कई थानों में डबल मर्डर, डकैती, रंगदारी, लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। कई मामलों में वह लंबे समय से फरार चल रहा था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि नंदन महतो एक आपराधिक गिरोह का संचालन करता था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह अपने साथियों के साथ दूसरे राज्यों में फरार हो जाता था, जिससे उसकी गिरफ्तारी लगातार टल रही थी।

# प्रशांत किशोर की पार्टी दफ्तर पर इनकम टैक्स का छापा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



❐ पार्टी दफ्तर का तलाशी ले रही टीम, पीके के करीबी के होटल में भी रेड

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के बीच जनसुराज प्रत्याशी प्रशांत किशोर के करीबी रवि नारायण सिंह के होटल में इनकम टैक्स का रेड की रेड पड़ी है। बताया जा रहा है कि प्रशांत किशोर की पार्टी दफ्तर पर भी इनकम टैक्स का छापा पड़ा है। आईटी की टीम पार्टी दफ्तर का तलाशी ले रही है। दूसरी ओर जन सुराज पार्टी के नेताओं ने पटना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के प्रदेश सचिव रवि नारायण सिंह ने दावा किया कि पुलिस ने उनके होटलों और पार्टी कार्यकर्ताओं के ठिकानों पर लगातार छापेमारी की। इस दौरान पुराने गेस्ट रजिस्टर की मांग की गई। होटल सील करने और जेल भेजने की धमकी भी दी। रवि नारायण सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि पार्टी संस्थापक प्रशांत किशोर के ठहरने वाले होटल तक में पुलिस पहुंची और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है।

**पुलिस ने होटल का डिटेल मांगा:** प्रदेश सचिव रवि नारायण सिंह के मुताबिक, सुबह 10 से 11 के बीच सबसे पहले स्पेशल सेल से फोन आया कि डिटेल चाहिए। हमने बताया कि पार्टी डिटेल देगी। इसके बाद पुलिस की ओर से जवाब आया कि हमें आपके होटल का डिटेल चाहिए। इसके बाद हमने डिटेल देने से मना किया। फिर पुलिस 19 जुलाई को हमारे होटल पहुंची और पुराने गेस्ट का डिटेल मांगी, लेकिन हमारे पास वह डिटेल उस वक्त उपलब्ध नहीं था। मैंने कहा कि हम 10 दिनों के बाद होटल की डिटेल उपलब्ध कराएंगे, क्योंकि रजिस्टर दूसरे ऑफिस में है और बहुत पहले का मामला है। इसीलिए इसका डिटेल मिलना मुश्किल है। मैंने उन्हें आश्वासन भी दिया कि हम आपको डिटेल निकालकर जरूर भेज देंगे।

**रजिस्टर देने से मना किया तो सील करने की दी धमकी- रवि नारायण सिंह:** रवि नारायण सिंह के मुताबिक, जब रजिस्टर का डिटेल देने से मना किया, तब पुलिस वालों ने धमकी दी कि आपके होटल को हम पीयू में डालेंगे और घटनास्थल बनाएंगे। मुझे उस वक्त समझ में नहीं आया कि आखिर मामला क्या है? पुलिस वालों ने होटल सील करने की धमकी दी। रवि नारायण सिंह ने आगे बताया, 'मैंने उनसे साफ-साफ कहा कि हमारे होटल में कुछ गलत काम नहीं होता है। मुझे बस थोड़ा समय दीजिए। मैं आपको 10 दिनों के भीतर सारे रजिस्टर उपलब्ध करा दूंगा।'

**सभी होटल पर की गई छापेमारी:** रवि नारायण सिंह ने बताया, 'पुलिस वालों ने मेरे पूरे होटल की तालाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ भी हाथ नहीं लगा। उसके बाद पुलिस की दूसरी यूनिट हमारे घर पहुंची। पुलिस वालों ने कहा कि आपके होटल में जो गेस्ट रुके हुए हैं, हमें उनकी तालाशी लेनी है। मेरे दो होटल हैं, दोनों ही होटल में पुलिस ने छापेमारी की।' रवि नारायण सिंह का आरोप है कि छापेमारी के दौरान बुद्धा कॉलोनी थाना के इंचार्ज दिनेश सिंह का फोन उनके पास आया और उन्होंने कहा कि आपके पार्टी के पैदा हुए चार दिन भी नहीं हुए हैं। उनकी ओर से अपशब्दों का भी प्रयोग किया गया।'

# अरवल सिविल सर्जन पर हमले का राज्यभर में विरोध, सरकारी अस्पतालों में ओपीडी रहेगी बंद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना।** अरवल के सिविल सर्जन डॉ. राजकिशोर प्रसाद पर हुए हमले के विरोध में बिहार के सरकारी डॉक्टर बुधवार को राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (BHSA) ने इस एकदिवसीय विरोध कार्यक्रम का आह्वान किया है। BHSA का कहना है कि घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उनकान ही अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोई ठोस पहल की गई है। इससे राज्यभर के सरकारी डॉक्टरों में आक्रोश है।

**हमले की निंदा, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल:** भासा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अरवल के सिविल सर्जन पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। संघ का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी है। यदि डॉक्टर खुद को असुरक्षित महसूस करेंगे तो

### इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी जारी

स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ना स्वाभाविक है। संघ ने आरोप लगाया कि अब तक मामले में कोई प्रभावी प्रशासनिक या कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे चिकित्सकों का मनोबल प्रभावित हुआ है।

**ओपीडी बंद, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी:** भासा के महासचिव डॉ. रोहित कुमार ने बताया, बुधवार को राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। गंभीर मरीजों को हो, इसलिए आपातकालीन सेवाएं जैसे इमरजेंसी, प्रसव, आईसीयू और अन्य आवश्यक चिकित्सा सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी।

**मरीजों पर पड़ सकता है असर:** डॉक्टरों के ओपीडी बहिष्कार का असर बुधवार को राज्य के जिला अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में देखने को मिल सकता है। सामान्य मरीजों को इलाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं भासा ने स्पष्ट किया है कि उनका आंदोलन मरीजों के खिलाफ नहीं, बल्कि सुरक्षित कार्य वातावरण और सम्मानजनक सेवा परिस्थितियों की मांग को लेकर है।

# पटना समेत 8 जिलों में झमाझम बारिश 10 जिलों में आज हैवी रेन का अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



नेपाल में बरसात से उफान पर कोसी और गंडक

**पटना।** मौसम विभाग ने आज बिहार के 10 जिलों के लिए हैवी रेन का अलर्ट जारी किया है। वहीं पटना, पूर्णिया, बेगूसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और जहानाबाद में तेज बारिश हो रही है। कुछ जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं। आज प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम सामान्य रहेगा। तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। 25 जुलाई के बाद पटना, समस्तीपुर, वैशाली, भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद और आसपास के जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। नेपाल में हो रही बारिश से कोसी और गंडक नदी उफान पर है। मंगलवार को खगड़िया में तेज बारिश, जबकि पटना में बूंदाबांदी हुई। नालंदा, वैशाली समेत कई जिलों में बादल छाए हैं। सुबह सीतामढ़ी, कटिहार में बारिश हुई। मंगलवार को राजधानी पटना समेत राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे। कुछ जिलों में रुक-रुककर बारिश होती रही। अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया।

# लूट-अपहरण करने वाले 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




❐ लूट-अपहरण मामलों में थे फरार, दिनदहाड़े लूटी थी ज्वेलरी शॉप

**पटना।** पटना पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने संयुक्त अभियान चलाकर दो इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाजार समिति निवासी रविशंकर कुमार और मसौढ़ी निवासी अमर प्रसाद सोनी के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ अलग-अलग थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक, 18 नवंबर 2022 को अमर प्रसाद सोनी ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर गर्दनीबाग थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वेलरी दुकान में दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोप है कि बदमाश करीब 2 लाख रुपये के गहने लूटकर फरार हो गए थे। साथ ही दुकान के जरूरी दस्तावेज भी अपने साथ ले गए थे।

घटना के बाद दुकानदार ने गर्दनीबाग थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। CCTV फुटेज के आधार पर अमर प्रसाद सोनी की पहचान हुई थी, लेकिन वह तब से फरार चल रहा था। पुलिस की डीआईयू (DIU) टीम ने उसे मसौढ़ी बाजार से गिरफ्तार किया। वहीं, दूसरा आरोपी रविशंकर कुमार पिछले तीन-चार वर्षों से एक अपहरण मामले में फरार चल रहा था। उसे STF ने पटना एयरपोर्ट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, उनसे अन्य मामलों और उनके आपराधिक नेटवर्क के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बिहार में पहली बार होगा 'ग्लोबल AI स्किल्स एंड एजुकेशन एक्सपो 2026'

## छात्रों को मिलेगा भविष्य की तकनीक से जुड़ने का अवसर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार में शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और कौशल विकास के क्षेत्र में एक नई पहल के तहत बिजनेस क्रांति द्वारा 'ग्लोबल AI स्किल्स एंड एजुकेशन एक्सपो 2026' आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर इसके आयोजक बिजनेस क्रांति ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बिहार के छात्रों, युवाओं, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उच्च शिक्षा, एडटेक, स्किल डेवलपमेंट और भविष्य के करियर विकल्पों से जोड़ना है। यह राज्य में अपनी तरह का पहला बड़ा मंच होगा, जहां शिक्षा और तकनीक से जुड़े विभिन्न क्षेत्र एक साथ आएंगे। एक्सपो में देशभर के विश्वविद्यालयों, मैनेजमेंट संस्थानों, एडटेक कंपनियों, स्किल डेवलपमेंट संस्थानों, टेक्नोलॉजी कंपनियों, स्टार्टअप्स और उद्योग विशेषज्ञों की भागीदारी प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान AI, डेटा साइंस, कोडिंग, ऑटोमेशन और भविष्य की तकनीकी दक्षताओं से संबंधित प्रदर्शनी, करियर मार्गदर्शन सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान और नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही छात्रों को उच्च शिक्षा, प्रोफेशनल कोर्स, इंटर्नशिप, रोजगार के अवसर, एजुकेशन फाइनेंस और स्टूडेंट लोन से जुड़ी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

यह कार्यक्रम अक्टूबर में पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित होगा. इसके दौरान नालंदा शिक्षा गौरव सम्मान 2026 के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक, प्राचार्य, प्रोफेसर, शिक्षा संस्थान एवं शिक्षा नवाचारकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। बिजनेस क्रांति के संस्थापक एवं




मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमन कुमार Generative AI & Product management(IIT PATNA) ने कहा कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकें तेजी से कार्यक्षेत्र और शिक्षा व्यवस्था को बदल रही हैं। ऐसे में बिहार के युवाओं को इन बदलावों के अनुरूप तैयार करना आवश्यक है। उनका कहना है कि यह आयोजन शिक्षा, उद्योग और तकनीक के बीच समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ छात्रों को वैश्विक अवसरों से जोड़ने का प्रयास करेगा।

आयोजकों के अनुसार, बिहार में बड़ी युवा आबादी और शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए यह एक्सपो विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए उपयोगी मंच साबित हो सकता है। इससे छात्रों को भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं, कौशल विकास और करियर की नई संभावनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिलने की उम्मीद है। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजन राज्य में शिक्षा और तकनीकी जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उद्योग और शिक्षा जगत के बीच बेहतर सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करेंगे।

# सावन महोत्सव मेले में नेत्रदान जागरूकता अभियान चला, झूलोत्सव में झूमीं महिलाएं

एजेंसी। रांची



अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित 27वें तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेले के दूसरे दिन बुधवार को नेत्रदान जागरूकता अभियान और सावन सिंधारा झूलोत्सव का आयोजन किया गया। सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक उल्लास से जुड़े इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं और शहरवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर रोशनी खलखो और उपमहापौर नीरज कुमार उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने की अपील की। इस अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भारती कश्यप ने कहा कि किसी व्यक्ति के निधन के छह घंटे के भीतर नेत्रदान किया जा सकता है और एक व्यक्ति के दोनों नेत्र दो लोगों के जीवन में रोशनी ला सकते हैं। उन्होंने नेत्रदान की प्रक्रिया और नेत्र संरक्षण के वैज्ञानिक पहलुओं की भी जानकारी दी। इस दौरान महापौर रोशनी खलखो, उपमहापौर नीरज कुमार, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष, मंत्री तथा अन्य पदाधिकारियों ने स्वयं नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर अभियान का समर्थन किया। मेले में पूरे दिन नेत्रदान पंजीकरण अभियान भी चलाया गया, जिसमें कई लोगों ने रुचि दिखाई। उपमहापौर नीरज कुमार ने रांची नगर निगम के सभी 53 वार्डों में नेत्र जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित करने का आग्रह किया। वहीं, महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि नेत्रदान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से इस अभियान को सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देने की अपील की। मेले के दूसरे सत्र में सावन सिंधारा और झूलोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। महिलाओं ने सावन गीतों पर झूला झूलते हुए पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया। अंताक्षरी, मनोरंजक खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया, वहीं पारंपरिक व्यंजनों का भी सभी ने आनंद लिया। मेले में 100 से अधिक स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इनमें जयपुर, कोलकाता, बनारस और भागलपुर की साड़ियां, डिजाइनर ज्वेलरी, लहंगे, राखियां, हस्तशिल्प, पूजा सामग्री तथा घरेलू उपयोग की विभिन्न वस्तुएं उपलब्ध हैं। खरीदारी के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। विशेष रूप से महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे और उन्हें अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का बेहतर अवसर मिला। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के पदाधिकारी, महिला समिति की सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और शहरवासी उपस्थित रहे।

## झारखंड में स्लॉटर हाउस नियमावली पर सरकार ने मांगा एक माह का समय, हाई कोर्ट में 20 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

एजेंसी। रांची




झारखंड उच्च न्यायालय ने राजधानी रांची सहित राज्यभर में दुकानों पर खुलेआम कटे हुए बकरे और चिकन के प्रदर्शन एवं बिक्री के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार ने स्लॉटर हाउस (वधशाला) के संचालन के लिए नियमावली (रूल्स एंड रेगुलेशंस) तैयार करने के लिए एक माह का समय मांगा। अदालत ने सरकार का पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि स्लॉटर हाउस के लिए नियमावली का मसौदा तैयार कर वित्त विभाग को भेज दिया गया है। वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद इसे कैबिनेट की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए न्यायालय से एक माह का समय देने का आग्रह किया। सरकार की दलील पर विचार करने के बाद खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को निर्धारित की। अदालत ने संकेत दिया कि अगली सुनवाई के दौरान नियमावली तैयार करने की दिशा में हुई प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में श्यामानंद पांडेय ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि रांची सहित राज्य के विभिन्न शहरों में अनेक मीट विक्रेता दुकानों के बाहर खुलेआम कटे हुए बकरे और चिकन का प्रदर्शन करते हुए उनकी बिक्री करते हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह व्यवस्था खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। याचिका में यह भी कहा गया है कि खुले में मांस का प्रदर्शन और बिक्री संबंधित नियमों एवं दिशानिर्देशों के विपरीत है। साथ ही, यह उच्चतम न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का भी उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने अदालत से राज्य सरकार को इस संबंध में स्पष्ट नियम लागू करने तथा खुले में मांस के प्रदर्शन और बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम पहुंचे स्वामी सदानंद महाराज, निराश्रितों को कराया भोजन



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में संत शिरोमणि स्वामी श्री सदानंद जी महाराज ने निराश्रितों, दीनबंधु प्रभुजनों और सेवादारों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने सभी को आशीर्वाद दिया और स्वयं भोजन भी कराया। स्वामी सदानंद जी ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची प्रभु सेवा है। असहाय लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही जीवन की सार्थकता है। उन्होंने समाज से सेवा कार्यों में तन-मन-धन से सहयोग की अपील की। आश्रम में निराश्रितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए गुरुदेव ने शीघ्र 50 और सुविधायुक्त बेड लगाने की घोषणा की। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि वर्तमान में आश्रम में 45 निराश्रितों को भोजन, आवास, चिकित्सा और वस्त्र की सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### मुंबई में बारिश के बीच वी का रिटेल स्टोर्स बना मॉनसून शेल्टर

**रांची।** लगातार हो रही भारी बारिश और जलभराव के कारण मुंबई में जनजीवन प्रभावित हुआ है। ऐसे समय में टेलीकॉम कंपनी वी (वोडाफ़ोन आइडिया) ने हर साल की तरह इस बार भी अपने मुंबई स्थित रिटेल स्टोर्स को 'मॉनसून शेल्टर' में बदल दिया है, ताकि बारिश में फंसे लोग सुरक्षित स्थान पर रुक सकें। वी ने अपने स्टोर्स के दरवाजे आम नागरिकों के लिए खोल दिए हैं। अब कोई भी व्यक्ति बारिश से बचने के लिए नजदीकी वी स्टोर में जाकर अस्थायी रूप से शरण ले सकता है। यहां लोग अपने मोबाइल फोन चार्ज कर सकते हैं, खुद को तरोताजा कर सकते हैं और मौसम सामान्य होने तक सुरक्षित व आरामदायक माहौल में इंतजार कर सकते हैं। कंपनी का कहना है कि मुंबई में फैले अपने व्यापक रिटेल नेटवर्क के माध्यम से वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अचानक हुई भारी बारिश के दौरान लोगों को मदद आसानी से मिल सके। नागरिक अपने वर्तमान लोकेशन के आधार पर गूगल मैप्स ल की मदद से निकटतम वी स्टोर का पता लगा सकते हैं। वी के अनुसार, यह पहल कंपनी की कस्टमर फर्स्ट' सोच का हिस्सा है। कंपनी का उद्देश्य केवल बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि मुश्किल समय में ग्राहकों और स्थानीय समुदाय के साथ खड़े रहकर उनकी सहायता करना भी है।

### पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से रांची सांसद की अनुशंसा पर 40 मरीजों को 86 लाख से अधिक की सहायता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में रांची लोकसभा क्षेत्र सहित आसपास के जिलों के 40 गंभीर मरीजों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 86 लाख से अधिक की आर्थिक सहायता मिली है। इसमें 22 कैंसर रोगी और 18 हृदय, किडनी, रीढ़ की बीमारी व थैलेसीमिया से पीड़ित मरीज शामिल हैं। 22 मरीजों को 3 लाख तक और अन्य को 50 हजार से 2.50 लाख तक की राशि सीधे अस्पताल के खाते में भेजी गई। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के इलाज को प्राथमिकता देते हैं। आयुष्मान भारत के साथ-साथ PMNRF भी गंभीर बीमारियों में आर्थिक सहारा बन रहा है। उन्होंने जरूरतमंदों से अपील की कि वे आय प्रमाण पत्र, अस्पताल का अनुमान, आधार, फोटो और आवेदन के साथ अपने जनप्रतिनिधि के माध्यम से योजना का लाभ लें।


### आजसू ने की 14वीं JPSC पीटी रद्द करने की मांग, CBI जांच की उठाई मांग



**रांची।** आजसू पार्टी ने राज्य सरकार से 14वीं JPSC संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर पूरे मामले की CBI से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय महासचिव डॉ. लम्बोदर महतो और मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि परीक्षा में ब्लैकलिस्टेड एजेंसी TDPL को काम देना गंभीर सवाल खड़े करता है। डॉ. महतो ने आरोप लगाया कि 50 सामान्य सीटों के लिए चुने गए 1100 अभ्यर्थियों में 400 हरियाणा-यूपी के हैं। JPSC अध्यक्ष का इस्तीफा और कार्यालय में CID की छापेमारी ने प्रकरण को और संदेहास्पद बना दिया है। डॉ. भगत ने कहा कि सरकार के अधीन एजेंसी से जांच में निष्पक्षता संभव नहीं है। वित्तीय अनियमितताओं की जांच केंद्रीय एजेंसियों से होनी चाहिए। आजसू ने चेतावनी दी कि अगर सरकार शीघ्र निर्णय नहीं लेती तो पार्टी युवाओं के साथ मिलकर लोकतांत्रिक आंदोलन तेज करेगी। प्रेस वार्ता में युवा आजसू नेता अमित यादव, जयकांत कश्यप और प्रताप सिंह मौजूद थे।

## रांचीः घर में घुसकर व्यक्ति की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी। रांची



राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर के खोरहाटोली में बुधवार सुबह एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। अपराधियों ने घर में सो रहे रमेश ठाकुर की लोहे के औजार 'पलाश' से सिर पर वार कर हत्या कर दी। परिजनों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, रमेश ठाकुर मंगलवार रात अपने कमरे में अकेले सो रहे थे। बुधवार सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो उनका शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, रमेश ठाकुर पहले जमीन के कारोबार से जुड़े थे। हाल के दिनों में वह झाड़-फूंक का काम भी करते थे। पुलिस उनके पुराने विवाद, व्यक्तिगत संबंध और अन्य संभावित कारणों की भी जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावरों ने लोहे के औजार 'पलाश' से रमेश ठाकुर के सिर पर कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं और फॉरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। सदर थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि हत्या के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि वारदात को मृतक के परिचित लोगों ने अंजाम दिया है। पुलिस संदिग्धों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ा जा रहा है। हत्या के पीछे की वास्तविक वजह का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

## झारखंड के केवल सात जिलों में सामान्य बारिश, छह जिलों में 40 से 60 प्रतिशत तक वर्षा की कमी

एजेंसी। रांची



झारखंड में मानसून की रफ्तार अब भी असमान बनी हुई है। राज्य के 24 जिलों में से अब तक केवल सात जिलों में सामान्य वर्षा दर्ज की गई है, जबकि छह जिलों में बारिश की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। इन जिलों में सामान्य से 40 से 60 प्रतिशत तक कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, रांची, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, साहिबगंज, दुमका और धनबाद ऐसे जिले हैं, जहां अब तक सामान्य वर्षा दर्ज की गई है। विभाग के मानकों के अनुसार सामान्य से 20 प्रतिशत तक कम वर्षा को सामान्य श्रेणी में माना जाता है। इसके विपरीत गढ़वा, चतरा, देवघर, गोड्डा, पाकुड़ और कोडरमा में वर्षा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इन जिलों में सामान्य से 40 से 60 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे कृषि गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक वर्षा पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में 167.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। वहीं सर्वाधिक तापमान सरायकेला में 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे तथा हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना बना रहा। रांची में अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री और न्यूनतम 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री और न्यूनतम 25.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 30.1 डिग्री और न्यूनतम 23.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है। हालांकि जिन जिलों में अब तक सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है, वहां मानसून की सक्रियता बढ़ने का इंतजार बना हुआ है।

## भारतीय युवक संघ ने स्तंभ एवं भूमि पूजन के साथ दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण का किया शुभारंभ, इस वर्ष बनेगी बृहदेश्वर मंदिर की प्रतिकृति

एजेंसी। रांची



भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार परिसर की ओर से आयोजित होने वाली 68वीं दुर्गा पूजा की तैयारियां बुधवार को विधिवत स्तंभ पूजन एवं भूमि पूजन के साथ शुरू हो गईं। संघ के सचिव रवि रोहतगी ने पूजा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्तंभ पूजन और भूमि पूजन कर पूजा पंडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान आचार्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान का आह्वान किया और आयोजन के सफल संपन्न होने की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो उपस्थित रहीं। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमहापौर नीरज कुमार और वार्ड पार्षद सुनील यादव शामिल हुए। भारतीय युवक संघ की ओर से विनोद छापड़िया, राजेश बुधिया और राकेश गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि भारतीय युवक संघ पिछले 68 वर्षों से बकरी बाजार परिसर में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूजा पंडाल का निर्माण तमिलनाडु के तंजौर स्थित विश्वप्रसिद्ध बृहदेश्वर मंदिर की तर्ज पर किया जाएगा। यह थीम श्रद्धालुओं और कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। राहुल अग्रवाल ने बताया कि पंडाल को इस प्रकार डिजाइन किया जा रहा है कि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के मां दुर्गा के दर्शन कर सकें। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रवेश और निकास की समुचित व्यवस्था के साथ अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। पंडाल निर्माण कार्य में 150 से अधिक कारीगर जुटेंगे, जो निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे अंतिम रूप देंगे। महापौर रोशनी खलखो ने भारतीय युवक संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था वर्षों से भारतीय संस्कृति, धर्म और परंपराओं के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों की प्रतिकृति तैयार कर संघ नई पीढ़ी को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने का सराहनीय कार्य करता है। कार्यक्रम के अंत में संघ के संरक्षक शंभू अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से हर वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन और अधिक भव्य स्वरूप में संपन्न होता है। इस अवसर पर संस्था के अरविंद चौधरी, अमर पोद्दार, कमल जालान, अमित सोनी, सिद्धांत तोदी, विवेक अग्रवाल, रोहित गोयंका, संजय चौधरी, अमित बजाज, दीपक चौधरी, चंदन चौधरी, पवन सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रांची विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट–2026' का आयोजन, युवाओं ने लिया नशा मुक्त भारत का संकल्प




एजेंसी। रांची

राष्ट्रीय सेवा योजना, रांची विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मोराबादी स्थित आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट–2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' रही। डीएसडब्ल्यू प्रो. सुदेश कुमार साहू ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचने और स्वस्थ जीवन अपनाने का आह्वान किया। माय भारत झारखंड की राज्य निदेशक ललिता कुमारी और उप निदेशक श्वेता सिंह ने पोर्टल के अवसरों की जानकारी दी। माय भारत यूथ आइकॉन शुभांगी और झारखंड यूथ आइकॉन डॉ. गौरव अग्रवाल ने नशा मुक्त समाज और विकसित भारत-2047 में युवाओं की भूमिका पर प्रेरक संबोधन दिया। जागरूकता वीडियो, लाइव मेडिटेशन और सामूहिक शपथ भी हुई। कार्यक्रम में 150 से अधिक स्वयंसेवकों ने मौके पर ही 'माय भारत' पोर्टल पर पंजीकरण कराया। मंच संचालन प्रणव राम तिवारी और यति झा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. किशोर सुरीन ने प्रस्तुत किया।

## जेपीएससी कार्यालय के घेराव के बाद कांग्रेस कार्यालय पहुंचे भाजयुमो कार्यकर्ता, परीक्षा परिणाम रद्द करने की मांग तेज

एजेंसी। रांची



झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम को रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं और अभ्यर्थियों ने जेपीएससी कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारी आयोग कार्यालय के बाहर लगाई गई पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ते हुए मुख्य गेट तक पहुंच गए और वहां एक पोस्टर चस्पा कर विरोध जताया। पोस्टर पर लिखा था, "जेपीएससी का क्या रेट है?" जेपीएससी कार्यालय के बाहर पहले से ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात थे। इसके बावजूद कुछ प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग पार कर मुख्य गेट तक पहुंच गए और अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया, जिससे कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जेपीएससी की 14वीं सिविल सेवा परीक्षा में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने परीक्षा परिणाम रद्द करने, पूरी चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराने तथा अभ्यर्थियों के साथ न्याय सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल छात्रों और कार्यकर्ताओं का कहना था कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से रांची आने वाले कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोकने का प्रयास किया। इसके बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जयपाल सिंह स्टेडियम में एकत्र हुए और वहां से मार्च करते हुए जेपीएससी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल जाता। जेपीएससी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन के बाद भाजयुमो कार्यकर्ताओं और छात्रों का हुजूम कचहरी चौक होते हुए शहीद चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ गया। वहां पहुंचकर उन्होंने राज्य सरकार और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की तथा जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। प्रदर्शनकारियों के कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ने की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्यालय के आसपास अतिरिक्त बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी।

## भाजपा ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव, JPSC सहित सभी भर्तियों की CBI जांच की मांग

एजेंसी। रांची

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा ने मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर JPSC-JSSC समेत पिछले 6 वर्षों की भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली पर जवाब मांगा। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। आदित्य साहू ने कहा कि सरकार के कार्यकाल में JPSC, JSSC-CGL, उत्पाद सिपाही और शिक्षक भर्ती जैसी परीक्षाओं में अनियमितता और पेपर लीक के आरोप लगे। लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। उन्होंने 14वीं JPSC सहित सभी विवादित भर्तियों की CBI से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि CID जांच केवल आईवॉश है। JPSC घोटाले का असली मास्टरमाइंड मुख्यमंत्री आवास में बैठा है। उन्होंने JPSC और JSSC से जुड़े सभी मामलों व पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल की CBI जांच की मांग करते हुए कहा कि जब तक युवाओं को न्याय नहीं मिलेगा, भाजपा का आंदोलन जारी रहेगा। घेराव में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, सीपी सिंह, मनोज सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

रेहला थाना काण्ड सं0–118/22 दि0–01.11.2022 धारा–414/429/34 भा0द0वि0 एवं 3/4/5 झा0 गोवंशीय पशु हत्या प्रतिशेध अधिनियम तथा धारा–11(i)/(A) (E)(F) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के अभियुक्त पिक अप वैन सं0–BR-03R-5563 के मालिक मनोज कुमार मिश्रा पिता–स्व0 दशरथ मिश्रा सा0–रुद्र नगर, थाना–शाहपुर, जिला–भोजपुर (आरा) बिहार के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिश्रामपुर, पलामू :– 9431706239
थाना प्रभारी, रेहला, पलामू :– 6204580744

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112
CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091
DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930
AMBULANCE SERVICE-108

PR.NO.385573 Police(26-27):D

# कभी कश्मीर का इंटरनेशनलाइजेशन नहीं किया और न ही ट्रंप से राज्य का दर्जा मांगा

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने कभी भी कश्मीर को 'अंतरराष्ट्रीय मुद्दा' बनाने की कोशिश नहीं की और न ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाने की अपील की. नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के 41 विधायकों के साथ विरोध प्रदर्शन करने के एक दिन बाद मंगलवार को श्रीनगर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए ट्रंप से कभी मदद नहीं मांगी. सीएम अब्दुल्ला ने कहा, 'सच तो सीधा है. मैंने कभी कश्मीर का इंटरनेशनलाइजेशन नहीं किया और न ही मैंने ट्रंप से हमें राज्य का दर्जा दिलाने के लिए कहा. यह पूरी तरह से (भाजपा नेताओं) की टिप्पणी थी कि इन लोगों को जंतर-मंतर से राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा. मैंने प्रतिक्रिया दी कि अगर हमें यह हमारी राष्ट्रीय राजधानी से नहीं मिल सकता, तो हमें यह कहां से मिलेगा. ' उमर अब्दुल्ला ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष के तौर पर यह बात कही.12 जुलाई को जम्मू की एक रैली में मुख्यमंत्री उमर ने मजाक में पूछा था कि क्या उन्हें राज्य के दर्जे के लिए ट्रंप से बात करनी चाहिए, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में बीजेपी नेताओं का कहना है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा या नई दिल्ली में मुद्दा उठाने से



राज्य का दर्जा बहाल नहीं होगा.

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए अपनी लड़ाई की शुरुआत बताते हुए सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि ये कार्यक्रम दिल्ली और जम्मू-कश्मीर दोनों में जारी रहेंगे और बीजेपी को खुश करने के लिए अपने राजनीतिक एजेंडे से कोई समझौता नहीं करेंगे. उन्होंने कहा, 'यह अंत नहीं है. यह जारी रहेगा. हम बैठकर अगला कदम तय करेंगे. यह ऐसे ही चलता रहेगा. हम केंद्र सरकार को उनका वादा याद दिलाने के लिए दृढ़ हैं. हमें उम्मीद है कि आज या कल वे अपना वादा पूरा करेंगे और जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा मिलेगा.' अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी भविष्य में केंद्र सरकार को अपने वादे निभाने की याद दिलाने के लिए जिला या विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम करने में नहीं हिचकिचाएगी.

अनुच्छेद 370 को अपना कोर एजेंडा बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने इसे छोड़ा नहीं है, लेकिन बीजेपी सरकार से इसे फिर से लागू करने की उम्मीद करना बेवकूफी होगी, क्योंकि उन्होंने अगस्त 2019 में इसे हटा दिया था. उन्होंने कहा, 'यह ॾ्ध्ॾ्क के लिए राज्य का दर्जा वापस न करने का बहाना होगा. मैं अपने लोगों को धोखा नहीं देना चाहता और जिन्होंने अनुच्छेद 370 छीना, वे इसे वापस लाएंगे, यह बेवकूफी है.' उन्होंने कहा, 'राज्य के दर्जे के बिना अनुच्छेद 370 का कोई मतलब नहीं है. '

# यूपी और बिहार में 26 जुलाई तक झमाझम बारिश, अगले 24 घंटे में तेजी से बरसेंगे बादल



**लखनऊ/पटना/एजेंसी।** लंबे इंतजार के बाद मानसून ने पूरे देश में जोरदार वापसी कर ली है। अगले एक सप्ताह तक जम्मू-कश्मीर से लेकर असम तक कई राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना है। सबसे ज्यादा असर उत्तर-पश्चिम भारत के राज्यों पर पड़ सकता है। हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में तीन-चार दिनों तक तेज बारिश का दौर जारी रह सकता है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने पर्वतीय क्षेत्रों में बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन का भी खतरा जताया है। हालांकि खेती के लिहाज से इसे अच्छा माना जा रहा है। जून में पूरे देश में 40 प्रतिशत तक कम बारिश हो पाई थी। जुलाई के पहले हफ्ते में दक्षिण एवं उत्तर-पूर्वी राज्यों में भारी बारिश के चलते इस औसत में काफी सुधार आया, लेकिन दूसरे सप्ताह से लगातार सूखे ने खेती बारी का संकट बढ़ा दिया था। अब फिर उम्मीद जगी है।

आईएमडी के अनुसार इस दौर की बारिश से संतुलन सुधर सकता है। जिन इलाकों में अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है, वहां भी वर्षा का औसत बढ़ सकता है। कुछ कमी आ सकती है। इसके बावजूद उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में मानसून सक्रिय रहेगा, जबकि पश्चिमी राजस्थान और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में इसकी गतिविधियां अपेक्षाकृत कमजोर रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस समय मानसूनी ट्रफ राजस्थान के गंगानगर से रोहतक, सुल्तानपुर होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। साथ ही झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और बंगाल की खाड़ी के ऊपर कई साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय हैं। इन सभी मौसमी प्रणालियों के एक साथ सक्रिय होने से देश के अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियां बढ़ी है। यही वजह है कि पिछले 24 घंटों के दौरान देश के लगभग 80 प्रतिशत हिस्से में बारिश दर्ज की गई और अगले एक-दो दिनों में पूरा देश बारिश के प्रभाव में आ सकता है। अगले तीन दिनों में उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में कहीं-कहीं अत्यंत भारी वर्षा हो सकती है। इससे बादल फटने, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। मैदानी इलाकों में भी मानसून ट्रफ के थोड़ा दक्षिण की ओर खिसकने से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बिहार में अच्छी बारिश के आसार बने हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्माइल ट्रेन इंडिया ने 8 लाख से अधिक मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी पूरी की

**भोपाल।** हर साल 20 जुलाई को दुनिया भर में विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवस (वर्ल्ड क्लेफ्ट अवेयरनेस डे) मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2025 में स्माइल ट्रेन ने की थी, ताकि क्लेफ्ट (कटे होंठ और तालू) के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़े और इस विषय को सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चा का विषय बनाया जा सके। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्लेफ्ट के साथ जन्म लेने वाले हर बच्चे को समय पर और पूरा इलाज मिल सके। इस वर्ष क्लेफ्ट उपचार के क्षेत्र में काम करने वाली देश की अग्रणी गैर-लाभकारी संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2000 से अब तक संस्था ने पूरे भारत में 8 लाख से अधिक बच्चों की मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी कराने में मदद की है। इस बड़ी उपलब्धि के बाद अब संस्था का मुख्य ध्यान लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर है, ताकि क्लेफ्ट के साथ जन्म लेने वाले हर बच्चे की समय रहते पहचान हो सके और उसे सही समय पर इलाज मिल सके, जिससे वह स्वस्थ और बेहतर जीवन जी सके। स्माइल ट्रेन एशिया क्षेत्र की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और रीजनल डायरेक्टर ममता कैरोल ने कहा, 'हमने क्लेफ्ट के इलाज को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में अच्छी प्रगति की है, लेकिन जागरूकता की कमी आज भी हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। हर दिन हमारे पास ऐसे बच्चे आते हैं, जिन्हें इलाज के लिए कई महीने या कभी-कभी कई साल बाद लाया जाता है। इसकी वजह इलाज की कमी नहीं, बल्कि यह है कि कई परिवारों को पता ही नहीं होता कि क्लेफ्ट का सफल इलाज संभव है। इसके अलावा समाज में फैली गलत धारणाएं और डर भी इलाज में देरी का कारण बनते हैं। अगर हम जागरूकता की इस कमी को दूर कर सकें, तो हर बच्चे तक समय पर इलाज पहुंचाया जा सकता है और कोई भी बच्चा इलाज से वंचित नहीं रहेगा।' भारत में हर साल लगभग 25,000 बच्चे क्लेफ्ट (कटे होंठ या कटे तालू) के साथ जन्म लेते हैं। लेकिन जागरूकता की कमी, गलत धारणाओं, गलत जानकारी और सामाजिक भेदभाव के कारण कई बच्चों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। इलाज में देरी होने से बच्चों को दूध पीने और खाना खाने में परेशानी, कुपोषण, बोलने और सुनने में दिक्कत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही, उन्हें आगे चलकर सामाजिक और भावनात्मक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। समय पर क्लेफ्ट की पहचान और सही समय पर सर्जरी कराने से बच्चों का इलाज बेहतर तरीके से हो सकता है और उन्हें जरूरी सभी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकता है।

### गुजरात अवैध पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट घटना, मृतकों की संख्या 10 हुई

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद के रामोल इलाके में शनिवार को एक गैर-कानूनी पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने की घटना में से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई. यह फैक्ट्री, जिसका लाइसेंस खत्म होने के बाद अधिकारियों ने पहले ही सील कर दिया था, खबर है कि जब यह दुखद घटना हुई, तब यह चोरी-छिपे चल रही थी. एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार डीसीपी मयूर पाटिल ने मंगलवार को कहा, 'रामोल इलाके में एक गैर-कानूनी पटाखा फैक्ट्री में आग लग गई, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई. हमने पहले फैक्ट्री को बंद कर दिया था क्योंकि उसका लाइसेंस 31 मार्च, 2026 को खत्म हो गया था, सील कर दिया गया था. हालांकि, रथ यात्रा के लिए सुरक्षा इंतजामों में पुलिस के व्यस्त होने का फायदा उठाकर, उन्होंने गैर-कानूनी फैक्ट्री को फिर से खोलने की कोशिश की. इससे एक हादसा हुआ और 10 लोगों की जान चली गई.' सीनियर अधिकारी ने आगे कहा कि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोकने के लिए ऐसी गैर-कानूनी जगहों पर कार्रवाई तेज कर दी गई है.

# 800 श्रद्धालुओं को लेकर दादर से बोधगया रवाना हुई भारत गौरव ट्रेन, संजय शिरसाट ने दिखाई हरी झंडी

**दादर , एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दादर रेलवे टर्मिनस से बोधगया के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महाराष्ट्र सरकार और आईआरसीटीसी की संयुक्त पहल के तहत संचालित इस विशेष ट्रेन में करीब 800 श्रद्धालु भगवान बुद्ध से जुड़े प्रमुख धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के लिए रवाना हुए। यह मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत चलाई गई तीसरी विशेष तीर्थयात्री ट्रेन है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सुविधाजनक तीर्थयात्रा उपलब्ध कराना है।

आईआरसीटीसी और महाराष्ट्र सरकार के बीच हुए समझौता ज्ञापन के तहत भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में दादर से बोधगया के लिए विशेष ट्रेन का संचालन किया गया। ट्रेन को रवाना करने के अवसर पर विधायक कालिदास कोलंबकर, तुकाराम काते, विधान परिषद



सदस्य मनीषा कायंदे, महाराष्ट्र शासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कार्यक्रम में आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र के ग्रुप जनरल मैनेजर गौरव झा, अतिरिक्त महाप्रबंधक हर्षवर्धन सिंह रावत, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. एके सिंह, मध्य रेलवे मुंबई मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक तरुण कुमार सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत इससे पहले छत्रपति संभाजीनगर और नागपुर से दो विशेष तीर्थयात्री ट्रेनों का सफल संचालन किया जा चुका है। दादर से रवाना हुई यह तीसरी विशेष ट्रेन है, जो श्रद्धालुओं को भगवान बुद्ध से जुड़े प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कराएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नागरिकों को देश की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। आईआरसीटीसी ने यात्रा को सुगम बनाने के लिए अनुभवी टूर मैनेजरों की तैनाती की है। श्रद्धालुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन, आवास, स्थानीय परिवहन, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है।

## एयरोट्रोपोलिस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की कवायद, गमाडा का दावा- सिर्फ मुआवजा नहीं, कई सुविधाएं भी देंगे

**मोहाली, एजेंसी।** एयरोट्रोपोलिस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) ने कवायद तेज कर दी है। किसानों और भूमि मालिकों को नकद मुआवजे के अलावा कई अतिरिक्त सुविधाएं देने की घोषणा की है। पात्र भूमि मालिकों को दो विकल्प दिए जाएंगे। पहले विकल्प में यदि भूमि मालिक को लैंड पूलिंग योजना के तहत विकसित प्लॉट मिलता है तो उसकी रजिस्ट्री या कन्वेयंस डीड पर कोई स्टांप ड्यूटी या अन्य शुल्क नहीं लिया जाएगा। दूसरे विकल्प के तहत यदि भूमि मालिक पंजाब में कहीं भी नई जमीन खरीदता है तो अधिग्रहित जमीन की कलेक्टर दर के आधार पर स्टांप ड्यूटी में छूट का लाभ मिलेगा। इसके लिए राजस्व विभाग अलग से आवश्यक निर्देश जारी करेगा। इसके अलावा पात्र किसानों को एक प्राथमिकता वाला ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। सहूलियत प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) दो माह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन देने की प्रक्रिया पूरी करेगा। गमाडा ने स्पष्ट किया है कि मुआवजा जमाबंदी और इंतकाल में दर्ज हिस्सेदारी के अनुसार सीधे भूमि मालिकों को दिया जाएगा। यदि जमीन पर किसी प्रकार का बैंक ऋण या अन्य देनदारी होगी तो पहले उसका भुगतान किया जाएगा और शेष राशि संबंधित भूमि मालिक को मिलेगी।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि कार सेवा पर स्वामी सच्चिदानंद का ऐलान**

## 9 अगस्त को चित्रगुप्त पीठ में होगा भूमि पूजन

**मथुरा, एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति अभियान के तहत प्रस्तावित कार सेवा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। कार सेवा का आह्वान करने वाले चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की नई रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले 9 अगस्त को दिल्ली में प्रस्तावित कार्यक्रम अब चित्रगुप्त पीठ, जुलहेंदी में आयोजित किया जाएगा।

स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने बताया कि 9 अगस्त को चित्रगुप्त पीठ में कार्यशाला के भूमि पूजन के साथ कार सेवा का शुभारंभ होगा। इस दौरान कारीगर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए पत्थरों का चयन और प्रारंभिक कार्य करेंगे। उन्होंने इसे सनातन समाज की आस्था और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया। मीडिया से बात करते हुए स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज, निर्मोही अखाड़े के महंत सीताराम दास सहित देशभर से बड़ी संख्या में साधु-संत और सनातन धर्मावलंबी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

गौरतलब है कि 4 जुलाई को स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के समर्थन में कार सेवा का आह्वान करते हुए एक बयान दिया था, जिसे लेकर व्यापक चर्चा और विवाद भी हुआ था। इसके बाद अब उन्होंने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की है। फिलहाल 9 अगस्त को चित्रगुप्त पीठ, जुलहेंदी में होने वाले भूमि पूजन और कार सेवा पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। प्रशासन भी कार्यक्रम को लेकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वहीं, आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन पूरी तरह धार्मिक परंपराओं के अनुरूप और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

**नेतृत्व पर लगाए गंभीर आरोप**

## नागालैंड में कांग्रेस का पत्ता साफ! मोकोकचुंग के कई नेताओं ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**कोहिमा, एजेंसी।** नागालैंड में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। मोकोकचुंग के एनपीसीसी, डीसीसी, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस और अन्य पदाधिकारियों के एक समूह ने नागालैंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एनपीसीसी में कथित कुप्रबंधन, मनमाने कामकाज और बढ़ती गुटबाजी का हवाला देते हुए पार्टी के सभी पदों और इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। पार्टी अध्यक्ष को भेजे गए इस्तीफे में नेताओं ने एनपीसीसी नेतृत्व पर कुप्रबंधन, तानाशाही शैली में काम करने और पार्टी के भीतर बढ़ते गुटबाजी के माहौल का आरोप लगाया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष को संबोधित पत्र में नेताओं ने कहा कि उन्होंने भारी मन और गहरी पीड़ा के साथ यह फैसला लिया है। उनका कहना है कि एनपीसीसी नेतृत्व के लगातार कुप्रबंधन और एकतरफा कार्यशैली के कारण पार्टी में अराजकता, भ्रम और विभाजन की स्थिति पैदा हो गई है।

**मोकोकचुंग के कई नेताओं ने दिया सामूहिक इस्तीफाः** : पत्र में आरोप लगाया गया है कि पिछले कुछ महीनों में नेतृत्व के



फैसलों ने जिला स्तर पर पार्टी संगठन को कमजोर कर दिया है। नेताओं का कहना है कि संगठन को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के बजाय समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी की गई, जिससे अविश्वास और गुटबाजी का माहौल बना।

**नागालैंड में कांग्रेस के खात्मे के बावजूद दिया समर्थनः** इस्तीफा देने वाले नेताओं ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में उनके लिए सम्मानपूर्वक जनता की सेवा करना संभव नहीं रह गया है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2015 में जब कांग्रेस नागालैंड में लगभग समाप्त होने की स्थिति में थी, तब भी वे पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा के प्रति पूरी निष्ठा के साथ जुड़े रहे, लेकिन अब वे अपने जिले और पूरे राज्य में पार्टी संगठन को कमजोर होते हुए चुपचाप नहीं देख सकते। इसी कारण उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सभी पदों और जिम्मेदारियों के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से भी तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देने का फैसला किया है। सामूहिक इस्तीफा देने वालों में मोकोकचुंग जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वातिमोंगबा आइर, एनपीसीसी के सचिव (पूर्व डीसीसी उपाध्यक्ष) लानुसानेन इमसोंग, एनपीसीसी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष एवं पूर्व महासचिव प्रकाश एले सहित कई अन्य पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं।

# संगठन में 17 साल गुजारने के बाद नक्सली बबीता मुख्यधारा में लौटी वापस, कहा- अब मिली सही राह

**गिरिडीह, एजेंसी।** भाकपा माओवादी नक्सली संगठन की स्पेशल एरिया कमिटी सदस्य अजय महतो की पत्नी बबिता उर्फ बबिता कुमारी उर्फ बबिता देवी उर्फ बबिता दी उर्फ बबिता महतो ने मंगलवार को विधिवत रूप से आत्मसमर्पण कर दिया. पिछले चार-पांच दिनों से उनकी सरेंडर की चर्चा चल रही थी.

गिरिडीह जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमिटी के समक्ष सरेंडर

गिरिडीह जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमिटी के सदस्यों के समक्ष भाकपा (माओवादी) एरिया कमेटी सदस्य अनिता किस्कू उर्फ बबिता ने समर्पण किया. एसपी डॉ. बिमल कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद और अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार के समक्ष सरेंडर के दौरान बबिता ने मीडिया से बातचीत की. उन्होंने कहा, 'वह राह भटक गई थी, अब सही रास्ते पर आई हैं. '

**एसपी डॉ. बिमल कुमार का बयानः** इससे पहले पुलिस केंद्र गिरिडीह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के नक्सलियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई के निर्देश के आलोक में गिरिडीह जिलान्तर्गत पारसनाथ जोन में नियमित रूप से नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान का परिणाम है कि अनिता किस्कू उर्फ बबिता मुख्यधारा से जुड़ी हैं. एसपी ने कहा कि अब अनिता मुख्यधारा से जुड़कर झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित पुनर्वास नीति का लाभ लेते हुए पारिवारिक जीवन का आनंद ले सकेंगी.



बबिता महतो के आत्मसमर्पण से अन्य नक्सलियों को भी आत्मसमर्पण करने की प्रेरणा मिलेगी. वे लोग भी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे. इनके आत्मसमर्पण से नक्सली घटनाओं में कमी आएगी तथा गिरिडीह, बोकारो, कोल्हान एवं सिंहभूम आदि क्षेत्रों के साथ-साथ पूरे झारखण्ड में नक्सलियों के मनोबल में गिरावट आएगी. अन्य नक्सली भी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अग्रसर होंगे. एसपी ने बताया कि बबिता के खिलाफ 15 मामले दर्ज हैं. इनमें मधुबन थाना में दो मामले, गुवा थाना में दो मामले, चाईबासा के मुफ्फसिल थाना में दो मामले, टोंटो थाना इलाके में आठ मामले और टोकलो थाना में एक कांड शामिल है. कक्षा चार तक पढ़ी 30 वर्षीय बबिता बोकारो के चतरोचट्टी (पुराना थाना गोमियां का लुगु पहाड़ी जोन) ढोढ़ी, जलगा टोली की रहने वाली थी. नक्सली संगठन में इसका कार्य क्षेत्र पारसनाथ जोन, लुगुपहाड़ी, झुमरापहाड़ी, कोल्हान क्षेत्र रहा था. साल 2009 में नारी मुक्ति संघ की सदस्य दुला दी के साथ नाच-गान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बबिता घर से निकल गई थी. इसी दौरान कुख्यात नक्सली संतोष महतो के संपर्क में आई. उनके साथ पांच अन्य लड़कियां भी संगठन में थीं. वर्ष 2014 तक वे संतोष महतो, भवन महतो एवं पतिराम महतो के संपर्क में रहीं. बबिता ने पुलिस को बताया कि इस दौरान अजय महतो के साथ वह अपनी मां-पिताजी से भेंट करने लुगु आई. एक सप्ताह घर में रहने के बाद असना पहाड़ी जिल्गा में सभी लोगों की सूचना मिलने पर वापस आई और अजय महतो के साथ रहने लगीं. प्रयाग मांझी और जया के कहने पर 2017 में अजय महतो ने बबिता के साथ शादी रच ली. शादी मधुबन के डेंगा पहाड़ी के ऊपर जंगल में हुई थी. बबिता अलग-अलग जगह से लूटे गए हथियार, गोली एवं विस्फोटकों को विभिन्न जंगलों में छिपाकर रखती थीं. पुलिसिया पूछताछ में बबिता ने बताया कि पार्टी द्वारा पारसनाथ जोन क्षेत्र में संगठन के सदस्यों की उपस्थिति में लोगों में भय पैदा करना, लेवी प्राप्त करना तथा लेवी नहीं मिलने पर आमजनों एवं पुलिस बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से कई घटनाओं को अंजाम दिया गया.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### गरीब मरीजों की अनदेखी कब तक?

सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों और डाक्टरों को कड़ी फटकार लगाते हुए तल्ख टिप्पणी की कि अगर आप अपनी ड्यूटी नहीं निभा सकते, तो आपको डाक्टर कहलाने का कोई हक नहीं है। चिकित्सा पेशे की सबसे बुनियादी और प्राथमिक शर्त यही होनी चाहिए कि एक चिकित्सक किसी घायल व्यक्ति का बिना किसी औपचारिकता की मांग किए तुरंत इलाज करे और सबसे पहले उसका जीवन बचाने की कोशिश करे। विडंबना यह है कि कई बार अस्पताल और वहां मौजूद डाक्टर घायल मरीज को तुरंत उपचार मुहैया कराने के बजाय टालमटोल करते हैं या फिर मना कर देते हैं। नतीजतन, सिर्फ इलाज न मिलने की वजह से बच सकने वाले व्यक्ति की भी मौत हो जाती है।सवाल है कि ऐसी स्थिति में पीड़ित की मौत के लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। गौरतलब है कि बीते मार्च में बलात्कार की शिकार हुई महज चार साल की एक बच्ची को बुरी तरह घायल अवस्था में गाजियाबाद के दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन वहां उसे भर्ती करने से मना किया गया। आखिरकार इसी वजह से उसकी जान चली गई। सवाल है कि जघन्य अपराध का शिकार हुई पीड़ित बच्ची को तुरंत उपचार मुहैया कराना डाक्टरों ने जरूरी क्यों नहीं समझा? ऐसे में बच्ची की मौत के लिए आखिर उन अस्पतालों और वहां मौजूद डाक्टरों को भी जिम्मेदार क्यों नहीं माना जाए?इस मामले में बीते शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों और डाक्टरों को कड़ी फटकार लगाते हुए तल्ख टिप्पणी की कि अगर आप अपनी ड्यूटी नहीं निभा सकते, तो आपको डाक्टर कहलाने का कोई हक नहीं है। अदालत ने यह भी पूछा कि क्या आपने इसलिए नजरअंदाज किया कि पीड़ित बच्ची गरीब थी और आपकी फीस नहीं दे सकती थी? शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी इस घटना के बहाने बड़े फलक के सवाल उठाती है। यह शिकायत आम है कि निजी अस्पतालों में किसी मरीज के इलाज के बजाय पैसे को ज्यादा अहमियत दी जाती है और गरीब तबकों के लोगों को वहां उपेक्षा या खराब व्यवहार का सामना करना पड़ता है। मगर बलात्कार जैसे गंभीर अपराध का शिकार और घायल होने की स्थिति के बावजूद अगर बच्ची का इलाज करने से मना किया गया, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन अस्पतालों के प्रबंधक और डाक्टर कितने संवेदनहीन रहे होंगे। चिकित्सा पेशे से जुड़े सभी लोगों और संस्थानों को सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में अपनी ड्यूटी और उपयोगिता के बारे में ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ विचार करने की जरूरत है।

### सोनम वांगचुक का अनशन- संवाद की जगह बल प्रयोग क्यों?

दिल्ली में जंतर-मंतर पर अनशन कर रहे सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा जबरन अस्पताल में भर्ती करा देने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।भारत समेत दुनिया भर में अनशन के जरिए व्यवस्था में बदलाव लाने की कोशिशें इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। आजादी के बाद देश के संविधान में अभिव्यक्ति के अधिकार को शामिल किया गया, जिसमें शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन की अनुमति का भी प्रावधान है। संविधान देश के हर नागरिक को यह इजाजत देता है कि वह शासन-प्रशासन, संस्था या किसी समूह की नीतियों और निर्णयों को लेकर कानून के दायरे में रहकर अपना असंतोष प्रकट कर सकता है। ऐसे में सवाल है कि क्या किसी व्यक्ति को अनशन करने से जबरन रोका जा सकता है?मामला तब और भी संवेदनशील, गंभीर और महत्त्वपूर्ण हो जाता है, जब अनशन देश की व्यवस्था में सुधार के मुद्दे पर केंद्रित हो। दिल्ली में जंतर-मंतर पर पिछले बीस दिन से अनशन कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा शनिवार को जबरन अस्पताल में भर्ती करा देने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।दरअसल, नीट में गड़बड़ियों को लेकर काकरोच जनता पार्टी (काजपा) की ओर से जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग कर रहे हैं। सोनम वांगचुक ने इस मांग के समर्थन में अनशन शुरू किया था। उम्मीद की जा रही थी कि सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर समाधान का कोई रास्ता निकालेगी, लेकिन इसके विपरीत पुलिस ने वांगचुक को जबरन अस्पताल में भर्ती करा दिया। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार को असल में वांगचुक के स्वास्थ्य की फिक्र है या फिर यह सब आंदोलन की आवाज को दबाने के प्रयास का हिस्सा है।

*खैबर पख्तूनख्वा की जटिल परिस्थितियां, अफगानिस्तान के साथ इसके ऐतिहासिक और सामाजिक संबंध तथा पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां भारत के लिए प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के साथ कूटनीतिक, रणनीतिक और क्षेत्रीय सहयोग के नए अवसर प्रस्तुत कर रही हैं। भारत की नीति परंपरागत रूप से क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद का विरोध और विकास में सहयोग पर केंद्रित रही है।*

## अंदर से दरक रहा पाकिस्तान! बलूचिस्तान, पीओके और पख्तूनख्वा में मचा असंतोष,भारत के लिए खुले दरवाजे

(ब्रह्मदीप अलूने)

बलूचिस्तान, पीओके और खैबर पख्तूनख्वा में बढ़ते असंतोष के बीच पाकिस्तान राजनीतिक और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। जानें कैसे यह स्थिति भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक अवसर बन सकती है। टूटी हुई आकृति के रूप में दर्शाया गया पाकिस्तान का मानचित्र, जिस पर बड़े अक्षरों में लिखा है-÷क्या टूट जाएगा पाकिस्तान? यह देश के भीतर बढ़ती राजनीतिक अस्थिरता और अलगाववादी चुनौतियों का सांकेतिक चित्रण है। पाकिस्तान की राजनीति में सैन्य वर्चस्व ने वहां की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया है, आर्थिक सुधारों को बाधित किया है और कट्टरपंथी संगठनों के प्रति दोहरी नीति को जन्म दिया है। इसके कारण पाकिस्तान आज राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। यह स्थिति भारत के लिए अनेक रणनीतिक अवसर प्रस्तुत करती है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में वहां की हुकूमत के खिलाफ प्रदर्शन की आवाज के बीच भारत का समर्थन देखा जा रहा है। वहीं, बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान को भारत से सीखने की नसीहत दे रहे हैं और खैबर पख्तूनख्वा में पश्तूनी नागरिक पाकिस्तान से ज्यादा भारत के करीब नजर आते हैं। विरोध के मुखर होते स्वर पाकिस्तान औपचारिक रूप से पंजाब, सिंध, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों को मिलाकर संघीय गणराज्य है। गिलगित-बाल्टिस्तान तथा पीओके अलग प्रशासनिक इकाइयां हैं। पिछले एक दशक में खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, गिलगित-बाल्टिस्तान तथा पीओके में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधी मसलों को लेकर असंतोष लगातार बढ़ा है। पीओके तथा गिलगित-बाल्टिस्तान में उभरते राजनीतिक, आर्थिक और प्रशासनिक असंतोष भारत के लिए कूटनीतिक, रणनीतिक और वैचारिक स्तर पर अपनी स्थिति सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करते हैं। भारत लंबे समय से इन क्षेत्रों को अपने अभिन्न अंग के रूप में मानता है। ऐसे में भारत को यहां की मौजूदा परिस्थितियों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तथ्यों और मानवाधिकार संबंधी चिंताओं के आधार पर प्रभावी ढंग से उठाने का प्रयास करना चाहिए। भारत की लोकतांत्रिक साख को पाकिस्तान पर स्वाभाविक बढ़त हासिल है और यही भारत की असल ताकत भी है। लोकतांत्रिक संस्थाएं, स्वतंत्र न्यायपालिका, नियमित चुनाव, स्थानीय स्वशासन और संवैधानिक अधिकार किसी भी क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए अनिवार्य होते हैं। भारत का लोकतांत्रिक शासन मॉडल और विकास-आधारित दृष्टिकोण दुनिया के सामने है। पाकिस्तान में नागरिक स्वतंत्रता, राजनीतिक अधिकारों और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे मुद्दों को लेकर लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों के सार्वभौमिक सिद्धांतों के संदर्भ में इसे पुरजोर तरीके से उठाने के साथ विकास, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और लोकतांत्रिक भागीदारी के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर में हुए परिवर्तनों को वैश्विक समुदाय के समक्ष अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर दोनों ओर की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की तुलना का एक वैकल्पिक विमर्श दुनिया के सामने ला सकता है। भारत के लिए अवसरभारत के लिए इस अवसर को कश्मीर को लेकर भ्रम फैलाने की पाकिस्तान की नीति की हकीकत को दुनिया के सामने लाने के एक बड़े मौके के रूप में देखा जाना चाहिए। गिलगित-बाल्टिस्तान का सामरिक महत्व भी है। यह क्षेत्र चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का प्रमुख प्रवेश मार्ग है। यह परियोजना उस क्षेत्र से होकर गुजरती है, जो भारत की जमीन है और चीन का वहां अवैध कब्जा है। भारत अपने प्रमुख साझेदार देशों के साथ आतंकवाद, सीमा-पार आतंकवाद, क्षेत्रीय स्थिरता और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाकर अपनी रणनीतिक स्थिति को और सुदृढ़ कर सकता है। भारत की नीति का आधार संयम, कूटनीतिक सक्रियता, राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारी और क्षेत्रीय स्थिरता होना चाहिए। पीओके में विभिन्न राजनीतिक विचारधाराएं और आकांक्षाएं मौजूद हैं। इसलिए भारत के लिए सबसे प्रभावी रणनीति यह होगी कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों, विकास, सुशासन और संवैधानिक व्यवस्था की अपनी उपलब्धियों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करे तथा कूटनीतिक स्तर पर अपने दावों और हितों को तथ्य एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप आगे बढ़ाए। बलूचिस्तान में जारी असंतोष, मानवाधिकार संबंधी चिंताएं तथा राजनीतिक अस्थिरता भारत के लिए अपनी कूटनीतिक सक्रियता और वैश्विक विश्वसनीयता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। भारत लंबे समय से आतंकवाद के खात्मे, क्षेत्रीय स्थिरता और लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत करता रहा है। किसी भी बहु-जातीय और बहुभाषी समाज में दीर्घकालिक स्थिरता केवल सैन्य उपायों से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी, संवैधानिक अधिकारों, न्यायपूर्ण प्रशासन और समावेशी विकास से सुनिश्चित होती है। पाकिस्तान में सैन्य तानाशाही से लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं की रिपोर्ट और संयुक्त राष्ट्र में बलूचिस्तान में गुमशुदगी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं नागरिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चिंता सामने आई है। भारत इन विषयों पर सिद्धांत आधारित और तथ्यपरक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपनी कूटनीतिक स्थिति स्पष्ट कर सकता है। इससे भारत की यह छवि मजबूत होगी कि वह मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को महत्त्व देता है। रणनीतिक तकाजा बलूचिस्तान की अस्थिरता यह दर्शाती है कि केवल सैन्य दृष्टिकोण से जटिल राजनीतिक समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। भारत इस अनुभव के आधार पर आतंकवाद के खिलाफ व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग, कट्टरपंथ के विरुद्ध साझा रणनीति और क्षेत्रीय स्थिरता की आवश्यकता पर बल दे सकता है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की सुरक्षा संबंधी चुनौतियां यह संकेत देती हैं कि बड़े अवसंरचनात्मक निवेश तभी सफल हो सकते हैं, जब स्थानीय समुदायों की भागीदारी और राजनीतिक स्वीकार्यता सुनिश्चित हो। भारत अपने संपर्क और विकास संबंधी परियोजनाओं में स्थानीय भागीदारी, पारदर्शी शासन और साझेदारी-आधारित मॉडल को प्रमुखता देकर स्वयं को एक विश्वसनीय विकास साझेदार के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। पाकिस्तान में दीर्घकालिक अस्थिरता का प्रभाव सीमा-पार सुरक्षा, आतंकवाद, शरणार्थी संकट और क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग पर भी पड़ सकता है। इसलिए भारत के हित में यही होगा कि वह मजबूत सीमा सुरक्षा, प्रभावी कूटनीति, वैश्विक साझेदारियों और लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थन के माध्यम से अपनी स्थिति को सुदृढ़ करे। भारत के लिए कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां भारत के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण सावधानियां भी आवश्यक हैं। खैबर पख्तूनख्वा में अस्थिरता से आतंकवादी संगठनों की गतिविधियां बढ़ सकती हैं, जिनका प्रभाव पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा पर पड़ सकता है। इसलिए भारत को सीमा सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, खुफिया समन्वय तथा क्षेत्रीय कूटनीति को निरंतर मजबूत बनाए रखना होगा।

## भारत से टकराने की जिद बड़ी भारी पड़ती है, 'हिंदुस्तान के हिस्से का बिल' भी भर रहा है पाकिस्तान!

(नीरज कुमार दुबे)

भारत का रुख बिल्कुल स्पष्ट है। नई दिल्ली का कहना है कि मौजूदा परिस्थितियां 1960 जैसी नहीं रहीं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आबादी, ऊर्जा की आवश्यकता, नई प्रौद्योगिकी और सबसे बढ़कर पाकिस्तान प्रायोजित सीमापार आतंकवाद ने पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। ऐसे में संधि की समीक्षा और नए सिरे से विचार स्वाभाविक आवश्यकता है। सीमापार आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति बना चुके पाकिस्तान की आज ऐसी दुर्गति हो चुकी है कि वह भारत के खिलाफ साजिश रचने की कीमत भी अपनी जेब से चुका रहा है। दरअसल, सिंधु जल संधि को लेकर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घेरने की नाकाम कोशिश में इस्लामाबाद न केवल अपनी ओर से खर्च उठा रहा है, बल्कि भारत के हिस्से का व्यय भी खुद अदा कर रहा है। यानी जिस देश को वह कटघरे में खड़ा करना चाहता है, उसी का बिल भी उसे भरना पड़ रहा है। यह दृश्य पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली, कूटनीतिक बेबसी और बौखलाहट का सबसे बड़ा प्रमाण है। दुनिया के सामने भारत को घेरने निकला पाकिस्तान आज अपनी ही बनाई चाल में फंसकर उपहास का पात्र बन गया है। हम आपको बता दें कि सिंधु जल संधि वर्ष 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई थी। इस व्यवस्था के अंतर्गत छह नदियों के जल के बंटवारे का ढांचा तय किया गया था। दशकों तक भारत ने संधि का पूरी निष्ठा से पालन किया, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान लगातार आतंकवाद को संरक्षण देता रहा। पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने साफ संदेश दिया कि जब तक पाकिस्तान सीमापार आतंकवाद का विश्वसनीय और स्थायी रूप से परित्याग नहीं करता, तब तक सामान्य स्थिति की उम्मीद नहीं की जा सकती। इसी क्रम में भारत ने संधि से जुड़ी कार्यवाहियों में अपनी भागीदारी स्थगित कर दी।भारत का रुख बिल्कुल स्पष्ट है। नई दिल्ली का कहना है कि मौजूदा परिस्थितियां 1960 जैसी नहीं रहीं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आबादी, ऊर्जा की आवश्यकता, नई प्रौद्योगिकी और सबसे बढ़कर पाकिस्तान प्रायोजित सीमापार आतंकवाद ने पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। ऐसे में संधि की समीक्षा और नए सिरे से विचार स्वाभाविक आवश्यकता है। इसके विपरीत पाकिस्तान हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को घेरने की नाकाम कोशिश कर रहा है। लेकिन विडंबना देखिए कि जिस मध्यस्थता प्रक्रिया से वह भारत पर दबाव बनाना चाहता है, उसी का पूरा आर्थिक बोझ भी उसे स्वयं उठाना पड़ रहा है। यह उस कूटनीतिक दिवालियेपन का प्रतीक है जिसमें पाकिस्तान दुनिया के सामने अपनी दलीलें जीवित रखने के लिए किसी भी कीमत पर तैयार दिखाई देता है। सच्चाई यह भी है कि सिंधु जल संधि से दशकों तक सबसे बड़ा लाभ पाकिस्तान को मिला।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6160

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6159

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 6160

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| ■ | 9 | | ■ | 10 | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | ■ |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | 19 | | |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | | ■ |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. रेग्युलेटिंग एक्ट के तरत भारत के इस शहर में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गई थी (4)
4. यह इजराइल की गुप्तचर संस्था का नाम है (3)
7. टांका, सिलाई का जोड़ (3)
8. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, रनिवास, अंतपुर (3)
9. समया हुहआ, तन्मय, ध्यानमग्न (3)
11. सहित, समेत (2)
12. शरीर की सबसे छोटी हड्डी स्टेपिस इस अंग में स्थित है (2)
13. वर्तमान का विश्व प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर, अत्यंत विशाल (3)
14. भास्कर, दिनपति, दिनकर (3)
16. पुत्र, पूत, सुत (2)
18. विविध भारती से नाटकों पर आधारित एक दैनिक कार्यक्रम (5)
20. प्रबल अभिलाषा, गहरी चाल (3)
22. प्रवाहित होना, धारा में आगे बढ़ना (3)
23. ध्वनि करना, बजाना (3)
24. बरसात की ऋतु में गाया जाने वाला गीत, काली आंखों वाली गाय (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भारत की इस नदी को संहारलीला से दुखित होकर लोग इसे बिहार की शोक नदी कहकर पुकारेन लगे थे (2)
2. प्रेमासक्त, अनुरागी,दीवाना, प्रेमलीला (4)
3. वन, जंगल, अरण्य (3)
4. जमाया हुआ मिट्टी का तेल, भ्रमरज (2)
5. हिम्त, जीवटता, बल प्रयोग (3)
6. तैयारदाल के बीज (4)
10. साफ इंकार (5)
12. बुलाने की घंटी (4)
13. वियोग, अभाव, अविद्यामानता (3)
15. दुल्हन, नवविवाहिता (उर्दू) (4)
17. टरकाना, स्थगित कर देना (3)
19. खुशबू, सुगंध, गमक (3)
21. ऊंचाई (केवल प्राणियों के लिए) (2)

### वर्ग पहेली 6159 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | हौ | र | ■ | ■ | ज | मै | का |
| ला | ज | वा | ब | ■ | वा | दा | ■ |
| अ | ■ | दा | दा | मु | नी | ■ | स्पे |
| म | क | र | ■ | खा | ■ | बा | न |
| र | वि | ■ | वि | कृ | ति | ■ | ■ |
| ना | ता | ■ | शा | ति | र | ■ | दा |
| थ | ■ | मू | ल | ■ | सि | या | सी |
| ■ | श | ल्य | ■ | मु | रा | द | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपके पैसों की स्थिति मजबूत बनी रहेगी। जल्दबाजी में चीजें खरीदने से पूरी तरह बचें। चंद्रदेव आज तुला राशि में जा रहे हैं, जो यह सलाह देते हैं कि कहीं भी पैसा लगाने से पहले किसी जानकार की मदद जरूर लें। आपका कोई रुका हुआ पैसा या पुराना भुगतान आज आगे बढ़ सकता है। आज की गई बचत आने वाले समय में बहुत काम आएगी।

### वृष

आज अपनी आर्थिक योजनाओं को बहुत ध्यान से देखें और जल्दबाजी में कोई वादा न करें। आज शांत मन से लिए गए फैसले आपके हक में रहेंगे। पुराना कोई आर्थिक मामला आज धीरे-धीरे सुलझने की दिशा में बढ़ेगा। अपने धन को मजबूत करने पर ही अपना ध्यान लगाएं। दफ्तर की अड़चनों को दूर करने में आज आपकी समझदारी बहुत काम आएगी।

### कर्क

आज आप अपने पैसों के संतुलन को लेकर ज्यादा गंभीर रहेंगे। आज आप उन जगहों की पहचान कर पाएंगे जहां फालतू खर्च हो रहा है। तुरंत कोई बड़ा खतरा उठाने के बजाय आज सिर्फ बजट बनाने और भविष्य की योजना पर ध्यान दें। दफ्तर में आज आपकी साझेदारी बहुत फायदेमंद साबित होगी। आपका शांत व्यवहार साथियों के साथ चल रहे मतभेदों को दूर कर देगा।

### सिंह

आपका अनुशासित स्वभाव आज धन का सही तालमेल बनाने में मदद करेगा। अपने आगे के समय, इंश्योरेंस और लंबी बचत की योजनाओं को दोबारा देखने के लिए आज का दिन अच्छा है। बड़े लालच सामने आने पर भी कोई फालतू खतरा न उठाएं। आपकी स्थिरता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। नौकरी में आज आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

### मिथुन

आज नए तरह के प्रयोगों में पैसा लगाने से बचें। धन का कोई भी फैसला करने से पहले पूरी खोजबीन कर लें। तकनीक या ऑनलाइन काम से जुड़े लोगों की कमाई में धीरे-धीरे सुधार होगा। दफ्तर में आपके नए विचारों को सराहा जाएगा।

### कन्या

आज आपको पैसों के मामले में नियम से चलना सिखा रहे हैं। बिना वजह कर्ज लेने या फालतू की चीजें खरीदने से पूरी तरह बचें। तुरंत लाभ कमाने के चक्कर में पड़ने के बजाय सही योजना के साथ किया गया निवेश ही आपको सुरक्षित रखेगी। धीरज के साथ की गई मेहनत आज आपको धीरे-धीरे आगे बढ़ाएगी।

### तुला

आज आपकी आर्थिक स्थिति को लंबा लाभ मिलेगा। निवेश और बचत को लेकर आज आपको कोई अच्छी सलाह मिल सकती है। सुख-सुविधा की महंगी चीजों पर फिजूलखर्ची करने से बचें। आज की गई सही प्लानिंग आने वाले समय में बड़ा सहारा बनेगी। नौकरी में आज आपके काम करने का जिम्मेदार तरीका सबको दिखाई देगा।

### वृश्चिक

आज का दिन आराम और रहन-सहन पर पैसा खर्च करने का मन करेगा। अपनी खुशी के लिए खर्च करें, लेकिन बजट के दायरे में रहकर ही चलें। आपके नए विचार धन कमाने का एक जरिया बन सकते हैं, बस थोड़ा धीरज रखें। जोखिम वाले कामों से अभी पूरी तरह दूर रहें। दफ्तर में आपका ऊंचा भरोसा सहकर्मियों और ग्राहकों को प्रभावित करेगा।

### मकर

आज पैसों के मामलों में बहुत धीरज रखने की जरूरत है। बाजार के उतार-चढ़ाव को देखकर तुरंत कोई फैसला न लें। कुछ अचानक खर्चे सामने आ सकते हैं, इसलिए निवेश को लेकर सावधान रहें। अपने पुराने बकाये या देनदारियों को चुकाने पर ध्यान देना आपके लिए अच्छा रहेगा। दफ्तर में आज काम का बोझ थोड़ा ज्यादा रह सकता है, लेकिन आपका पक्का इरादा हर चुनौती को पार कर लेगा।

### कुंभ

आज नए संपर्कों और मित्रों की मदद से धन लाभ के अच्छे मौके मिल सकते हैं। वे आपको पैसों को लेकर सही रास्ता दिखा सकते हैं। बिना पूरी जांच-पड़ताल के कहीं भी पैसा लगाने का वादा न करें। आपकी सही प्लानिंग से आपकी आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। आपका अच्छा व्यवहार दफ्तर में लोगों को प्रेरित करेगा। टीम के साथ जुड़े काम आज बहुत अच्छे से आगे बढ़ेंगे। कोई नया हुनर सीखते रहें।

### धनु

अपने बजट को दोबारा देखने और फालतू के खर्चों को रोकने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। किसी को भी बिना सही कागजात के उधार देने से बचें। आज की गई छोटी बचत आपके भविष्य को सुरक्षित करेगी। आज आपका धीरज ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। काफी समय से अटके हुए आपके प्रोजेक्ट्स में आज कुछ सुधार देखने को मिल सकता है।

### मीन

आज बैंक के कामों, निवेश और ऑनलाइन पैसों के लेन-देन में बहुत ज्यादा सावधान रहें। जब तक बहुत जरूरी न हो, आज कोई बड़ा आर्थिक वादा न करें। अपने कागजातों को दोबारा चेक करने से आप किसी भी बड़ी गलती से बच जाएंगे। दफ्तर में आज काम की रफ्तार आपकी सोच से थोड़ी धीमी रह सकती है, पर अपना भरोसा कम न होने दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले जिम्बाब्वे ने घोषित की टीम, त्सिगा को मौका

**हरारे, एजेंसी।** भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम का एलान कर दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमों के बीच पहला मैच गुरुवार को होगा और इससे एक दिन पहले ही टीम घोषित हुई है। 15 सदस्यीय टीम में पहली बार विकेटकीपर बल्लेबाज तफादजवा त्सिगा को शामिल किया गया है। इसके साथ ही ऑलराउंडर वेस्ली मधेवेरे और पेसर न्यूमैन न्यामहुरी की जिम्बाब्वे टी20 टीम में वापसी हुई है।

ये तीनों खिलाड़ी क्लाइव मडेंडे, टिनोटेंडा मापोसा और ताशिंगा मुसेकिवा की जगह टीम में आए हैं, जो हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेलने वाली टीम का हिस्सा थे। टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 23 जुलाई को खेला जाना है। वहीं, दूसरा मैच 25 जुलाई और अंतिम मैच 26 जुलाई को होगा। सीरीज के सभी मुकाबलों की मेजबानी हरारे का हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान करेगा।

जिम्बाब्वे की ओर से 10 टेस्ट मैच खेल चुके त्सिगा ने अब तक सफेद गेंद की क्रिकेट में अपना डेब्यू नहीं किया है। बांग्लादेश सीरीज के दौरान टेस्ट और वनडे टीम में शामिल रहे मधेवेरे जुलाई 2025 के बाद पहली बार टी20 टीम में लौटे हैं। वह अब तक जिम्बाब्वे की ओर से कुल 79 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। वहीं, न्यामहुरी चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। चोट के चलते वह बांग्लादेश के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। न्यामहुरी की जगह बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लेने वाले तनाका चिवांगा टीम में अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं।




## सिकंदर रजा करेंगे अगुआई

टीम की कमान सिकंदर रजा के हाथों में सौंपी गई है। बांग्लादेश के खिलाफ रजा की अगुआई में जिम्बाब्वे का प्रदर्शन शानदार रहा था। टीम ने एकमात्र टेस्ट और वनडे सीरीज को दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया था। हालांकि, टी20 सीरीज में जरूर जिम्बाब्वे को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। मेजबान टीम के सामने भारत की मुश्किल चुनौती होगी। हालांकि, टीम इंडिया को हाल ही में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा है। भारत और जिम्बाब्वे की आखिरी भिड़ंत टी20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 स्टेज में हुई थी, जहां भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रनों से हराया था।

**भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम:** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, तनाका चिवांगा, बेन करन, ब्रैड इवांस, वेस्ली मधेवेरे, तदीवानाशे मारुमानी (विकेटकीपर), वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजारबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामहुरी, मिल्टन शुम्बा, और तफादजवा त्सिगा (विकेटकीपर)।

# लगातार तीसरा स्वर्ण जीतने पर टिकीं मीराबाई चानू की निगाहें, 48 किलो वर्ग में होगा आखिरी टूर्नामेंट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ग्लासगों में 26 जुलाई को इतिहास रचने उत्तरेंगी। चानू लगातार तीसरे राष्ट्रमंडल खेल में स्वर्ण जीतने उतरेंगी, जो उनका लगातार चौथा पदक होगा। फिर भी उनकी निगाहें राष्ट्रमंडल से ज्यादा एशियाई खेलों पर हैं। बर्मिंघम में तैयारी कर रहीं मीरा ने अमर उजाला को बताया कि किसी भी बड़े खेल से पहले खिलाड़ी की कोशिश उच्चस्तरीय फॉर्म पाने की रहती है, लेकिन वह ग्लासगो में ज्यादा जोर नहीं लगाएंगी। उनकी 200 किलो वजन उठाने की भी कोशिश नहीं रहेगी। वह अपनी पीक 19 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में हासिल करेंगी, जहां उनकी कोशिश अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ (205 किलोग्राम वजन) को पीछे छोड़ने की होगी।

## एशियाड में 49 किलो में खेलेंगी चानू

चानू ग्लासगों में 48 किलो में खेलेंगी, जबकि एशियाड में उन्हें 49 किलो में खेलना है। चानू को मालूम है कि यह 48 किलो में उनका अंतिम टूर्नामेंट है। यह भार अब ओलंपिक से बाहर हो गया है। मीरा ने इस भार में साल 2014 में रजत, 2018 में गोल्डकोस्ट में स्वर्ण और 49 किलो में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। चानू कहती हैं कि वह फुल लोड नहीं लेकर एशियाड के लिए अच्छी तरह रिकवरी करना चाहती हैं।

## चाहकर भी नहीं बन पा रही थीं ध्वजवाहक

चानू पहली बार भारतीय दल की ध्वजवाहक बनने जा रही है। मीरा कहती हैं हैं कि उनका सपना था कि वह किसी खेल के उद्घाटन समारोह में तिरंगा उठाएं। हमेशा उद्घाटन के अगले दिन कंपटीशन रहने के चलते वह चाहकर भी ध्वजवाहक नहीं बन पाती थीं। इस बार कंपटीशन समारोह के बाद है, जिससे उन्हें यह मौका मिल गया। भारतीय टीम के कोच विजय शर्मा के मुताचिक, मीरा के सामने नाइजीरिया की रूथ असोडको और मलयेशिया की इरिन जेन हेनरी की चुनौती हैं। रूथ ने बीते वर्ष भारत में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में 167 किलो से रजत और इरिन ने 161 किलो से कांस्य जीता था। ऐसे में मीरा के सामने यहां बड़ी चुनौती नहीं है।

# कुलदीप ने काउंटी क्लब यॉर्कशायर से किया करार

**लीड्स।** भारतीय टीम के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने बुधवार को इंग्लिश काउंटी क्लब यॉर्कशायर से करार किया है। कुलदीप मौजूदा सीजन में टीम के लिए आठ मुकाबले खेलेंगे। कुलदीप पिछले कुछ समय से भारतीय प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं बन रहे हैं। लेकिन अब वह काउंटी क्रिकेट में खेलेंगे। कुलदीप वनडे कप के पांच मैच खेलने के साथ ही तीन लाल गेंद क्रिकेट के मुकाबले खेलेंगे।

यॉर्कशायर क्लब ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी देते हुए कहा, यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब को भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को विदेशी खिलाड़ी के तौर पर साइन करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। 31 साल के कुलदीप वन डे क' के पांच मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे और इसके बाद सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप के आखिरी चार में से तीन मैचों के लिए हेडिंग्ले लौटेंगे।

## यॉर्कशायर से जुड़ने पर उत्सुक कुलदीप



यॉर्कशायर से जुड़ने पर कुलदीप ने कहा, यॉर्कशायर से जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है और मैं इस मौके के लिए आभारी हूं। यॉर्कशायर के गौरवशाली इतिहास वाले क्लब का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सचमुच सम्मान की बात होगी। मुझे हमेशा से इंग्लिश कंडिशन्स में खेलने की चुनौती पसंद रही है और मैनेजमेंट से बात करने के बाद मैं टीम से जुड़ने के लिए बहुत उत्साहित हो गया हूं।

# अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे कोहली, प्रेमानंद महाराज के किए दर्शन, कीचड़ में नंगे पैर चले

**वृंदावन।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली बुधवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे जहां दोनों ने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली इससे पहले आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद भी प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। मालूम हो कि आरसीबी ने इस सीजन खिताब अपने नाम किया था। 29 जुलाई को गुरू पूर्णिमा है और इससे पहले ही कोहली ने अनुष्का संग प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए हैं।

कोहली और अनुष्का को श्री हित राधा केली कुंज आश्रम में नंगे पैर घूमते हुए देखा गया और उनके इस दौरे के वीडियो तेजी



से सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। ऑनलाइन वायरल हो रहे कई वीडियो में इन दोनों को कड़ी सुरक्षा के बीच आश्रम पहुंचते हुए देखा जा सकता है। अनुष्का और विराट दोनों ने ही फेस मास्क पहनकर अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की। आश्रम से बाहर निकलते समय विराट और अनुष्का ने हाथ में प्रसाद लिया हुआ था और वे कीचड़ भरे रास्तों पर नंगे पैर चल रहे थे।

प्रेमानंद महाराज के दर्शन लिए अनुष्का ने सिंपल सफेद सलवार-सूट पहना, जबकि विराट टी-शर्ट और पैंट में कैजुअल लुक में नजर आए। प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने से पहले, यह दोनों आश्रम परिसर में घूमते हुए दिखे। कोहली और अनुष्का की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।


# दिग्गज शतरंज खिलाड़ी का हंगरी की राष्ट्रपति बनने से इनकार

## 'देश को एकजुट करने की जिम्मेदारी निभाने की ताकत नहीं'



**नई दिल्ली।** शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी जूडिट पोलगार ने हंगरी की अगली राष्ट्रपति बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। यह फैसला उस घोषणा के एक दिन बाद आया, जिसमें देश के प्रधानमंत्री पीटर मैग्यार ने कहा था कि वह पोलगार से मिलकर पूछेंगे कि क्या वह यह जिम्मेदारी स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। पीटर मैग्यार चाहते थे कि नई हंगरी की संविधान व्यवस्था लागू होने तक जूडिट पोलगार इस पद पर बनी रहें। सोमवार को हुई मुलाकात के बाद जूडिट पोलगार ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने पीटर मैग्यार का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। बताया गया कि उनका नामांकन 'हंगरी के सार्वजनिक जीवन की सम्मानित हस्तियों' ने आगे बढ़ाया था।

जूडिट पोलगार ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मुझे नहीं लगता कि मेरे पास एक बंटे हुए देश को एकजुट करने जैसी ऐतिहासिक जिम्मेदारी निभाने की ताकत है, इसलिए मैं इस निमंत्रण को स्वीकार नहीं कर सकती।'' जूडिट पोलगार ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, ''मैं अपनी पूरी क्षमता से ऐसे नए, स्वतंत्र और सम्मानित राष्ट्रपति का समर्थन करूंगी, जो इन लक्ष्यों



को हासिल करने की दिशा में काम करें।'' अगर 50 वर्षीय जूडिट पोलगार इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेतीं तो उन्हें पीटर मैग्यार की टिस्जा पार्टी का सर्वसम्मत समर्थन मिलता। संसद में इस पार्टी के पास दो-तिहाई बहुमत है। साथ ही, वह संभवतः अपने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली दुनिया की एकमात्र महिला शतरंज खिलाड़ी भी बन जातीं।

पीटर मैग्यार ने जूडिट पोलगार के उनके अनुरोध को ठुकराने के फैसले पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी। पीटर मैग्यार ने लिखा, ''मुझे दुख है, लेकिन मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं। हमारे अनुरोध को गंभीरता से लेने के लिए उनका धन्यवाद। उनकी स्पष्टता, बेबाकी और जिस गरिमा के साथ उन्होंने इस पूरे मामले को संभाला, उसके लिए भी मैं उनका आभारी हूं।'' जूडिट पोलगार को शतरंज इतिहास की सबसे महान महिला खिलाड़ी माना जाता है। वह अब तक की एकमात्र महिला हैं, जिन्होंने विश्व शतरंज रैंकिंग के शीर्ष-10 में जगह बनाई। उन्होंने शतरंज इतिहास की सबसे कम उम्र की ग्रैंडमास्टर बनने का बॉबी फिशर का रिकॉर्ड भी तोड़ा था। जूडिट पोलगार ने मुकाबलों में गैरी कास्पारोव और विश्वनाथन आनंद सहित 11 विश्व चैंपियनों को हराया है। वह पांच बार की चेस ओलंपियाड चैंपियन भी हैं और उन्हें हंगेरियन ऑर्डर ऑफ सेंट स्टीफन से सम्मानित किया जा चुका है।

इस साल मार्च में द इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में जूडिट पोलगार ने कहा था कि अगली जूडिट पोलगार भारत से आ सकती हैं। जूडिट पोलगार की बहनें सुसान और सोफिया भी शीर्ष स्तर की शतरंज खिलाड़ी रही हैं।

WWE के सबसे बड़े मेगा इवेंट का ऐलान

# ब्रॉक लैसनर बनाम ओबा फेमी से रोमन रेंस बनाम सैथ रॉलिंस तक

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। WWE के सबसे बड़े मेगा इवेंट में से एक समरस्लैम 2026 को लेकर सुर्खियां तेज हैं। इस इवेंट के मैच कार्ड भी लगभग तय हो चुके हैं। कई मुकाबलों का ऐलान हो चुका है, जिसमें ब्रॉक लैसनर की भिड़ंत ओबा फेमी और रोमन रेंस की भिड़ंत सैथ रॉलिंस से तय है। इस मेगा इवेंट का आयोजन अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के शहर मिनियापोलिस में होगा। समरस्लैम के छह बड़े मैचों का कार्ड फाइनल हो चुका है।

वहीं फैंस बिल्कुल ही इन सभी मैचों के शेड्यूल, समय, वेन्यू और तारीखों की जानकारी चाहते होंगे। वैसे तो इस मेगा इवेंट का आयोजन दो दिन होगा। 1 अगस्त और 2 अगस्त 2026 की रात में समरस्लैम के मुकाबले होंगे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होने वाला है ब्रॉक लैसनर और ओबा फेमी का हेल इन ए सेल मैच, जिसमें दोनों रेसलर पिंजड़े में भिड़ते नजर आएंगे।

ब्रॉक लैसनर और ओबा फेमी के बीच विवाद रेसलमेनिया 2026 के पहले से चल रहा है। रेसलमेनिया में लैसनर को हार मिली थी। फिर क्लैश इन इटली में उन्होंने बदला लिया था। इसके बाद भी विवाद नहीं थमा और अब समरस्लैम में दोनों रेसलर्स आमने-सामने होंगे।

## कब और कहां आयोजित होंगे समरस्लैम 2026 के मैच?

समरस्लैम 2026 के मुकाबले 1 और 2 अगस्त को मिनियापोलिस स्थित यूएस बैंक स्टेडियम में आयोजित होंगे। इस इवेंट की शुरुआत दोनों दिन (1 और 2 अगस्त को) ब्रिटिश समय के मुताबिक रात 11 बजे से होगी। यानी भारत में फैंस शाम 6.30 बजे से WWE समरस्लैम का लुत्फ उठा सकते हैं। सोनी टेन भारत में इसका ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर होगा।

# इंग्लैंड में नहीं चला बल्ला, जिम्बाब्वे के खिलाफ दम दिखाने के लिए तैयार वैभव, आत्मविश्वास बरकरार

**हरारे।** भारतीय बल्लेबाजी के उभरते युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी ने स्वीकार किया है कि पिछले चार महीनों में उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। हालांकि, जिम्बाब्वे के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टी20 सीरीज से पहले वैभव का आत्मविश्वास पूरी तरह से बरकरार है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज होनी है जिसका पहला मैच गुरुवार को हरारे में खेला जाएगा।

15 वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत के आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे की टी20 टीम में जगह बनाई थी। बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में दूसरे टी20 में उन्होंने अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। इसके साथ ही वह सचिन तेंदुलकर के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़कर भारत के लिए डेब्यू करने वाले सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन गए।इसके बाद वैभव ने अगले तीन मैच खेले, लेकिन वह केवल मामूली स्कोर ही बना सके। पांचवें और अंतिम टी20 में संजू सैमसन की वापसी के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया। भारत यह सीरीज 0-4 से हार गया। महज तीन पारियों के बाद युवा सलामी बल्लेबाज को बाहर करने के टीम प्रबंधन के फैसले पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाए और आलोचना की। अंतिम मैच से बाहर किए जाने के बाद यह युवा खिलाड़ी भावुक नजर आया था। कम उम्र में ऐसी निराशाओं का सामना करने पर सूर्यवंशी ने बताया कि आसपास के लोगों से मिले समर्थन ने उन्हें आगे बढ़ने और ध्यान केंद्रित करने में मदद की।

सूर्यवंशी ने बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा, हां, पिछले चार महीनों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। यह क्रिकेट का हिस्सा है और ऐसा होता रहेगा। लेकिन मुझे प्रक्रिया का पालन करना है और टीम के लिए अपना 100 प्रतिशत देना है। यह एक स्वाभाविक बात है कि मुझे जिस मार्गदर्शन या अभ्यास की आवश्यकता है, कोच मुझे वह उपलब्ध करा रहे हैं। बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और आत्मविश्वास भी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## न्यूज बाइट्स

### बलिया और सूही पैक्स का चुनाव 11 अगस्त को

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** कुटुंबा प्रखंड के बलिया एवं सूही पैक्स के स्थगित चुनाव को लेकर बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने नई अधिसूचना जारी कर दी है। मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी की शिकायत के कारण पूर्व में स्थगित किए गए चुनाव अब संशोधित मतदाता सूची के आधार पर कराए जाएंगे। नई अधिसूचना जारी होने के बाद दोनों पैक्स क्षेत्रों में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन प्राधिकार द्वारा 21 जुलाई को जारी अधिसूचना के अनुसार चुनाव कार्यक्रम को पुनः लागू कर दिया गया है। इससे पहले 30 दिसंबर 2025 को चुनाव की घोषणा की गई थी, लेकिन मतदाता सूची को लेकर प्राप्त शिकायतों और जांच के बाद 5 फरवरी 2026 को चुनाव स्थगित कर दिया गया था। अब सभी आपत्तियों के निष्पादन और संशोधित मतदाता सूची तैयार होने के बाद चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 जुलाई 2026 को संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन चुनाव कार्यक्रम का भी औपचारिक प्रकाशन होगा। आवश्यकता पड़ने पर 11 अगस्त 2026 को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने पूरी चुनाव प्रक्रिया 13 अगस्त 2026 तक हर हाल में पूरी करने का निर्देश दिया है।

### मानव तस्करी व बाल श्रम के खिलाफ पुलिस का जागरूकता अभियान

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद। बिहार पुलिस द्वारा 25 जुलाई तक मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष जन-जागरूकता अभियान के तहत रविवार को औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत उपहारा, कंचनपुर एवं नवीनगर थाना की पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों के बीच पहुंचकर मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी के दुष्परिणामों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या बाल तस्करी की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# दाउदनगर अनुमंडलीय अस्पताल में डायलिसिस यूनिट की हुई शुरुआत



**निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

सीएम सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना सिटी के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दाउदनगर अनुमंडलीय अस्पताल में नए डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे। करीब 35 लाख रूपए की लागत से पीपी मॉडल पर अपोलो डायग्नोस्टिक के सहयोग से बनी इस यूनिट से अब दाउदनगर सहित आसपास के किडनी मरीजों को डायलिसिस के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सीएम के उद्घाटन के बाद औरंगाबाद डीएम अभिलाषा शर्मा ने फीता काटकर विधिवत इसका उद्घाटन किया और अस्पताल में पूरी व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीओ अमित राजन, सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा प्रसाद, डीपीएम अनवर आलम सहित अन्य अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। इस दौरान डीएम ने मॉड्यूलर ओटी और ओपीडी में कई विसंगतियां देखी, जिसके बाद वह भड़क गईं। उन्होंने चिकित्सकों का रोस्टर नहीं लगे होने पर ऐतराज जताया और सिविल सर्जन से जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया। डीएम ने पोस्टमार्टम हाउस के लिए जमीन चयन, हाई मास्ट लाइट, सड़क और अन्य सुविधाएं एक महीने के भीतर पूरी करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मौके पर दीपक पटेल, श्याम पाठक, प्रशांत तांती प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का डीएम ने किया निरीक्षण



**निज सं. | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर में सीएसआर मद से निर्माणाधीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (मॉड्यूलर ओटी) का बुधवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित तकनीकी मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसी को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों के पूर्ण अनुपालन तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के शुरू होने से अनुमंडलीय अस्पताल में शल्य चिकित्सा सेवाएं और अधिक आधुनिक एवं सशक्त होंगी। इससे दाउदनगर अनुमंडल सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार उपलब्ध होगा तथा गंभीर मामलों में उन्हें अन्य शहरों के अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने निर्माण कार्य के प्रत्येक पहलू की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य जिले के लोगों को उनके अपने क्षेत्र में सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# खड़े ट्रेलर से टकराई तेज रफ्तार कार, नवजात समेत पांच घायल





**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक भीषण सड़क हादसे में नवजात शिशु समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल दिल्ली से नवजात का इलाज कराकर अपने घर लौट रहे थे। हादसा नगमतिया मोड़ के समीप उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक को अचानक झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे खड़े ट्रेलर के पिछले हिस्से से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मदनपुर थाना पुलिस एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मदनपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान रिशु राज (पुत्र विनय कुमार सिंह, हुलासगंज, नवादा), तेशमणी देवी (पत्नी जितेंद्र सिंह, डिहरी नवादा), विनय शर्मा (पुत्र स्व. रामाशिष शर्मा, हुलासगंज, नवादा), रोहित कुमार सिंह (पुत्र जितेंद्र सिंह, डिहरी नवादा) तथा एक नवजात शिशु के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि जन्म के बाद नवजात की तबीयत खराब हो गई थी। स्थानीय चिकित्सकों की सलाह पर उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था। उपचार के बाद पूरा परिवार कार से वापस अपने घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया। मदनपुर थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को आई झपकी माना जा रहा है।

## सिविल सर्जन से मारपीट के विरोध में गोह पीएचसी की ओपीडी तीन घंटे रही बंद

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** अरवल सदर अस्पताल में सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में सोमवार को गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के चिकित्सकों ने तीन घंटे के लिए ओपीडी सेवा बंद रखी। इसके कारण इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ओपीडी सेवा बंद रहने से शंकरडीह गांव की सरिता कुमारी, कोसडीहरा की काजल कुमारी, पंचायन बिगहा की प्रियंका कुमारी, प्राणपुर की शबाना खातून, मोगलाही गांव की शारदा कुमारी सहित कई मरीज बिना इलाज के अस्पताल परिसर में इंतजार करते रहे। बाद में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिव शंकर कुमार के निर्देश पर ओपीडी सेवा पुनः शुरू कर दी गई, जिसके बाद मरीजों का इलाज किया गया। चिकित्सकों ने अरवल की घटना की कड़ी निंदा करते हुए अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मानवबल की व्यवस्था करने की मांग की।

## टीबी उन्मूलन अभियान में औरंगाबाद बना बिहार में नंबर-1

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत औरंगाबाद जिले ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय बताया गया। टीबी उन्मूलन अभियान के विभिन्न मानकों पर औरंगाबाद ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि डिफरेंशियल टीबी पेशेंट असेसमेंट तथा एलएफटी (लिवर फंक्शन टेस्ट) एवं केएफटी (किडनी फंक्शन टेस्ट) की जांच सुनिश्चित करने में औरंगाबाद ने राज्य में सर्वोच्च प्रदर्शन किया है। जिले ने निर्धारित 138 लक्षित मरीजों के विरुद्ध 134 मरीजों का सफल डिफरेंशियल टीबी पेशेंट असेसमेंट कर 97 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की, जो पूरे बिहार में सबसे बेहतर रही। मुख्य सचिव ने मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, नियमित एलएफटी-केएफटी जांच सुनिश्चित करने तथा लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली के लिए औरंगाबाद की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिले का कार्यान्वयन मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस सफलता का श्रेय जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के सतत मार्गदर्शन तथा स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सकों, लैब तकनीशियनों, आशा कार्यकर्ताओं और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पित प्रयासों को दिया गया। जिला प्रशासन ने कहा कि औरंगाबाद टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से बदलेगी पूर्वी भारत की तस्वीर, औरंगाबाद में 25% निर्माण पूरा

- राज्य के जिला अस्पतालों में 105 नए आईसीयू बेड, 70 आईएमसीयू बेड और 24×7 आपातकालीन सेवाओं का लोकार्पण।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत बन रहा वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड सिक्स लेन एक्सप्रेसवे पूर्वी भारत की सड़क संपर्क व्यवस्था को नई दिशा देने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। लगभग 610 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे का निर्माण करीब 3,500 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह मार्ग उत्तर प्रदेश के वाराणसी से शुरू होकर बिहार के कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद एवं गया जिलों से होते हुए झारखंड के रास्ते पश्चिम बंगाल के हावड़ा (उलुबेरिया) तक पहुंचेगा। औरंगाबाद जिले में परियोजना का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। निर्माण एजेंसी पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के अनुसार जिले में अब तक करीब 25 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जहां भूमि उपलब्ध है, वहां तेजी से निर्माण किया जा रहा है और परियोजना को वर्ष 2026 से 2028 के बीच विभिन्न चरणों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण के दौरान आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

कंपनी के अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की अनुशंसाओं के आधार पर औरंगाबाद जिले में दो अतिरिक्त अंडरपास भी बनाए जा रहे हैं, जिससे परियोजना की उपयोगिता और बढ़ेगी। हालांकि, कुछ स्थानों पर भारी बारिश और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लंबित होने के कारण इंटरचेंज निर्माण प्रभावित हुआ है, लेकिन प्रशासन के सहयोग से इन बाधाओं के शीघ्र दूर होने की उम्मीद है। एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद वाराणसी से कोलकाता तक की यात्रा पहले की तुलना में काफी कम समय में पूरी हो सकेगी। इससे माल परिवहन की गति बढ़ेगी, ईंधन और समय की बचत होगी तथा परिवहन लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही पूर्वी भारत में उद्योग, व्यापार, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और निवेश को नई गति मिलेगी।

औरंगाबाद जिले के लिए यह परियोजना विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिले में स्थित एनटीपीसी की बड़ी विद्युत परियोजनाओं तक मशीनरी, कच्चे माल और अन्य संसाधनों की आवाजाही आसान होगी। इसके अलावा स्थानीय कृषि उत्पादों, लघु उद्योगों और व्यापारियों को राष्ट्रीय बाजारों तक तेज और बेहतर संपर्क उपलब्ध होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि पूर्वी भारत के आर्थिक विकास का नया कॉरिडोर साबित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल के बीच आर्थिक गतिविधियों को नई रफ्तार मिलेगी।

## एसपी ने की लंबित मामलों की समीक्षा

औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों (एसडीपीओ), पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) एवं सर्किल इंस्पेक्टरों (सीआई) के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित कांडों एवं विभिन्न पुलिस कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में 300 दिनों से अधिक समय से लंबित कांडों, हत्या के मामलों, उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम से संबंधित मामलों, स्पीडी ट्रायल, सम्मन एवं वारंट के निष्पादन, मई एवं जून माह के लंबित अंतिम प्रपत्रों, थानावार गिरफ्तारियों, मालखाना के भौतिक सत्यापन तथा एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) भेजे जाने वाले लंबित नमूनों की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने, अनुसंधान में तेजी लाने, वारंटों का समयबद्ध निष्पादन करने तथा स्पीडी ट्रायल वाले मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही मालखाना के रखरखाव, साक्ष्यों के सुरक्षित संरक्षण एवं एफएसएल जांच के लिए लंबित नमूनों को जल्द भेजने पर विशेष जोर दिया।

## हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार




**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**

हसपुरा थाना पुलिस ने 16 जुलाई को कोइलवां स्थित बलखंडीनाथ मंदिर के पास हुए चर्चित गोविंद महतो हत्याकांड के मुख्य आरोपी युगल किशोर सिंह उर्फ युगल महतो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और लगातार छापेमारी के बाद बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, बंगाली बिगहा निवासी गोविंद महतो 16 जुलाई को कोइलवां बाजार से सब्जी बेचकर मोपेड से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोइलवां गांव के बाहर बलखंडीनाथ मंदिर के समीप पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनकी गर्दन को चीरते हुए आर-पार निकल गई। गंभीर रूप से घायल गोविंद को पहले हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृत्यु से पूर्व गोविंद महतो ने अपने बयान में गांव के ही युगल महतो पर गोली चलाने का आरोप लगाया था। इसके बाद मृतक की पत्नी लीलावती देवी ने हसपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए युगल महतो को नामजद आरोपी बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब आठ वर्ष पूर्व युगल महतो के बेटे ने उनकी बेटी से प्रेम विवाह किया था, जिसकी रंजिश में उनके पति की हत्या की गई।

प्राथमिकी में युगल महतो के भाई अमित कुमार तथा भतीजों अमित और अमन को भी घटना में शामिल बताया गया था। पुलिस इससे पहले अमित और अमन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी युगल महतो फरार था।

## ऑक्सीजन की कमी से मौत के दावे को सिविल सर्जन ने बताया भ्रामक, बोले- सदर अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच, सभी आवश्यक साक्ष्य सुरक्षित रखे गए।
- 17 जुलाई को बटाने पुल के पास सड़क हादसे में दो किशोरों की इलाज के दौरान हुई थी मौत।
- घटना के बाद ऑक्सीजन की कमी का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ था वायरल।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद सदर अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी के कारण मरीजों की मौत होने के वायरल दावे को सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा कुमार ने पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी मरीज को ऑक्सीजन के अभाव में कोई परेशानी नहीं होने दी जाती। उन्होंने आम लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास नहीं करने की अपील की। सिविल सर्जन ने बुधवार को कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की जांच अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर की गई है। मामले से जुड़े सभी आवश्यक साक्ष्य सुरक्षित रखे गए हैं और अस्पताल प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को शहर के कामा बिगहा स्थित बटाने पुल के पास हुए सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां अभय कुमार (17) और लकी कुमार (17) की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद कुछ लोगों ने अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसी मामले को लेकर औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा का भी एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अस्पताल की व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन से नाराजगी जताते दिखाई दिए। सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा कुमार ने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, चिकित्सक एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अफवाहें स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास कमजोर करती हैं, इसलिए किसी भी जानकारी को साझा करने या उस पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य करें। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के अधिकृत स्रोतों से ही प्रमाणिक जानकारी प्राप्त करने की अपील की।

# केंद्र सरकार के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन औरंगाबाद में प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी विरोध कार्यक्रम के तहत बुधवार को औरंगाबाद में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कथित हमले और विपक्ष की आवाज दबाने जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन की शुरुआत समाहरणालय मुख्य द्वार के समीप स्थित अनुग्रह स्मारक परिसर से हुई। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और जुलूस की शक्ल में शहर के रमेश चौक पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए आनंद शंकर सिंह ने आरोप लगाया कि देश में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना दे रहे राहुल गांधी को हटाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और केंद्र सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर पूरे देश में आंदोलन चला रही है और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव तथा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है और जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील नहीं है। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, उदय पासवान, कुटुंब प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, नवीनगर प्रखंड अध्यक्ष विनायक कुमार सिंह, बारुण प्रखंड अध्यक्ष ज्ञानती देवी, नागेंद्र सिंह, अनुज सिंह, नीरज सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, भीम सिंह चौहान, सूरज राय, मजहर अकबर, देव प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह, मनीष सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## कादरी इंटर स्कूल का प्रभार मो. आबिद हुसैन शम्स के जिम्मे

- सम्भाला प्रभारी एचएम का प्रभार

**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**



राजकीय कादरी इंटर स्कूल का प्रभार अब मो. आबिद हुसैन शम्स के जिम्मे होगा। बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर यहां बदलाव हुआ है। स्कूल के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने अपनी निजी समस्याओं एवं अस्वस्थता का हवाला देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी, औरंगाबाद को आवेदन देकर विद्यालय के प्रभार से मुक्त किए जाने तथा किसी वरीय शिक्षक को प्रभार सौंपने का अनुरोध किया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में विद्यालय के वरीय शिक्षक मो. आबिद हुसैन शम्स ने नए प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में विधिवत विद्यालय का प्रभार ग्रहण किया। मौके पर मौजूद पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने मो. आबिद हुसैन शम्स को माला पहनाया और स्कूल का दायित्व सौंपते हुए उन्हें पद की शुभकामनाएं दीं। कहा कि नए प्रभारी के नेतृत्व में यह स्कूल शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मियों ने नए प्रभारी का स्वागत किया।

## सीओ को विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने किया सम्मानित



**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

दाउदनगर सीओ सतीश कुमार सिंह का स्वागत और सम्मान किए जाने का सिलसिला जारी है। बुधवार को प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थान विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स की ओर से सीओ को उनके कार्यालय में सम्मानित किया गया। मौके पर बीडीओ मो. जफर इमाम मौजूद रहे। स्कूल के मैनेजर सुनील कुमार और लवकेश कुमार ने सीओ को मोमेंटो से सम्मानित किया। मैनेजर ने अपने एक बयान में कहा कि सीओ की कार्यशैली और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। उम्मीद है, उनके नेतृत्व में अंचल क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। सीओ श्री सिंह ने विद्यालय परिवार का आभार जताया।

## नगर पंचायत के सहयोग शिविर में 60 से अधिक आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बुधवार को आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पांच दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष आरती देवी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना था। शिविर में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित मामलों के अलावा शहर की विभिन्न नागरिक समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

उन्होंने बताया कि अधिकांश मामलों का तत्काल समाधान कर दिया गया, जबकि शेष लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। शिविर के दौरान कई लाभार्थियों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। नगर पंचायत की इस पहल से लाभान्वित लोगों ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविरों से आम लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलती है।